संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 18 मई 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 134 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए।

# अब तक सीएम उम्मीदवार से नहीं उठा पर्दा

## कर्नाटक के चुनावी रिजल्ट सामने आए 4 दिन बीत गए, लेकिन ग्रैंड ओल्ड पार्टी अभी तक जनता को मुख्यमंत्री नहीं दे पाई

**सीएम का इंतजार**

● आगे कहा कि फैसला आज हो या कल हो, आप लोगों को बताया जाएगा... अगले 48 से 72 घंटे के बीच कर्नाटक में नई कैबिनेट होगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/ बेंगलुरू**
कर्नाटक के चुनावी परिणाम सामने आए 4 दिन बीत गए, लेकिन ग्रैंड ओल्ड पार्टी अभी तक जनता को मुख्यमंत्री नहीं दे पाई। पार्टी के भीतर दो नेताओं को लेकर विचार-विमर्थ चल रहा है और लगातार यह कहा जा रहा है कि अगले 48 घंटे से 72 घंटे के बीच प्रदेश में नई कैबिनेट होगी। कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने दावा किया



भाजपा द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अब तक मुख्यमंत्री को लेकर कोई फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि फैसला आज हो या कल हो, आप लोगों को बताया जाएगा... अगले 48 से 72 घंटे के बीच कर्नाटक में नई कैबिनेट होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और प्रदेशाध्यक्ष डीके शिवकुमार ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से अलग-अलग मुलाकात की। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पर राहुल गांधी से दोनों नेताओं की मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है, क्योंकि सिद्धारमैया ने करीब आधे घंटे तक, जबकि शिवकुमार ने एक घंटे से अधिक समय तक राहुल गांधी के साथ बातचीत की। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद शिवकुमार ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। दरअसल, खरगे के आवास पर ही शिवकुमार ने बातचीत की। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री पद को लेकर खरगे के साथ अपनी दाबेदारी को मजबूती से पेश किया।

### सिद्धारमैया और शिवकुमार दोनों ही मुख्यमंत्री की रेस में चल रहे...

**सिद्धारमैया** और शिवकुमार दोनों ही मुख्यमंत्री की रेस में चल रहे हैं। हालांकि, सिद्धारमैया का पलड़ा भारी है, क्योंकि उनके समर्थन में ज्यादा विधायक हैं और उन्हें उथल-पुथल से भरे राज्य में सफलतापूर्वक कार्यकाल पूरा करने का अनुभव भी है। हालांकि, अगला मुख्यमंत्री कौन? अभी यह तय नहीं हो पाया है, लेकिन चर्चा अपने अंतिम दौर पर है। कुछ रिपोर्ट्स में सिद्धारमैया के नाम पर मुहर लग गई है। सिद्धारमैया के गांव में सिद्धारमनाहुंडी में जश्न का महौल है। ऐसा ही कुछ नजारा सिद्धारमैया के बेंगलुरू स्थित सरकारी आवास के बाहर भी दिखाई दिया, जहां पर उनके समर्थकों खुशियां मना रहे हैं और सिद्धारमैया की शान में नारेबाजी कर रहे हैं।

मल्लिकार्जुन खरगे ने पर्यवेक्षकों को नवनिर्वाचित विधायकों का मन टटोलने की जिम्मेदारी सौंपी थी। ऐसे में पर्यवेक्षकों ने विधायकों से बात करने के लिए एक रिपोर्ट तैयार की, जिसे खरगे को सौंपा जा चुका है। भले ही कांग्रेस ने अभी तक मुख्यमंत्री का चयन नहीं किया हो, लेकिन बेंगलुरू में श्री कांतीरावा स्टेडियम में नये मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरो-शोरो पर चल रही हैं। आपको बता दें कि यह वही स्थान है जहां पर सिद्धारमैया ने साल 2013 में पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

## पाक से आए हिंदुओं के घरों पर चला बुलडोजर



**टीम एक्शन इंडिया/जैसलमेर**
**राजस्थान** के जैसलमेर में जिला कलेक्टर टीना डाबी के आदेश के बाद यूआईटी सहायक अभियंता की अगुवाई में पाकिस्तान से आए विस्थापित हिंदुओं के आशियाने पर बुलडोजर चलाया गया है। इसके बाद से ही क्क्षर अफसर टीना डाबी की आलोचना हो रही है। उनके आदेश के बाद जैसलमेर में घरों को ढहा दिया गया है।
बच्चों समेत 150 से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं। अब वे सब खुले आसमान के नीचे तपती धूप में रहने को मजबूर हैं। इससे पहले भी पाकिस्तान में अत्याचारों और प्रताड़ना से परेशान होकर भारत आए पाक विस्थापित हिंदुओं के आशियाने पर भी कुछ दिन पहले जोधपुर में बुलडोजर चलाया गया था।

## देश में 10 राज्यों को गर्मी से मिलेगी राहत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** के उत्तर पर्वतीय क्षेत्रों में एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो गया है। जिसके चलते आने वाले दिनों में हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। वहीं गुजरात, राजस्थान, त्रिपुरा, मिजोरम, नागालैंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड में हल्की बारिश हो सकती है। केरल और तमिलनाडु में भी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले एक हफ्ते यानी 18 से 24 मई के बीच मौसम के तेजी से बदलने की भविष्यवाणी की है। तापमान में गिरावट आएगी। जिससे गर्मी से राहत मिल सकती है। वहीं हिमाचल प्रदेश में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वोत्तर भारत में बारिश सामान्य से अधिक रहने की संभावना है और दक्षिण और पूर्वी भारत में बारिश सामान्य से नीचे रहेगी।

## एसटी का दर्जा पाने के लिए कुर्मी जाति का आंदोलन



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**मणिपुर** में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने के ऐलान से भड़की हिंसा थम नहीं रही है। इस बीच, पश्चिम बंगाल में कुर्मी समाज खुद को एसटी का दर्जा दिए जाने की मांग के समर्थन में आंदोलन कर रहा है। इस साल होने वाले पंचायत चुनाव से पहले राज्य के झारखंड से सटे इलाको में कुर्मी समाज का आंदोलन ममता बनर्जी सरकार के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। एसटी में शामिल करने की मांग को लेकर बीते महीने राज्य के जंगलमहल के नाम से विख्यात बांकुड़ा, पुरुलिया और पश्चिमी मेदिनीपुर जिलों में हुए विरोध-प्रदर्शन में करीब 5 दिनों तक रेलवे और सड़क यातायात ठप रहा था।

## आईटी सेक्टर के लिए पीएलआई स्कीम को मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर कैबिनेट की मुहर लगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बैठक की जानकारी दी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में 42 कंपनियों ने पहले साल में 900 करोड़ रुपए का निवेश करना था उसकी जगह 1600 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के क्षेत्र में इस साल 100 बिलियन डॉलर का उत्पादन इस वर्ष देश में हुआ है। इसके साथ ही पिछले साल 11 बिलियन डॉलर के मोबाइल का रिकॉर्ड निर्यात किया गया।

## 'हरियाणा सरकार भी नागरिकों के कल्याण एवं प्रगति के लिए कर रही कार्य'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार नागरिकों के कल्याण एवं प्रगति के लिए कार्य कर रही है उसी प्रकार हरियाणा सरकार भी हर वर्ग के कल्याण हेतु केंद्र व राज्य की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर रही है।
उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र, चिरायु हरियाणा, आयुष्मान भारत, बुढ़ापा पेंशन योजना, मेरा पानी मेरी विरासत, मेरी फसल मेरा ब्योरा आदि योजनाओं से हर वर्ग के लोगों को लाभ पहुंच रहा है। प्रदेश में मेरिट के आधार पर नौकरियां प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री आज यमुनानगर में आयोजित एक कार्यक्रम में कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर यमुनानगर में आयोजित एक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।

## यूपी में स्थापित होगा फार्मास्युटिकल इंस्टीट्यूट

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में फार्मस्युटिकल सेक्टर के विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने फार्मा सेक्टर में शोध-अनुसंधान को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए प्रदेश में एक नवीन संस्थान की स्थापना के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि फार्मा मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों की संख्या में उत्तर प्रदेश देश का छठवां सबसे बड़ा राज्य है, अब हमारा लक्ष्य देश में अग्रणी राज्य बनने का है। इसी प्रकार देश में फार्मा मैन्युफैक्चरिंग में अभी हमारा योगदान 2 प्रतिशत का है



जिसे 10-12 प्रतिशत तक पहुंचाने की आवश्यकता है।
फार्मास्युटिकल सेक्टर में विकास बड़ी संभावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश को इन संभावनाओं का लाभ उठाना चाहिए। दवा निर्माण के साथ-साथ हमें शोध-अनुसंधान पर भी फोकस करना होगा।
उन्होंने कहा कि प्रदेश में आईआईटीआर, सीडीआरआई, सीमैप और एनबीआरआई जैसे उच्चस्तरीय शोध संस्थान क्रियाशील हैं। जबकि एसजीपीजीआई, केजीएमयू जैसे अकादमिक संस्थान भी हैं। नियोजित प्रयासों से बीते कुछ वर्षों में लखनऊ बायोफार्मा हब के रूप में उभर कर आया है।

## चारधाम यात्रा में जीरो डिग्री में भीग रहे भक्त



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**अगर आप** चारधाम यात्रा पर जाने की सोच रहे हैं या आपका कोई करीबी या फिर जानने वाला इस यात्रा पर है, तो यह खबर जरूर पढ़िए।
22 अप्रैल को शुरू हुई चारधाम यात्रा को 25 दिन हो चुके हैं। अब तक 8 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं और 29.5 लाख रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। खराब मौसम के कारण तीर्थयात्रियों को जगह-जगह रोका जा रहा है। इससे यात्रा के शेड्यूल के साथ बजट भी गड़बड़ा रहा है। चारों धामों की यात्रा की प्लानिंग करके आने वाले कई श्रद्धालुओं को मजबूरी में दो-तीन धाम की यात्रा करके ही लौटना पड़ रहा है। यहां टोकन सिस्टम बनाया गया है। दावा था कि इससे लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। लेकिन लचर यात्रा प्रबंधन के कारण यह दावा हवाई साबित हुआ।

## धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी रिपोर्ट पक्षपाती: भारत



**टीम एक्शन इंडिया/ वॉशिंगटन/नई दिल्ली**
**भारत** ने अमेरिका की अंतरराष्ट्रिय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट 2022 को खारिज कर दिया है। भारत ने कहा कि अमेरिका की रिपोर्ट गलत जानकारी पर आधारित है।
दुनियाभर में धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय की 2022 की रिपोर्ट अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 15 मई को जारी की थी। रिपोर्ट में कहा गया- भारत, चीन, रूस, सऊदी अरब जैसे देशों में अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ रहे हैं। इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने जवाब दिया। जवाब में कहा- यह रिपोर्ट अमेरिकी अधिकारियों की बेबुनियाद जानकारी पर आधारित है। कुछ अमेरिकी अधिकारियों की ये पक्षपाती टिप्पणियां ऐसी रिपोर्ट्स की विश्वसनीयता को कम करने का काम कर रही हैं। भारत में राज्य सरकारें अल्पसंख्यकों खासतौर पर मुसलमानों के खिलाफ मनमानी करती हैं।
कई राज्यों में पुलिस ने ईसाई धर्म के लोगों को ये कहते हुए गिरफ्तार किया कि वो हिंदुओं का धर्म परिवर्तित कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया-आवास, अल्पसंख्यक मुद्दों और धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूतों ने जून 2022 में मध्य प्रदेश के खरगोन में हुई हिंसा पर चिंता व्यक्त की थी।
उन्होंने कहा था- राज्य सरकार ने मनमाने ढंग से मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर कार्रवाई की थी। उनके घर तोड़े थे। दरअसल, पिछले साल खरगोन में रामनवमी के जूलूस के दौरान पथराव हुआ था।

## उत्तराखंड का तुंगनाथ मंदिर 6 डिग्री, मूर्तियां 10 डिग्री झुकीं

**टीम एक्शन इंडिया/रुद्रप्रयाग**
**उत्तराखंड** के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित तुंगनाथ शिव मंदिर का स्ट्रक्चर धीरे-धीरे झुकता जा रहा है। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (अरक) के अनुसार मंदिर के स्ट्रक्चर में 6 डिग्री जबकि इसकी मूर्तियों में 10 डिग्री का झुकाव आया है। 12 हजार 800 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह मंदिर दुनिया का सबसे ऊंचाई पर बना शिव मंदिर है। मंदिर के झुकने को लेकर एएसआई ने केंद्र सरकार को जानकारी दे दी है। सरकार को सुझाव दिया गया है कि इस स्मारक को संरक्षित घोषित किया जाए। इस सुझाव के बाद तुंगनाथ मंदिर को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा देते हुए संरक्षित घोषित किए जाने की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। अब एएसआई मंदिर के झुकने की वजह तलाश रही है। एएसआई के अधिकारी फिलहाल जमीन के खिसकने या धंसने को ही मंदिर के झुकाव का कारण मान रहे हैं। एएसआई के अधिकारी फिलहाल जमीन के खिसकने या धंसने को ही मंदिर के झुकाव का कारण मान रहे हैं।
**मंदिर को रिपेयर करने के पक्ष में प्रबंधनः** रिपोर्ट्स के अनुसार, बद्री केदार मंदिर समिति की बैठक में मंदिर के इस मुद्दे को उठाया गया।
समिति इस मंदिर को सही कराने के पक्ष में है। प्रबंधन मंदिर को रिपेयर करने के लिए अरककी मदद को तैयार है लेकिन वह पूरी तरह से मंदिर आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को सौंपने को तैयार नहीं है।



### मंदिर गिरने का खतरा, एक्सपर्ट्स की सलाह लेंगे

**एएसआई के** सर्वे में तुंगनाथ शिव मंदिर के स्ट्रक्चर में 6 डिग्री जबकि परिसर के अंदर बने छोटे-छोटे स्ट्रक्चर और मूर्तियों में 10 डिग्री का झुकाव देखने को मिला है। एएसआई के अधिकारियों का कहना है कि मंदिर गिर भी सकता है। एएसआई के सुपरिटेंडेंट मनोज कुमार सक्सेना ने बताया कि वह मंदिर के झुकाव की वजह जानने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद संभव हुआ तो मंदिर को रिपेयर करने की कोशिश करेंगे। मंदिर की नींव के पत्थर बदलने के लिए एक्सपर्ट्स की सलाह ली जाएगी। इसके अलावा मंदिर की गहराई से जांच के बाद एक विस्तृत कार्य कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। एएसआई के अधिकारी फिलहाल जमीन के खिसकने या धंसने को ही मंदिर के झुकाव का कारण मान रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक्सपर्ट्स से सलाह के बाद क्षतिग्रस्त नींव के पत्थरों को बदला जाएगा।

## सत्यपाल मलिक के करीबियों पर रेड

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दोनों** स्कैम उस वक्त का है, जब मलिक 23 अगस्त 2018 से लेकर 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। जम्मू-कश्मीर के इंश्योरेंस और किरू हाइड्रो प्रोजेक्ट स्कैम से जुड़े केस में सीबीआई ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और राजस्थान में 12 ठिकानों पर छापेमारी की। तलाशी सत्यपाल मलिक के मीडिया सलाहकार रहे सुनक बाली के घर भी हुई। मलिक ने इस पर कहा- यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सीबीआई इस मामले में



शिकायतकर्ता को परेशान कर रही है। सुनक बिना किसी सरकारी वेतन के जम्मू-कश्मीर में मेरे सेक्रेटरी थे। ये मामला तब सामने आया था जब सत्यपाल मलिक 23 अगस्त 2018 से लेकर 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। मलिक ने खुद इस मामले की शिकायत की थी।
उन्होंने कहा था कि फाइलों को मंजूरी देने के बदले उन्हें 150-150 करोड़ रुपए की पेशकश की गई थी। सीबीआई ने इस पर केस दर्ज किया था। सत्यपाल मलिक के भी बयान दर्ज किए थे। सत्यपाल मलिक केंद्र सरकार की काफी आलोचना करते रहे हैं। ये बात उन्होंने तब कही थी, जब वह 2021 में मेघालय के राज्यपाल थे। सत्यपाल मलिक केंद्र सरकार की काफी आलोचना करते रहे हैं। ये बात उन्होंने तब कही थी, जब वह 2021 में मेघालय के राज्यपाल थे।

**जांच एजेंसी की कार्रवाई** राजस्थान, एमपी समेत 100 से अधिक ठिकानों पर तलाशी, रेड में 200 अफसर रहे शामिल

## गैंगस्टर-आतंकी कनेक्शन को लेकर एनआईए की 6 राज्यों में छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एनआईए ने** बुधवार को देशभर के 6 राज्यों में 100 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई आतंकवादी-गैंगस्टर और नशीले पदार्थ के स्मगलर्स के नेक्सस मामले में चली। करीब 200 अफसर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में स्थानीय पुलिस के साथ संदिग्धों के परिसरों पर छापेमारी की कार्रवाई की। रिपोर्ट के मुताबिक, पंजाब और चंडीगढ़ में 65 जगह पर एनआई का छापा पड़ा। वहीं उत्तर प्रदेश में भी 3 जगह, राजस्थान में 18 जगह और मध्य प्रदेश में 2 जगह पर एनआईए ने छापेमारी की। एनआईए का




पिछले तीन दिनों में यह दूसरा बड़ा सर्च ऑपरेशन है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में टेरर फंडिंग को लेकर एनआईए ने छानबीन की थी।
**पिछले साल दर्ज मामलों पर छापेमारीः** एनआईए की तरफ से ये छापेमारी पिछले साल दर्ज किए गए तीन अलग-अलग मामलों के सिलसिले में की जा रही है। एजेंसी ने इस साल 25 जनवरी को दीपक रंगा को गिरफ्तार किया था। दीपक मई 2022 में मोहाली स्थित पंजाब पुलिस के इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर पर हमले का मुख्य आरोपी था।
इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर पर हमले के अलावा दीपक कई अन्य आतंकवादी और आपराधिक मामलों में भी शामिल रहा है। उस पर विदेशों में बैठे आतंकियों से भी संबंध रहे हैं। वह कनाडा में गैंगस्टर से आतंकी बने लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा और पाकिस्तान में रह रहे आतंकी हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा का भी करीबी सहयोगी रह चुका है।
हरियाणा में संदिग्ध ठिकानों पर एनआईए की टीम लोकल पुलिस के साथ सर्च ऑपरेशन करने पहुंची।
**विदेश में बैठे आतंकी गैंगस्टर्स की कर रहे थे मददः** जांच एजेंसी को जब इस बात का पता चला कि विदेशों में स्थित आतंकवादी संगठन देश के उत्तरी राज्यों में हत्याओं और हिंसक घटनाओं को अंजाम देने के लिए नेताओं और संगठित आपराधिक गिरोहों के सदस्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। तब एनआईए ने 20 सितंबर 2022 को खुद ही मामला दर्ज किया था। यह भी सामने आया था कि आतंकी-गैंगस्टर-ड्रग तस्कर नेटवर्क बंदूक चलाने वालों, अवैध हथियार और गोला-बारूद बनाने वालों के माध्यम से सीमा पार आतंकवादी हार्डवेयर, जैसे हथियार, गोला-बारूद विस्फोटक, आईईडी आदि की तस्करी में लगा हुआ था।

# प्रदेश में कई स्थानों पर एसटीएफ व एनआईए की रेड



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
गैंगस्टर्स और आंतकियों के नेक्सस को तोड़ने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की टीम ने हरियाणा सहित 6 राज्यों में एक साथ 100 ठिकानों पर रेड की है। हरियाणा के सिरसा, झज्जर, बहादुरगढ़, गुरुग्राम, सोनीपत, करनाल, अंबाला के अलावा कुछ अन्य जगह पर छापेमारी चल रही है। जिनके घर और ठिकानों पर रेड की गई है, उनके गैंगस्टरों से लिंक बताए जा रहे हैं। वहीं सिरसा के डबवाली में कांग्रेसी नेता जग्गा बराड के घर पर एनआईए ने रेड है। जग्गा के घर पर रेड गैंगस्टरों से संबंधों के चलते की गई। टीम ने डीएसपी एसके त्यागी के नेतृत्व में जांच की। जांच के दौरान पूरे परिवार के सदस्यों के मोबाइल बंद करवा दिए गए। टीम ने करीब 7 घंटे जांच की। गुरुग्राम में खालिस्तानी समर्थक और डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल के करीबी बिजनेसमैन के घर और कौशल चौधरी के गुर्गे सुधीर उर्फ खुटी के घर रेड चल रही है। गुरुग्राम में 2 जगह एन आई ए की सर्च चल रही है। इसमें सेक्टर-31 में खालिस्तानी समर्थक और डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल के करीबी बिजनेसमैन और दूसरी जगह गैंगस्टर कौशल चौधरी के गुर्गे के ठिकाने पर छापामारी की है। इसी तरह झज्जर जिले में गांव बिसान,

**⏩ झज्जर, बहादुरगढ़, गुरुग्राम, सोनीपत, करनाल, अंबाला के अलावा कुछ अन्य जगह पर छापेमारी चली**

लगरपुर और बहादुरगढ़ कस्बा में रेड की गई है। इन तीनों ही जगह पर दिल्ली के डॉन के नाम से मशहूर गैंगस्टर नीरज बवाना से जुड़े लोगों से पूछताछ की जा रही है। बता दें कि लगरपुर दिल्ली के गैंगस्टर विकास लगरपुरिया का गांव है। विकास लगरपुरिया का नाम उस वक्त सुर्खियों में आया जब उसने गुरुग्राम में 1 करोड़ रुपए से ज्यादा की कैश चोरी की वारदात कराई, जिसमें एक एनआईए अफसर की भूमिका सामने आई थी। सोनीपत जिले में भी कुछ स्थानों पर रेड हुई है। जिसमें तिहाड़ जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर काला जेठड़ी के चचेरे भाई के घर जठेड़ी में और उसके भांजे सोनू माहाल के घर गांव पिनाना में भी ठकअ टीमें पहुंची। तीन दिन पहले दो शराब के ठेकों पर कब्जे में सोनू के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। इसके अलावा गांव पलड़ा में कुख्यात बदमाश अक्षय पलड़ा के घर पर भी रेड की गई है। अक्षय पलड़ा पंजाब की जेल में है। उस पर हत्या के दर्जन भर केस हैं। 15 साल की उम्र में ही पारिवारिक विवाद में पहला मर्डर किया था। वि कुख्यात गैंगस्टर राजू बसौदी का साथी है।

# एस.डी. कॉलेज में अंत्योदय मेला आयोजित, उपायुक्त ने किया मेले का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार) मुख्यमंत्री अंत्योदय** परिवार उत्थान योजना के तहत अंत्योदय मेलों का आयोजन करवाकर पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाकर उनकी आय को बढ़ाना है ताकि वह आत्मनिर्भर बन सकें। इसी कड़ी में जिला अम्बाला में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त डा. शालीन आज एसडी कालेज अम्बाला छावनी में आयोजित अंत्योदय मेले में पहुंचे थे और उन्होंने मेले में प्रत्येक स्टाल पर जाकर सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा मेले से सम्बन्धित गतिविधियों बारे जानकारी



हासिल की। बता दें आज अम्बाला नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले लाभार्थियों के लिए एस डी कॉलेज में अंत्योदय मेले का आयोजन किया गया।

उपायुक्त डा. शालीन ने मेले का अवलोकन करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे लाभाथीयों को सभी स्कीम एवं अन्य रोजगार/स्वरोजगार सम्बंधी योजनाओं के बारे में अच्छे से उनका मार्गदर्शन करें और उनकी योग्यता अनुरूप उन्हें योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाने के लिए प्रेरित करें ताकि वे आगे बढ सकें। उन्होंने यह भी बताया कि जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार से कम है ऐसे परिवारों के लिए अंत्योदय मेलों का आयोजन करवाकर उन्हें योजनाओं को लाभ उपलब्ध करवाकर उनकी आय को बढ़ाने की दिशा में काम करना है। उन्होने इस दौरान मेले में पहुंचे पात्र व्यक्तियों से भी बातचीत की और उन्हें मेले में जो सुविधाएं दी जा रही थी उसकी जानकारी हासिल की। मेले में जिला बाल कल्याण परिषद, रेडक्रॉस सोसायटी, पंजाब नेशनल बैंक, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन, रोजगार विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटड, हरियाणा महिला विकास निगम, हरहित योजना तथा हरियाणा पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम अम्बाला सहित विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर मौके पर ही पात्र परिवारों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए उनका मार्गदर्शन किया। सचिन गुप्ता, नगर परिषद प्रशासक निर्मल नागर, ईओ रविन्द्र कुमार, कॉलेज प्रिंसीपल डा. राजेन्द्र राणा, डा.नवीन गुलाटी, जिला मत्स्य अधिकारी रवि भाठला, जिला प्रबंधक रजत जैन सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# मेहनती एवं ऊर्जावान साथियों को दिए जाए पद: संजय अग्रवाल

**पानीपत:** पानीपत शहर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल ने अपने कार्यालय पर पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ मीटिंग की। इस दौरान कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने हरियाणा विधानसभा 2024 को ध्यान में रखते हुए सभी साथियों के साथ हैं रणनीति बनाई। जिसमें सभी साथियों की अभी से ड्यूटी लगा कर उनको जिम्मेदारी सौंपी। वहीं कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने मीटिंग के दौरान पदाधिकारियों को जल्द से जल्द अपनी टीम को पूरी करने के निर्देश दिए। जिसमें प्रत्येक वार्ड के अंदर प्रधान,उप प्रधान,कैसियर,सेक्टर,जनरल सेक्टरी के पदों पर ऊजार्वान एवं मेहनती कार्यकताओं को पद देने के लिए कहा। वही मीटिंग के दौरान सभी साथियों में ऊर्जा भरते हुए कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने कहा कि सभी साथी अपनी लगन एवं मेहनत से कांग्रेस पार्टी को पानीपत शहर विधानसभा पर मजबूत करने का कार्य करें।

# सरकार के खिलाफ नगर पालिका कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर में नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने अनोखा प्रदर्शन किया। भारी संख्या में कर्मचारी शहर विधायक असीम गोयल के निवास पर पहुंचे। यहां थाली-ताली बजा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि वह प्रदेश में अन्य कि वह दो दिन तक विधायकों के निवासों पर प्रदर्शन करेंगें। उन्होनें कहा कि सरकार अब भी नहीं मानी तो आगे प्रदर्शन और अधिक तेज होंगे। कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी और बेरुखी का आरोप लगाया कि अगर सरकार इसके बावजूद भी संज्ञान नहीं लेती तो जींद में 28 मई को चेतावनी रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर के कर्मचारी एकजुट होकर बड़ा



कदम उठाएंगे। उधर, सुरक्षा के लिहाज से विधायक के आवास पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। रोष मार्च निकालते हुए पहुंचे कर्मचारियों ने यहां काफी देर तक थाली-ताली बजा नारेबाजी की। यहां कर्मचारियों ने विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने मांग की है कि सरकार उनकी मांगों पर संज्ञान नहीं ले रही। कहा कि सरकार 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल को हुए समझौते को लागू करें अन्यथा बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। कर्मचारी संघ के नेता महाबीर पाई ने कहा कि मुख्यमंत्री और निकाय मंत्री के साथ 4-4 बार मीटिंग हो चुकी है,लेकिन 2 बार हुए समझौते को लागू नहीं किया जा रहा। कहा कि मुख्यमंत्री लाखों रुपए खर्च करके जन संवाद कर रहे हैं। सीएम कर्मचारियों के साथ संवाद कर उनकी समस्या का निवारण करें। वहीं, नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य उप प्रधान सेवा राम ने कहा कि संघ कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, समान काम-समान वेतन और पुरानी पेंशन बहाली समेत अन्य कई कर्मचारी हित की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार अनदेखी करती आ रही है।

# सिटी हार्ट हाई स्कूल का परीक्षा परि□ाम शत-प्रतिशत



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (दलबीर मलिक)**
सिटी हार्ट हाई स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रीतिशत रहा। यह जानकारी देते हुए स्कूल के प्रबंधक सतीश आहुजा ने बताया कि 3 विद्यार्थियों ने गणित विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। एक विद्यार्थी ने गणित में 99 तथा अंग्रेजी विषय में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। राधिका ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अर्शदीप ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा कृष ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि पुष्कर ने 89.2, हिमानी ने 83.8, दीपिका 82.4, ध्रुव व निखिल शर्मा ने 82.2, हरमीत 82 प्रतिशत, डिम्पी 79.8, निखिल व नितिन 77, हिमांशु 75.4, सुहाना 75, शालू व जतिन 74.8 तथा पारस कश्यप ने 74.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# दसवीं की परीक्षा में अर्श प्रीत कौर ने विद्यालय में किया प्रथम स्थान हासिल

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**राजकीय** कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित किया गया। जिस में विद्यालय ने 91.3 प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामपाल पाल सरोहा ने जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड का परिणाम 65%व जिला कुरुक्षेत्र का परिणाम 61%रहा । प्रधानाचार्य ने कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं व उनके माता-पिता को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी ।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया



कि विद्यालय की 33 छात्राओं ने 60% अंक, 38 छात्रों ने 60 से 80% अंक,13 छात्रों ने 80 - 90% अंक प्राप्त किए जबकि 3 छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं की अर्श प्रीत कोर सुपुत्री गुरमीत सिंह ने 94.2% अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान अनु सुपुत्री नीरज कुमार 93.6% अंक हासिल कर दूसरा स्थान व निशा सुपुत्री नवीन कुमार ने 90% अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया । विद्यालय की 20 छात्राओं ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया ।इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं को फूल मालाएं पहनाकर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी।

# कनाडा भेजने के नाम पर लाखों रूपए की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**महंत** ने बेटी को कनाडा भेजने की बात कह महिला से 8.90 लाख रुपए ठग लिए। महिला महंत पर अंध विश्वास करती रही और आरोपी महिला को अपनी बातों में फंसा रकम हड़पता रहा। अंबाला कैंट की चंद्रपुरी कॉलोनी निवासी बलजीत कौर ने बताया कि 20 मार्च 2021 को वह गांव मछौंडा में गई थी। यहां उसकी मुलाकात गांव खतौली निवासी महंत जसपाल नाथ से हुई। महंत ने उसे कहा कि आपकी बिटिया विदेश जाकर हमेशा खुश रहेगी। महिला ने बताया कि आरोपी महंत ने किसी हरजिंद्र सिंह नाम के युवक से बात कराई। हरजिंद्र ने बताया

**⏩ अंबाला कैंट की चंद्रपुरी कॉलोनी निवासी बलजीत कौर ने बताया कि 20 मार्च 2021 को वह गांव मछौंडा में गई थी**

कि उसकी बहन और जीजा कनाडा में रहते हैं और उनका होटल व ट्रांसपोर्ट का बिजनेस है। आरोपी ने कहा कि वह आपकी बिटिया को होटल में मैनेजर की पोस्ट पर लगवा दूंगा। जिसके लिये हरजिंदर ने उससे 8 लाख रूपए मांगे लेकिन पैसे लेकर भी उसकी बेटी को विदेश नहीं भेजा। पुलिस ने महंत और हरजिंद्र के खिलाफ धारा 420 व 120बी के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्कूल, कॉलेजों के आस पार तम्बाकू उत्पाद बेचे तो होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
तम्बाकू कंट्रोल प्रोग्राम के तहत सिविल सर्जन डॉक्टर कुलदीप सिंह के आदेशानुसार पीएमओ डॉक्टर राकेश सहल की देख रेख में शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के घेरे के भीतर तम्बाकू उत्पाद बेचना या प्रस्तुत करना व संस्थान के बाहर अधिनियम अनुसार चेतावनी बोर्ड न लगे होने को लेकर करवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम में चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कंडारा, सेनेटरी इंस्पेक्टर जतिन यादव, टी बी सुपरवाइजर अशोक शर्मा, टेक्निकल ओफिसर प्रवीण कुमार के साथ सदर थाना पुलिस ने इस करवाई को अंजाम दिया।
टीम ने पुलिस को साथ लेकर क्रॉस रोड



नंबर जीरो पर स्थित स्कूल के साथ लगती 2 दुकानों पर चेकिंग की। जहां पर पाया गया कि दोनों की दुकानों पर तम्बाकू उत्पाद बेचा जा रहा था।
टीम को मौके पर एक युवक दुकान के अंदर ही धूम्रपान करता भी पाया गया। जिसे डॉक्टर्स ने फिलहाल चेतावनी देकर छोड़ दिया वही दोनों ही दुकानदारों को भी डॉक्टर मुकेश ने सख्त हिदायतें देते हुए चेताया कि भविष्य में अगर दुकान पर तम्बाकू उत्पाद कोई भी बेचते हुए मिला या कोई धूम्रपान करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ चालान व करवाई अमल में लाई जाएगी।

# 'हल्के के लगभग 100 मेरिट बच्चों को सम्मानित करने का किया जाएगा काम'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक)**
**स्टालवार्ट** फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा लाडवा हलके के 100 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। जो छात्र छात्राएं 12वीं कक्षा में मेरिट में नाम लेकर आए हैं और हल्के का नाम रोशन किया है। स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि हाल ही में 12वीं कक्षा का परिणाम आया है। जिसमें 12वीं कक्षा की छात्रा मुस्कान ने भी मैरिट में स्थान



पाया है। उन्होंने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं ने अपने स्कूल, अपने माता-पिता व हल्के का नाम रोशन किया है, ऐसे लाडवा हल्के के 100 छात्रों को फाउंडेशन की ओर से सम्मानित करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह लाडवा हल्के के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि लाडवा हल्के के होनहार बच्चों ने लाडवा हल्के व अपने स्कूल के साथ-साथ माता-पिता का नाम रोशन किया है और यही बच्चे आगे जाकर हल्के का भविष्य तो बनेंगे ही, साथ ही साथ ऊंचाइयों को भी जाएंगे।

**⏩ स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि हाल ही में 12वीं कक्षा का परिणाम आया है।**

उन्होंने जिन सभी बच्चों ने मैरिट में सफलता हासिल की है, उन सभी को बधाई दी। उन्होंने बताया कि जल्द ही कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संजीव कुमार, जिले सिंह, मनोज धवन, गुरदयाल सिंह आदि उपस्थित थे।

# हरिपुर स्कूल के 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा रिजल्ट रहे शानदार



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर जिला कुरुक्षेत्र में छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रांगण में सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य, सभी स्टाफ सदस्य,एसएमसी प्रधान सरपंच गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट ने बारहवीं कक्षा में 91.6% लेकर प्रथम आने वाली तान्या, 91% लेकर द्वितीय स्थान पर आने वाली खुशी,87.4% लेकर तृतीय स्थान हासिल करने वाले नितिन व दसवीं में 84.8%लेकर प्रथम आने वाली अमृता ,82.2% लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली अंशिका और 78.2% लेकर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली कनिका को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 10वीं और 12वीं कक्षा में मेरिट प्राप्त करने वाले 12 बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के दसवीं और बारहवीं के 51 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने अभिभावकों को अपने बच्चे सरकारी विद्यालय में पढ़ाने के लिए प्रेरित किया ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके। उन्होंने सरकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों तथा अभिभावकों को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ गुरचरण और रितेश जी ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए निरंतर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच करनैल सिंह, सरपंच मोहन लाल सैनी व एसएमसी प्रधान रचना, समाजसेवी सुरजीत सिंह, मलकीत सिंह, निशान सिंह, अभिभावक व समस्त स्टाफ सदस्य सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# दसवीं में मन्नत ने 90.2% अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)**
के.पी.ए.के. महाविद्यालय की छात्रा मन्नत ने दसवीं में 90.2%अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा गोयल भागी ने बताया कि कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा।विद्यालय की छात्रा मन्नत ने 90.2% अंकों से विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 8 विद्यार्थी मैरिट में रहे।27 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। विषयानुसार विद्यार्थियों ने पंजाबी में मन्नत ने 99,संगीत में सिया ने 99,गणित में मन्नत ने 96, अंग्रेजी में शीतल ने91अंक प्राप्त किए।

# लोहारा में महक ने दसवीं तो बंटी सिंह ने 10+2 में पाया पहला स्थान

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारा का दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा 92.6 प्रतिशत रहा। बुधवार को प्रार्थना सभा में प्रिंसिपल अंजू कुमारी शर्मा ने बच्चों को और अध्यापकों को बेहतर परिणाम पर बधाई दी और बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि दसवीं कक्षा में 467 अंक लेकर महक ने पहला, 451 अंक लेकर गुरप्रीत कौर ने दूसरा और 391 अंक लेकर मनदीप कौर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि दसवीं में कुल 54 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें से चार छात्र अनुत्तीर्ण हुए। दसवीं



का विज्ञान, आईटी, शारिरिक शिक्षा विषयों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि बारहवीं कक्षा में आर्ट्स विषय में बंटी सिंह ने 444 अंक लेकर स्कूल में पहला, 407 अंक लेकर लवप्रीत सिंह ने दूसरा, 398 अंक लेकर गुरजीत सिंह ने तीसरा स्थान पाया। वाणिज्य संकाय में गुरप्रीत कौर ने 431 अंक लेकर पहला और सगनदीप कौर 428 ने दूसरा और अमरजीत कौर ने 400 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल अंजू कुमारी ने कहा कि विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत की है जिसके परिणामस्वरूप बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं। यह कक्षाएं भावी जीवन की दशा व दिशा तय करती हैं।

# बस की चपेट में आने से मासूम बच्चे की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** स्कूल बस के नीचे आने से मासूम बच्चे की मौत हो गई। बस ठोल के एक प्राइवेट स्कूल की थी और हादसा अंबाला के गांव कलेरा में हुआ। बच्चे के परिजनों ने बस ड्राइवर पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। नग्गल थाना पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव कलेरा निवासी मलकीत सिंह की भतीजी शहजप्रीत कौर ठोल प्राइवेट स्कूल में पहली क्लास में पढ़ती है। मलकीत सिंह ने बताया कि शहजप्रीत कौर को लेने के लिए उसकी भाभी पिंकी घर से बाहर सड़क पर खड़ी थी। उसके साथ ढ़ाई साल का भतीजा देवेंद्र सिंह भी था। जब उसकी भाभी पिंकी ने शहजप्रीत कौर को स्कूल बस से उतारा तो उसका भतीजा देवेंद्र सिंह बस के पीछे चला गया।

# 'ग्रामीण क्षेत्र का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता'

## नरवाना से लगाया पौधा आज वटवृक्ष का रूप ले रहा है। इसी के तहत प्रदेश में 950 ई- डिजिटल लाइब्रेरियों का निर्माण कार्य चल रहा है

**सरकार को जमीन उपलब्ध करवा दी जाएगी उन गॉंवों में प्राथमिकता के आधार पर ग्राम सचिवालय तथा सामुदायिक केन्द्र का निर्माण करवाया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न योजक सड़कों के निर्माण, विस्तारीकरण तथा नवीनीकरण पर फोकस कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शुमार है। वे नई दिल्ली में लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जिन पंचायतों द्वारा प्रदेश सरकार को जमीन उपलब्ध करवा दी जाएगी उन गॉंवों में प्राथमिकता के आधार पर ग्राम सचिवालय तथा सामुदायिक केन्द्र का निर्माण करवाया जाएगा। उनसे मिलने आए कुछ गॉंवों के सरपंचों को सुझाव दिया कि अपने गॉंव के बच्चों के लिए लाइब्रेरी की व्यवस्था करवाएं ताकि ग्रामीण बच्चे पढ़ लिख कर अपने पैरों पर खड़े हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पंचायत द्वारा गॉंव में 2 -3 कमरे उपलब्ध करवा दिए जाएँ तो प्रदेश सरकार द्वारा ई-लाईब्रेरी बना दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गत साढ़े तीन साल से ग्रामीण एवं गरीब का कल्याण के लिए उनका निरन्तर प्रयास रहा है ताकि शहर की तर्ज पर गांवों में भी अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

उन्होंने बताया कि नरवाना में सबसे पहले ई- डिजिटल लाइब्रेरी रूपी पौधा लगाने की शुरूआत की गई थी और उन्हें आज यह बताते हुए प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि नरवाना से लगाया पौधा आज वटवृक्ष का रूप ले रहा है। इसी के तहत प्रदेश में 950 ई-डिजिटल लाइब्रेरियों का निर्माण कार्य चल रहा है।

## शहरी निकायों में पिछड़ा वर्ग-ए के आरक्षण में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**स्थानीय नि**कायों में पिछड़ा वर्ग-ए के लिए आरक्षित सीटों में कम से कम एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। सभी नगरपालिकाओं, परिषदों और नगर निगमों में बीसी-ए का एक पार्षद जरूर होगा, बशर्ते कि कुल आबादी में न्यूनतम दो प्रतिशत जनसंख्या पिछड़ा वर्ग-ए की होनी चाहिए। पार्षद के पदों को पिछड़ा वर्ग(ए) के लिए कुल सीटों के उसी अनुपात में आरक्षित किया जाएगा जो निकाय की कुल आबादी में पिछड़ा वर्ग (ए) की आबादी के आधे प्रतिशत के रूप में होगी।
बुधवार को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पंचायतों की तरह शहरी निकायों में पिछड़ा वर्ग-ए को आरक्षण देने के लिए प्रदेश सरकार के अध्यादेश पर अपनी मुहर लगा दी है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद कानून एवं विधायी विभाग की प्रशासनिक सचिव बिमलेश तंवर ने हरियाणा नगर निगम (संशोधन) अधिनियम-2023 और हरियाणा नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम-2023 की अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही जून के अंत में प्रस्तावित निकाय चुनाव में बीसी-ए को आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। अगले महीने चार नगर परिषदों और 22 नगर पालिकाओं में चुनाव होने हैं। इनमें अंबाला सदर, सिरसा और थानेसर नगर परिषद के आम चुनाव के साथ ही नारनौल नगर परिषद के वार्ड 16 के उपचुनाव होंगे। बीसी-ए को निकायों में आरक्षण की अधिसूचना जारी होने के बाद शहरी स्थानीय निकाय विभाग इसकी सूचना राज्य चुनाव आयोग को भेजेगा।

## ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने सीएम से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**वर्षों पुराने** पहरावर जमीन मामले का समुचित हल निकाल कर गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को जमीन देने के लिए ब्राह्मण समाज ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा की अगुवाई में प्रदेश के कौने कौने से ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर पहुंचे और पुष्प गुच्छ देकर मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता और गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के सदस्य भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में नगर निगम रोहतक की 15.37 एकड़ भूमि को गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। जिसके बाद आवश्यक प्रक्रिया को पूर्ण करके बीते मंगलवार को 2 लाख रुपये प्रति वर्ष की दर से 33 वर्षों की लीज पर उपरोक्त भूमि को गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को आवंटित करने हेतु दस्तावेज सौंपे गए। जमीन का यह पुराना मुद्दा था, मुख्यमंत्री ने मामले में आ रही कई अड़चनों को दूर कर ब्राह्मण समाज के लिए किया बेहद सराहनीय कार्य-प्रतिनिधि
ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। मुख्यमंत्री ने करनाल में भगवान परशुराम महाकुंभ के दौरान सभा को यह जमीन देने की घोषणा की थी, जिसे उन्होंने इतनी जल्दी पूरा कर पूरे ब्राह्मण समाज को तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि जमीन का यह पुराना मुद्दा था, जोकि पिछली सरकार के समय से उलझा हुआ था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस मामले में आ रही कई अड़चनों को दूर कर ब्राह्मण समाज के लिए बेहद सराहनीय कार्य किया है।

## रोहतक: अमरूत-दो के तहत डीपीआर तैयार करने का काम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शहर की आगामी 30 वर्षों की मांग के अनुरूप अमरूत-2 की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाना शुरू किया गया है। अमरूत-एक के लम्बित कार्यों को संबंधित विभागों के साथ शीघ्र तालमेल करके पूरा करवाया जायेगा। नगर निगम व पुलिस के साथ बैठक कर शहर में यातायात व्यवस्था के लिए भी कार्य योजना बनाई जायेगी। वे बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शहर की भविष्य की आवश्यकताओं को मध्यनजर रखते हुए अमरूत-दो की कार्य योजना तैयार की जा रही है।

## मुख्यमंत्री के जन संवाद श्रृंखला का अगला पड़ाव होगा महेंद्रगढ़

### ग्रामीणों के लिए एक नई आस बने जन संवाद कार्यक्रम, समस्याओं का मौके पर हो रहा समाधान




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा की पूरी जनता मेरा परिवार है और अपने परिवार की चिंता करना व उनकी समस्याओं को हल करना मेरा परम कर्तव्य है। इस वाक्य को प्रदेश के मुखिया ने न सिर्फ माना है बल्कि पिछले साढ़े 8 सालों से चरितार्थ भी किया है। लोगों के बीच जाकर परिवार के मुखिया के तौर पर उनसे बातचीत करना और उनकी समस्याओं व शिकायतों को जानने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू किया गया जन संवाद कार्यक्रम अब लोगों के लिए एक नई आस बन चुका है। ग्रामीण मुख्यमंत्री के समक्ष दिल खोल कर अपनी बाते रख रहे हैं और मुख्यमंत्री भी ऑन द स्पॉट समस्याओं को हल कर रहे हैं।
2 अप्रैल से जन संवाद कार्यक्रमों की शुरूआत कर मुख्यमंत्री द्वारा अब तक भिवानी, पलवल, कुरुक्षेत्र और सिरसा जिले को कवर किया जा चुका है। अब इस जन संवाद श्रृंखला का अगला पड़ाव महेंद्रगढ़ जिला में होगा और यहां मुख्यमंत्री लगभग 9-10 गांवों में जन संवाद कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे।
**मातृत्व शक्ति की भी दिख रही सक्रिय भागीदारिता:** विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहे हरियाणा में आज ग्रामीण अंचल में भी महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। इतना ही नहीं, अब महिलाएं समाज के लिए कुछ बेहतर करने हेतु राजनीति में भी अपना प्रतिनिधित्व कर रही हैं। यह मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और उनकी दूरदर्शी सोच के अनुरूप हरियाणा सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने की नीति से ही संभव हो पाया है। इसी का परिणाम है कि पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व आज 50 प्रतिशत से भी कहीं अधिक है। गांवों में आयोजित किए जा रहे जन संवाद कार्यक्रमों में भी मातृत्व शक्ति की सक्रिय भागीदारिता नजर आ रही है। जहां एक ओर महिला सरपंच गांवों की समस्याओं व मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रख रही हैं, वहीं दूसरी ओर गांव की महिलाएं व बेटियां भी सार्वजनिक मंच पर अपनी बातें रख रही हैं।
**जन संवाद कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री को मिल रहा अपार समर्थन:** जन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से मुख्यमंत्री जनता से सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे भी फीडबैक ले रहे हैं और जनता भी आयुष्मान भारत व चिरायु हरियाणा योजना, निरोगी हरियाणा, परिवार पहचान पत्र,' तथा राशन कार्ड व पेंशन अपने आप बनने और ई-फर्द जैसी अनेकों योजनाओं के बारे में मुख्यमंत्री को अपार समर्थन दे रही है।
नागरिक स्वयं पिछली सरकारों की कार्यशैली और वर्तमान राज्य सरकार द्वारा जन कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों का बखान कर रहे हैं। जन संवाद कार्यक्रमों के लिए लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है कि ग्रामीण अब इंतजार करने लगे हैं कि उनके गांव में जन संवाद कार्यक्रम कब होगा।

## मुख्य सचिव ने एचसीएस अधिकारियों का किया मार्गदर्शन

**मुख्य सचिव ने कहा कि एक अधिकारी की आम जन के मध्य छवि उनके उत्कृष्ट कार्यों से बनती है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान में वर्ष 2023 बैच के एचसीएस अधिकारियों, सैनिक व अर्धसैनिक बल के वेलफेयर अधिकारियों व इंडियन टेलीकम्युनिकेशन सर्विसेस के अधिकारियों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन किया। मुख्य सचिव ने कहा कि एक अधिकारी की आम जन के मध्य छवि उनके उत्कृष्ट कार्यों से बनती है। सिविल सेवा में अधिकारियों को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है। आम आदमी की आपसे बहुत अपेक्षाएं हैं, आपका दायित्व है कि आप अपनी जिम्मेदारी को समझें और सेवा भाव से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपनी छवि को बेहतर बनाने के लिये अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपकी सुगमता ही आमजन खुशहाली का मुख्य कारक है। ऐसे में सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को दी जा रही शासकीय योजनाओं का लाभ लोग आसानी से प्राप्त कर सकें, इसके लिए आपको सदैव प्रयत्नशील रहना होगा। कौशल ने कहा कि देश व प्रदेश में बहुत तेजी से बदलाव हो रहे हैं। कार्य संस्कृति में बदलाव आया है। इस बदलते हुए परिवेश के अनुसार स्वयं को ढालना होगा, अन्यथा परिवर्तन के दौर में हम पीछे छूट जायेंगे। आज लोग कम्यूनिकेशन और टेक्नोलॉजी को लेकर अत्यधिक जागरूक हैं। ऐसे में स्वयं को नवीनतम तकनीक एवं जानकारी से हमेशा अपडेट रखें। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का हल जल्द से जल्द हो, इसके लिए आपको सदैव आमजन के साथ जुड़ाव रखना होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि बेहतर अधिकारी वही है जो जनता के बीच जाकर संवाद स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि परिवार और सर्विस के मध्य बेहतर तालमेल बनाने की आवश्यकता है, जिससे हम समस्याओं का हल आसानी से निकाल सकें।
उन्होंने सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि वे जीवन मे सीखने की ललक कभी ना छोड़े क्योंकि सीखने की प्रक्रिया आपको हमेशा धरातल की सच्चाई से अवगत कराती रहेगी।

## चाहे पूरे परिवार को जेल हो जाए, सरकार बनते ही फिर देंगे नौकरियां: कर्ण चौटाला

**दावा किया कि इनेलो सरकार बनने पर पौने तीन लाख नौकरी देंगे, चाहे हमारे पूरे परिवार को जेल हो जाए**

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
इनेलो की परिवर्तन यात्रा की अगवानी कर रहे कर्ण चौटाला ने कहा कि हरियाणा की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है, जो निजी स्कूलों व अस्पतालों के संचालकों ने बढाई है। उन्होंने दावा किया कि इनेलो सरकार बनने पर पौने तीन लाख नौकरी देंगे, चाहे हमारे पूरे परिवार को जेल हो जाए। फरवरी माह में नूंह से शुरू हुई इनेलो की परिवर्तन यात्रा फिलहाल भिवानी में जारी है। बुधवार को इस यात्रा की अगुवाई युवा नेता कर्ण चौटाला ने की। यात्रा भिवानी से चलकर गुजरानी, मित्ताथल, घुसकानी होते हुए तिगड़ाना गाँव पहुँची। मित्ताथल गाँव में कर्ण चौटाला का जोरदार स्वागत हुआ। यहाँ उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए इनेलो सरकार बनने पर किए जाने वाले कामों का उल्लेख किया। अपने संबोधन में चौटाला ने कहा कि ये निजी स्कूलों व अस्पतालों के संचालक नहीं चाहते कि सरकारी स्कूलों व अस्पतालों में नौकरी दी जाएँ,क्योंकि वहाँ नौकरी नहीं होगी, तभी लोग इनके पास जाएँगे। कर्ण चौटाला ने कहा कि बेरोजगारी के चलते हरियाणा में अपराध व नशा बढ़ा है।

## पराली में लगी भयंकर आग, हजारों गांठे जलकर हुई राख

**आग लगने की वजह से अनुमानित 2 करोड़ रुपए की पराली की गांठे जलने से नुकसान हुआ है**



**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
**श्रीजीवननगर में** डबवाली रोड पर बंद पड़ी फैक्ट्री में रखी पराली की गांठों में बुधवार को भयंकर आग लगने के कारण पराली की हजारों गांठे जलकर राख हो गई। इस इस आग को बुझाने के लिए फायर बिग्रेड की दर्जनों गाडियों 7 से 8 घंटे तक आग पर काबू पाने मे लगी रही, लेकिन आग नहीं बुझा पाई। आग लगने की वजह से अनुमानित 2 करोड़ रुपए की पराली की गांठे जलने से नुकसान हुआ है। जानकारी के मुताबिक बंद पड़ी फैक्ट्री के अंदर करीब 7 एकड़ जगह में इन दोनों फर्मो के मालिकों की ओर से पराली की गांठे रखी हुई थी। पराली की अनुमानित गांठे 93 हजार 500 बताई जा रही हैं। बुधवार सुबह करीब 10 बजे फायर बिग्रेड रानियां के पास यह सूचना आई थी कि जीवननगर के समीप एक फैक्ट्री में पड़ी पराली की गांठों में आग लग गई है। सूचना मिलने के बाद दमकल की गाडियों को रवाना किया गया। आग बड़ी भयंकर थी। आसपास के डबवाली, ऐलनाबाद, जीवननगर की गाडियों को भी आग बुझाने के लिए बुलाया गया।
फायर बिग्रेड स्टेशन रानियां के इंचार्ज श्याम सुंदर ने बताया कि आग बुझाने में करीब एक दर्जन फायर बिग्रेड की गाडियां लगी रही। 7 से 8 घंटे तक फायर बिग्रेड कर्मचारी आग बुझाने में लगे रहे लेकिन आग बुझ नहीं पाई। उन्होंने बताया कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि आग किन कारणों की वजह से लगी है। जहां पर पराली की गांठे पड़ी हैं वहां पर कोई बिजली की तार भी नहीं है। उन्होंने बताया कि जिन दो फर्मो के मालिकों ने यहां पर पराली रखी हुई थी।

## गैंगस्टर-आतंकी कनेक्शन को लेकर एनआईए के सिरसा में छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
**डबवाली में** पहुंची एनआईए की टीम ने बुधवार सुबह से सिरसा के डबवाली में छापेमारी चल रही है। जिनके घर और ठिकानों पर रेड की गई है, उनके गैंगस्टरों से लिंक बताए जा रहे हैं। सिरसा के डबवाली में कांग्रेसी नेता जग्गा बराड़ के घर पर एनआईए ने रेड है। जग्गा के घर पर रेड गैंगस्टरों से संबंधों के चलते की गई। टीम ने डीएसपी एस के त्यागी के नेतृत्व में जांच की। जांच के दौरान पूरे परिवार के सदस्यों के मोबाइल बंद करवा दिए गए। टीम ने करीब 7 घंटे जांच की। जग्गा बराड़ के मोबाइल को एनआईए ने जब्त कर लिया। साथ ही उसे दिल्ली में कल पेश होने के लिए नोटिस दिया। जग्गा ने अपने घर पर रेड को राजनीतिक साजिश बताया है। एनआईए सिरसा में पहले गांव तख्तमल के जग्गा तख्तमल, चौटाला के छोटू भाट, मल्लेका में रेड कर चुकी है। दोनों के खिलाफ एनआईए ने केस भी दर्ज किया हुआ है। जग्गा तख्तमल और छोटू भाट से हथियार बरामद हुए थे। दोनों की प्रॉपर्टी भी एनआईए सीज कर चुकी है। एनआईए ने दोनों के खिलाफ देश विरोधी गतिविधियों और गैंगस्टर को आश्रय देने,हथियार उपलब्ध करवाने के मामले दर्ज किए हैं।

## प्रदेश में बिजली विभाग अब 2 हजार करोड़ के मुनाफे में: रणजीत सिंह

### 33 केबी सब स्टेशन स्थापित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश, गऊशालाओं में बिजली 7 रुपये से कम करके की गई 2 रुपये यूनिट



**पूरे प्रदेश में बिजली व्यवस्था को दुरूस्त किया गया है। डीएचबीवीएन और यूएचबीवीएन ए प्लस श्रेणी में शामिल हो चुकी है**

टीम एक्शन इंडिया/कैथल
हरियाणा के बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश में लाईन लोस को 37 प्रतिशत से कम करके 11 प्रतिशत किया गया है और जिसे और भी कम करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। अब बिजली विभाग करीब 2 हजार करोड़ रुपये के मुनाफे में चल रहा हैं। पूरे प्रदेश में बिजली व्यवस्था को दुरूस्त किया गया है। डीएचबीवीएन और यूएचबीवीएन ए प्लस श्रेणी में शामिल हो चुकी है। गऊशालाओं में बिजली खर्च को 7 रुपये यूनिट से कम करके 2 रुपये यूनिट किया गया है। वे मंगलवार की देर रात्रि कैथल के गांव पाई में आयोजित जनसभा के दौरान बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। बिजली मंत्री ने गऊशाला को 15 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने गऊशाला में सीवरेज व्यवस्था को दुरूस्त करने की बात कही। इसके साथ-साथ 33 केबी सब स्टेशन स्थापित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसभा की अध्यक्षता पूंडरी विधायक रणधीर सिंह गोलन ने की। विधायक रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल व बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह के नेतृत्व में सरकार चलाते हुए हलके के लिए करोड़ों रुपये मंजूर करवाए गए हैं, जिससे अनेकों परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि गांव पाई में करीब 20 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि गऊशाला में हॉल का निर्माण करवाया जाएगा, उस पर चाहे कितनी भी धनराशि खर्च हो। गांव पाई में 4 करोड़ रुपये की राशि से पेयजल व्यवस्था की पाईप लाईन बिछाई गई। विधायक नीलोखेड़ी धर्मपाल गोंदर ने कहा कि बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह निरंतर प्रदेश में विकास कार्य को गति प्रदान कर रहे हैं। गांव में पहुंचने पर गौशाला संचालक व अन्य गणमान्यों ने बिजली मंत्री रणजीत सिंह, विधायक रणधीर सिंह गोलन, विधायक धर्मपाल गोंदर आदि को पगड़ी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सक्वमानित किया। इस मौके पर पूंडरी विधायक रणधीर सिंह गोलन, नीलोखेड़ी विधायक धर्मपाल गोंदर, गौशाला प्रधान बलजीत, दिलबाग मोर, राजू पाई, नरेश ढुल, बलबीर, जगदीश, विरेंद्र, इंद्र पाल, राजकुमार ढुल, ईश्वर ढुल, राममेहर, सतीश, दिलबाग, जिला प्रशासन से एसडीएम संजय सिंह मौजूद रहे।

## बदनाम हो चुका है दुष्यंत, इनेलो में नहीं हो सकती वापसी: ओमप्रकाश चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
इनेलो सुप्रीमों ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि आज पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा दर्ज हुए विभिन्न केसों से डरे हुए हैं। इसलिए हुड्डा भाजपा के साथ खडा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान हुड्डा ने सबसे ज्यादा लूटने का काम किया है। उन्होंने सीएम मनोहर लाल के जनसंवाद को लेकर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है और कैसे प्रदेश को लूटा जाए इसी पर फोकस है। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि सरकार कर्ज को चुकाने के लिए कर्ज ले रही है और विकास का कही कोई जिक्र तक नहीं है। यह बात प्रदेश की जनता अब समझ चुकी है कि विकास कार्य हो नहीं रहे और कर्जा लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने माना कर्नाटक चुनाव का असर देखने को मिलेगा। बुधवार को इनेलो सुप्रीमों ओमप्रकाश चौटाला रोहतक पहुंचे और कार्यकत्राओं की बैठक ली। उन्होंने संगठन मजबूत को लेकर कार्यकत्राओं को टिप्स दिए और कहा कि अगली सरकार इनेलो की बनेगी। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के इनेलो में वापिस आने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम उसे वापिस नहीं लेंगे, क्योकि वह सता के साथ चले गए और आमजन को पता है कि उस वक्त इनेलो की सरकार बन रही थी। अब दुष्यंत लोगों के बीच बदनाम हो चुका है। साथ ही उन्होंने पूर्व सीएम हुड्डा को लेकर कहा कि वह भाजपा के साथ है, क्योकि हुड्डा के खिलाफ काफी मामले दर्ज है और एक मामले का तो फैसला आना था, लेकिन किस कारण पेडिंग है। पूर्व सीएम हुड्डा पूरी तरह से डरे हुए है। उन्होंने कहा कि सता का दुरपयोग सबसे अधिक हुड्डा ने किया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के हालत दयनीय है। आज प्रदेश का प्रत्येक वर्ग सरकार की नीतियों से दुखी हो चुका है और अब सरकार के पतन की शुरूआत हो गई।

## न्यूज फ्लैश

### एनआईए ने सैक्टर-13 हाउसिंग बोर्ड कालोनी में गुरतेज खालसा के घर पर की रेड



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया करनाल में** राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआइए) ने सेक्टर-13 हाउसिंग बोर्ड स्थित गुरतेज खालसा के घर पर रेड की। टीम सुबह 5 बजे करीब पहुंची और साढ़े 3 घंटे तक गुरतेज के पारिवारिक सदस्यों से पूछताछ की। गुरतेज सिंह गतका पार्टी का जत्थेदार है। एनआइए को शक है कि उसके तार वारिस पंजाब दे के चीफ अमृतपाल सिंह के साथ जुड़े हुए हैं। गुरतेज सिंह का बड़ा बेटा सतनात सिंह पिछले 15 सालों से इंग्लैंड में है, जबकि छोटा बेटा पूर्तगाल में रह रहा है। उल्लेखनीय है कि बीती 5 मई को करनाल में बाबा जस्सा सिंह के 350वें प्रकाश उत्सव को लेकर बड़े समागम का आयोजन था, जिसमें देश व विदेश के लोग भी शामिल हुए थे। इस समागम को लेकर गुरतेज सिंह के पास 20 से ज्यादा जगहों से मोटी रकम बैंक खातों में आई थी। एनआइए को शक था कि कहीं देश विरोधी गतिविधियों के लिए तो विदेशों से पैसे नहीं आए। साथ ही इस बात की भी जांच की गई कि समागम के दौरान हथियारों के लेन-देन से संबंधित कोई काम तो नहीं हुआ। उसी मामले की जांच को लेकर टीम ने उनसे पूछताछ की।

### जिले में मिले 6 नये कोरोना पॉजिटिव केस : सिविल सर्जन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सिविल सर्जन डॉ.योगेश कुमार ने बताया कि बुधवार को जिला में कोरोना के 6 नये पॉजिटिव केस मिले हैं। जिले में अब तक 1091057 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 114 सैंपल लिए गए। कुल सैंपलों में से अब तक 50737 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 50115 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 18 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# अमृत सरोवर, तालाबों का कार्य जल्द करें पूरा : अनीश यादव

## एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा करके तालाबों के कार्यों का किया निरीक्षण, पट्टद्दे पर दी जाने वाली पंचायती जमीन 50 हजार प्रति एकड़ से कम न दी जाए

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**बरसाती मौसम** के शुरू होने से पहले ही बरसात के पानी के संचयन के लिए जिला में फार्म पोंड, अमृत सरोवर तथा मनरेगा के तहत तालाबों के नवीनीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इसको लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने बुधवार को एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा करके तालाबों के कार्यों का निरीक्षण किया। इतना ही नहीं पट्टे पर दी जाने वाली पंचायती भूमि का मौके पर जाकर मुआयना किया और साथ लगती अन्य पट्टद्दे पर दी जाने वाली जमीन के भाव की भी जानकारी हासिल की] ताकि पंचायत की आमदनी में इजाफा हो सके और ग्राम पंचायत के विकास कार्य तेजी से पूरे हो सके। उन्होंने स्पष्टद्द किया कि पट्टद्दे पर दी जाने वाली पंचायती जमीन 50 हजार रुपए प्रति एकड़ से कम ना दी जाए। उपायुक्त अनीश यादव ने मौके पर उपस्थित पंचायत विभाग के अधिकारियों व ग्राम पंचायत के सरपंचों को निर्देश दिए कि वे बरसाती मौसम के शुरू होने से पहले अपने-अपने गांव में बनाये जा रहे फार्म



पौंड, अमृत सरोवर तथा मनरेगा के तहत तालाबों के नवीनीकरण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाएं ताकि बरसाती पानी का तालाबों में संचय हो सके और जरूरत के समय इसे कृषि कार्य में प्रयोग लाया जा सके। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत मजदूरों को दी जाने वाली सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाए। विशेष तौर से गर्मी के सीजन में पीने के पानी की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था होनी चाहिए।

**फार्म पौंड, अमृत सरोवर तथा तालाबों के चारों ओर करवाएं पौधारोपण:** उपायुक्त ने पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तालाबों के नवीनीकरण के कार्य का बेहतरीन तरीके से एक्शन प्लान तैयार करे और नक्शा बनाकर रखे ताकि तकनीकी तौर पर तालाब की गहराई, चौड़ाई तथा खुदाई के बारे में पूरी जानकारी हासिल हो सके। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि फार्म पौंड ऐसे स्थान पर बनाये, जहां पर पानी का बहाव अधिक हो और खेत का लेवल गहराई में हो। उन्होंने यह भी स्पष्टद्द किया कि फार्म पौंड, अमृत सरोवर तथा मनरेगा के तहत विकसित किये जा रहे तालाबों के चारों ओर पौधारोपण भी अवश्य करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा लोगों के घूमने फिरने व बैठने के लिए सुंदर व्यवस्था करें। उन्होंने सरपंचों का आह्वद्वान किया कि तालाबों को लेकर जो ग्राम पंचायत बढिया कार्य करेगी, उन सरपंचों को जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

**फार्म पौंड बारे संतोषजनक जवाब न देने पर एसईपीओ को कारण बताओ नोटिस जारी:** उपायुक्त अनीश यादव ने दौरे के दौरान गगसीना गांव में बनाये जा रहे फार्म पौंड के बारे में चल रहे कार्य के बारे में संतोषजनक जवाब न देने पर एसईपीओ रवि कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए डीडीपीओ को निर्देश दिए। इसके अलावा एबीपीओ विक्रम व पंचायती राज के एसडीओ को भी चेतावनी दी कि वे अपना कार्य ठीक प्रकार से करें अन्यथा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**उपायुक्त अनीश यादव ने इन गांवों का किया दौरा:** उपायुक्त अनीश यादव ने सबसे पहले घोघड़ीपुर गांव में बनाये जा रहे फार्म पौंड की खुदाई के कार्य को देखा, कार्य की गति को और तेज करने के लिए कहा। इसके उपरांत उन्होंने गांव गगसीना, मुनक, बाल-राजपुताना, बम्भरेहड़ी, पाढा, कुडलन, मंचूरी, डाचर, उपलानी, उपलाना, रंगरूटी खेड़ा तथा खांडाखेड़ी का दौरा करके तालाबों पर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
इस अवसर पर एसीयूटी विवेक आर्य, जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार, असंध के एसडीएम मनदीप कुमार, डीडीपीओ राजबीर खुंडिया, पंचायती राज के एक्सईएन परविन्द्र सिंह, एसडीओ, बीडीपीओज, जेई तथा संबंधित गांवों के ग्राम सचिव मौजूद रहे।

# योग का उद्देश्य है जीवन का सर्वांगीण विकास : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा** मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने फव्वारा पार्क सेक्टर 12 करनाल में साधकों को योगाभ्यास करवाया। मिशन द्वारा संचालित सभी योग कक्षाओं में बड़ी संख्या में साधक योगाभ्यास कर रहे हैं, जिसमें बच्चे, बूढ़े जवान सभी शामिल रहे। विशेष तौर से नौकरी पेशा लोगों ने भी व्यस्त होने के बावजूद योग का अभ्यास किया। लोगों में योग द्वारा स्वस्थ होने को लेकर उत्साह देखने को मिला। जोश के साथ सभी ने योग प्राणायाम किया। दिनेश गुलाटी ने इस दौरान बताया कि योग का उद्देश्य



यही है, जीवन का सर्वांगीण विकास। मिशन का लक्ष्य है कि प्रत्येक व्यक्ति का स्वास्थ्य उत्तम रहे और वह अन्य लोगों को भी स्वस्थ जीवन जीने को प्रेरित करें। योग मानव को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व आध्यात्मिक विकास की ओर लेकर जाता है। उनका कहना है कि योग को दिनचर्या में अवश्य शामिल करें।

# बदमाश कार डीलर की नई थार गाड़ी लेकर हुए फरार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। नेशनल हाईवे** पर बसताड़ा टोल से पहले कुछ बदमाश कार डीलर की नई थार गाड़ी लेकर फरार हो गए। बदमाश एक्सीडेंट के बाद मदद करने के बहाने उसकी कार में बैठे थे। मामले की शिकायत मधुबन थाना पुलिस को दी गई है।
केरला निवासी रिहाईसुदीन गाड़ी सेल परचेज का काम करता है। मंगलवार को वह पंजाब से एक थार गाड़ी को खरीदकर लाया था और उसे लेकर दिल्ली जा रहा था। देर रात को जब वह मधुबन से निकला तो बसताड़ा टोल से पहले एक सब्जी से भरी पिकअप गाड़ी से उसकी टक्कर हो गई।



उस दौरान उसकी पिकअप ड्राइवर से बहस हो गई। उसी दौरान 3 युवक वहां आए और उन्होंने पिकअप ड्राइवर से कहा कि वह हमारा जानकार है। इसके बाद उन्होंने रिहाईसुदीन से कहा कि चलो थाने में चलते हैं। उन्होंने थार में उसे साइड में बैठा लिया। कुछ देर में युवकों ने उसे कहा कि चलो हमारे गांव चलते हैं। इतना कहते ही रिहाईसुदीन डर गया और जैसे ही गाड़ी स्लो हुई तो वह खिडकी खोलकर कूद गया।
घटना के बाद रिहाईसुदीन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मधुबन थाना पुलिस और सीआईए टीम मौके पर पहुंची और रिहाईसुदीन के साथ घटनास्थल पर लेकर गई। वहां दूसरी क्षतिग्रस्त गाड़ी को पुलिस ने कब्जे में ले लिया।
जांच अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आनंद विहार कालोनी में ई-रिक्शा में पड़ा मिला चालक का शव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। करनाल** की आनंद विहार कॉलोनी में ई-रिक्शा के अंदर व्यक्ति का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भिजवा दिया। मृतक के परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।
मृतक की पहचान इस्लामाबाद निवासी विनोद 55 वर्ष के रूप में हुई है। वह पिछले कई सालों से करनाल में किराए के मकान पर रहता था। अभी कुछ माह पहले



ही उसने आनंद विहार कॉलोनी में एक मकान किराए पर लिया था और अपनी बेटी की शादी की थी। जिसके बाद वह अकेला ही रह रहा था। विनोद ई-रिक्शा चलाकर अपना गुजारा कर रहा था। पड़ोसियों ने बताया कि विनोद शराब पीने का आदी था। मंगलवार को वह शराब के नशे में था। कोई व्यक्ति एक्टिवा पर उसे घर के बाहर छोडकर गया था।

### श्री घण्टाकर्ण मासिक श्रद्धालु संगम आज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया इन्द्री** रोड़ स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर प्रत्येक महीने के कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर हर बार की भांति मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन 18 मई को इसर्व धर्म दिवाकर भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज ठाणा-3 के पावन सानिध्य में तथा शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज एवं महासाध्वी श्री जागृति जी महाराज' की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है।

# मुस्कुराइए और हर हाल में कीजिए खुशियों से दोस्ती : ओंकार चंद



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया सेक्टर नौ** स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में मोटिवेशनल स्पीकर बीके प्रोफेसर ओंकारचंद नौ दिवसीय खुशियां आपके द्वार हैप्पीनेस एंड मेडिटेशन शिविर में उपस्थित श्रोताओं को ये बताने का प्रयास कर रहे हैं कि हर परिस्थिति में मन को शांत और खुश कैसे रखा जा सकता है। शांत मन के पास ही खुशियां का खजाना हो सकता है, इसलिए हर हालत में शांत रहें और अपने मन को खुश रखें। ये सब हम सबके अपने हाथ में है। हमें खुशियों से दोस्ती करने के लिए दूसरों से तुलना किसी कीमत पर नहीं करनी चाहिए, क्योंकि जब हम किसी से तुलना करते हैं तो हमारे मन में नकारात्मक बातें आती हैं जो हमारे आगे बढ? में रुकावट पैदा करती हैं। हर व्यक्ति अपने आप में यूनिक है और ईश्वर की अनुपम कृति है। प्रोफेसर ओंकारचंद उपस्थित श्रोताओं के सवालों का जवाब बेहद खूबसूरत अंदाज में देते हैं, जो दिलों तक उतर जाता है। उन्होंने अध्यात्म का अर्थ समझाते हुए कहा कि आत्मा का अध्ययन ही अध्यात्म है और इंसान को खुशियों से दोस्ती कर लेनी चाहिए। दोस्ती करने के लिए सबसे पहले उसे खुद खुश रहना होगा, खुद मुस्कुराना होगा और अपने अंदर के विकारों को खत्म करना होगा। उस परमशक्ति में विश्वास करते हुए उसे हर पल आगे बढ?ा है। उन्होंने कहा कि यदि हम हर पल अच्छा सोचेंगे तो उसके परिणाम भी सकारात्मक होंगे, हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। असल में हमारी सकारात्मक सोच ही हमारी खुशियों का कारण है। हर इंसान को उस परमपिता परमात्मा ने आतंरिक शक्ति और सोचने समझने की पावर दी है। इंसान की सोच पर बहुत कुछ निर्भर करता है।
ब्रह्माकुमारी मिशन से सन 2008 से जुड़े नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान ने प्रोफेसर ओंकारचंद की मुक्तकंठ से तारीफ करते हुए करनाल के सभी लोगों को सेक्टर नौ स्थित आईटीआई चौक पर ब्रह्माकुमारी आश्रम में हर शाम साढ़े 5 से साढ़े 7 बजे तक खुशियां आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचने का न्यौता दिया।

# सीजेएम ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया मुख्य न्यायिक** मजिस्ट्रेट और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने भागे हुए जोड़ों और लिव इन रिलेशनशिप में एक साथ रहने वालों को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में निरीक्षण के लिए पुलिस लाइन स्थित सेफ हाउस का बुधवार को दौरा किया। इसका उद्धेश्य जिला स्तर पर ऐसे जोड़ों द्वारा सामना की जाने वाली



शिकायतों को दूर करना था, ताकि उन्हें मदद के लिए उच्च न्यायालय जाने के लिए मजबूर न होना पड़े।
उन्होंने बताया कि सेफ हाउस में कुल 8 जोड़े ठहरे हुए हैं। सेफ हाउस के परिसर के निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने विवाहित जोड़ों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। जोड़ों के साथ व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से बातचीत की गई। उन्हें सूचित किया गया कि जांच अधिकारियों द्वारा बयान दर्ज करने के दौरान यदि उन्हें कोई समस्या आ रही है तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सलाह ले सकते हैं। सेफ हाउस में भोजन की लागत जोड़ों से ली जाती है। कपल्स को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। सेफ हाउस के इंचार्ज को परिसर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए।
सीजेएम ने उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्हें आस-पास साफ-सफाई रखने की समझाइश दी।
रनवे कपल्स से बातचीत के दौरान किसी भी कपल की ओर से उनके ठहरने और सुरक्षा को लेकर कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# आरपीआइआइटी कॉलेज के मालिक का किडनैप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया करनाल के** गांव बसताड़ा स्थित आरपीआइआईटी कॉलेज के मालिक भरत सिंघल का मंगलवार को किडनैप हो गया। ड्राइवर का आरोप है कि यूपी पुलिस की वर्दी पहने कुछ लोग सिंघल को वैगनआर गाड़ी में डालकर ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 11 बजे भरत सिंघल अपनी गाड़ी में ड्राइवर के साथ मिल से निकालकर बसताडा आरपीआइआईटी कॉलेज जा रहे था। जैसे ही वह गांव कंबोपुरा के पास पहुंचे तो सामने से आई एक वैगनआर कार ने उनकी कार को हाथ देकर रुकवा लिया। उसमें से 3 लोग यूपी पुलिस की वर्दी मे थे और एक सिविल ड्रैस में था। पहले उन लोगों ने भरत सिंघल का नाम पूछा, फिर कार से बाहर आने को कहा। नीचे उतरते ही उन्होंने भरत को जबरदस्ती वैगनआर कार में डाल लिया और अपने साथ मेरठ की तरफ ले गए। ड्राइवर ने घटना की सूचना कॉलेज प्रबंधन को दी, जिसके बाद उन्होंने मधुबन थाने में शिकायत दर्ज कराई।
थाना मधुबन प्रभारी तरसेम चंद कांबोज ने बताया कि ड्राइवर की शिकायत के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया मुख्य दंडाधिकारी** एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने जिला कारागार में स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया, जिसमें 5 अंडर ट्रायल प्रिजनर्स के केसों का चयन किया गया और उसमें से एक केस में एक के जुर्म कबूलने के बाद अंडरगोन किया गया।
सीजेएम ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के



लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अथॉरिटी के द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। सीजेएम ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय 3 लाख से कम है, ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है। आज की जेल लोक अदालत में अमित भादू, सुपरिंटेंडेंट, जिला कारागार, सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट, जिला कारागार भी उपस्थित थी। सुपरिंटेंडेंट अमित भादू, जिला कारागार ने सीजेएम को आश्वस्त किया कि हम सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए ना हो तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा उसे निशुल्क प्रदान किया जाएगा। इसके बाद सुश्री जसबीर कौर ने जिला कारागार के मेल और फीमेल वार्ड में जाकर वहां रह रहे कैदियों से वातार्लाप की और उनकी समस्याओं को सुना।

## संपादकीय

# मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति

**उत्तर** प्रदेश नगर निकाय चुनाव- 2023 मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले सभी छद्म धर्मनिरपेक्ष दलों की राजनीति के लिए बड़ा झटका हैं। इन चुनावों में समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी सहित लगभग सभी दलों ने दलित और मुस्लिम समाज के मतों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए पूरी ताकत व संसाधन झोंक दिये थे और समीकरण भी बिठाने के प्रयास किये थे लेकिन परिणाम दिखाते हैं कि उनकी ये रणनीति बेबस रही । उत्तर प्रदेश के निकाय चुनावों में समाजवादी पार्टी के बहुत सारे कद्दावर नेता, उनके परिवार के सदस्य व समर्थकों ने चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा का दामन थाम लिया था जिसका असर चुनाव परिणामों में दिखाई पड़ा है।समाजवादी पार्टी के लिए सबसे बड़ी हार चाचा शिवपाल यादव और रामगोपाल यादव के गढ़ में तो हुई ही है साथ ही रामपुर की स्वार विधानसभा उपचुनाव सीट पर सपा नेता आजम खां अपने बेटे अब्दुल्ला आजम का किला भी नहीं बचा। स्वार सीट से अब्दुल्ला आजम दो बार विधायक रहे, इस बार भी सपा नेता आजम खां की तरफ से पूरी ताकत झोंकी गयी थी और कई धमकी भरे बयान भी दिये गए थे लेकिन उसका कोई असर वहां की आम जनता पर नहीं पड़ा। आजम खां यहाँ से 10 बार विधायक चुने गये किंतु इस बार उनकी पार्टी मुख्य मुकाबले से ही बाहर हो गयी। आजम खां का रामपुर की राजनीति में 42 साल तक दबदबा रहा इया बार रामपुर नगर पालिका आम आदमी पार्टी प्रत्याशी सना खान के हाथ लग गया । समाजवादी पार्टी विधानसभा चुनावों में 2017 के 42 से बढ़कर इस बार 112 तक पहुंच गई थी और फिर मुखिया मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद उपजी सहानुभूति के बीच उनके निधन से खाली हुई सीट पर भी चाचा शिवपाल यादव के सहयोग से मिली विजय के कारण सपा मुखिया बहुत इतरा रहे थे लेकिन निकाय चुनाव आते-आते सपा की साइकिल पूरी पंक्चर हो गयी। माना जा रहा है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने नगर निगम और पंचायत चुनाव में टिकट वितरण में खूब मनमानी की जिसके कारण चाचा शिवपाल और रामगोपाल यादव का खेमा अपने भतीजे से बहुत बुरी तरह नाराज हो गया था। चाचा शिवपाल के लोगो को टिकट न मिलने से उन लोगों ने खुलकर बगावत करी और कहीं - कहीं कमल का भी दामन थाम लिया। पश्चिम में राष्ट्रीय लोकदल के साथ उनका गठबंधन बिखर गया। शफीकुर्रहमान वर्क जैसे सपा के बड़े मुस्लिम सांसद भी सपा का साथ लगभग छोड़ गये।मेरठ में मुसलमामन मतदाता ने एआईएमआईएम का साथ दिया जिसके कारण वहां सपा तीसरे नंबर पर खिसक गयी। सपा का गठबंधन बिखर चुका है और परिवार में भी आंतरिक तनाव दिख रहा है, वोट प्रतिशत भी बहुत नीचे चला गया है। सबसे बड़ी बात यह भी रही कि मतदान से पहले अतीक- अशरफ परिवार के एक सदस्य की ओर से एक अपील जारी कि गयी कि उनके मर्डर के लिए अखिलेश यादव भी कम जिम्मेदार नहीं है जिसका असर साफ दिखलाई पड़ा है।कई मुस्लिम बहुल इलाके जहां पर सपा का दबदबा रहता था वहां पर इस बार बसपा, एआईएमआईएम और आप का साथ दिया है। बहुजन समाज पार्टी ने इस बार दलित- मुस्लिम गठजोड़ के सहारे आगे बढ़ने का एक असफल प्रयास किया।

# मध्यप्रदेश में भी उठ रहा विद्रोह का बवंडर



**सुनील कुमार महला**

> “दरअसल अब भाजपा के कई नेताओं को ऐसा लगने लगा है कि पार्टी में अब उनका कोई भविष्य नहीं है। पिछले दिनों जो परिवर्तन हुए और जिस प्रकार नीतियां बदली गई, उसका प्रतिकूल असर पड़ता दिख रहा है। वरिष्ठ नेताओं को मार्गदर्शक मंडल की तरफ धकेला जा रहा है। जयंत मलैया, गौरीशंकर शेजवार, हिम्मत कोठारी जैसे नेताओं को उम्र का हवाला देकर साइड लाइन किया गया। फिर यह शर्त भी लगा दी कि पार्टी में वंशवाद नहीं चलेगा। ऐसे में नेता अपनी राजनीतिक विरासत को बचाने के लिए बगावत पर उतर रहे हैं और अन्य दलों में भविष्य की तलाश कर रहे हैं। इस समय भाजपा की लीडरशिप का निचले स्तर पर संवाद की भी कमी है”

**तमाम** मुद्दों और दांव-पेच के बावजूद कर्नाटक में सत्ता बचाने में असफल भाजपा के लिए इन परिणामों के प्रभाव से दूसरे राज्यों को बचा पाना नई चुनौती बन गया है, जबकि संकेत स्पष्ट हैं कि कर्नाटक में कमल न खिलने का असर आने वाले दिनों में मध्य प्रदेश में सत्ता से संगठन तक विभिन्न स्तरों पर बदलाव के रूप में दिखाई पड़ सकता है। उसके सामने आत्मविश्वास और उत्साह से भरपूर कांग्रेस है, जिसे कर्नाटक के परिणाम से संजीवनी मिल गई है। अब विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, मध्यप्रदेश में भाजपा की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। आने वाले दिनों में यह कम होने की बजाय बढ़ेंगी ही। राजनीति के जानकार तो यहां तक कह रहे हैं कि चुनावी साल में जिस तरह की विद्रोही लहर मध्यप्रदेश बीजेपी में उठी है, उसे जल्द से जल्द शांत नहीं किया गया तो पार्टी को 20 से 22 सीटों पर भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। पिछले चुनाव की हार से भाजपा ये तो अच्छी तरह से समझ गई है कि 22 सीटों पर नुकसान का मतलब सत्ता से बहुत दूर हो जाना है।

कुछ कार्यकर्त्ता है जिनका सब्र टूट गया , इसमें दीपक जोशी जैसे कार्यकर्ता हैं। इन्हें लगता है कि अब कोई वजह नहीं रही पार्टी में बने रहने की। यहां रहने पर कोई भविष्य नहीं है।कुछ असंतुष्ट ऐसे कार्यकर्ता है जो पार्टी नहीं छोड़ रहे भाजपा के खिलाफ खुलकर बोलने लगे हैं। इसमें सत्यनारायण सत्तन जैसे लोग हैं। मुख्यमंत्री से मिलकर सत्तन भले शांत हो गए हो लेकिन उनके जैसे कई कार्यकर्ता आने वाले दिनों में मुखर हो सकते हैं।कुछ पार्टी में संतुष्ट नहीं लेकिन डिप्लोमेटिक तरीके से निपटने में माहिर है । ये ऐसे कार्यकर्ता हैं जो प्रदेश संगठन की रीति-नीति और कामकाज से संतुष्ट नहीं हैं लेकिन पार्टी में बने रहेंगे। इसके पीछे इनकी अपनी मजबूरी भी हैं लेकिन इससे पार्टी को नुकसान उठाना पड़ेगा। ये डिप्लोमेटिक तरीके से बोलते हैं और काम करते हैं। इंदौर के एक बड़े नेता जैसे और भी कार्यकर्ता आने वाले दिनों में सक्रियता दिखाएंगे।कुछ तो घुट रहे हैं लेकिन कुछ बोलेंगे नहीं जैसे कार्यकताओं की अपनी सियासी मजबूरी है, जिसके चलते ये कुछ बोलेंगे नहीं। चूंकि अंदर ही अंदर घुट रहे हैं, इसलिए पार्टी को इनके रवैये से नुकसान उठाना पड़ेगा। तीन बार के विधायक दीपक जोशी का कांग्रेस में जाना भाजपा के लिए बहुत बड़ा झटका है। इससे पार्टी की छवि तो खराब होगी ही,



खातेगांव, कन्नौद, बागली, हाटपीपल्या सहित आसपास की सीटों पर भाजपा को नुकसान हो सकता है। इस इलाके में स्व. कैलाश जोशी का प्रभाव रहा है। उनके बेटे दीपक जोशी ने जिस तरह कांग्रेस में शामिल होते हुए तेवर दिखाए हैं, उससे लगता है कि वे क्षेत्र में चिल्ला-चिल्लाकर भाजपाइयों के कारनामे उजागर करेंगे। कुछ जानकार ज्योतिरादित्य सिंधिया के गढ़ का उदाहरण देते हुए कहते हैं- यहां हाल ही में अशोकनगर से भाजपा से 3 बार के विधायक स्व. राव देशराज सिंह यादव के बेटे यादवेंद्र सिंह यादव ने कांग्रेस जॉइन की है। खास बात यह है कि भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा का यह गृह जिला है। राव परिवार का अशोकनगर जिले में पिछले कई सालों से दबदबा रहा है। यादवेंद्र के छोटे भाई अजय प्रताप अभी भी भाजपा सरकार में अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग निगम उपाध्यक्ष हैं। ऐसे में चुनाव से कुछ समय पहले हुई राजनीतिक उठापटक से अशोकनगर के राजनीतिक समीकरण बदलेंगे, लेकिन सबसे ज्यादा असर यादव बाहुल्य मुंगावली सीट पर दिखेगा। यहां यादव सहित अन्य समाज भी राव परिवार से जुड़े रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि मप्र में भाजपा के बड़े नेता खुलकर बयान दे रहे हैं, इससे चुनाव में पार्टी को नुकसान होना निश्चित है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी नेता (पूर्व राज्यसभा सांसद रघुनंदन शर्मा) ने केंद्रीय नेतृत्व की कार्यप्रणाली पर ही सवाल उठा दिया। अमूमन देखा गया है कि ऐसे मामलों को केंद्रीय नेतृत्व गंभीरता से लेता है, लेकिन मध्य प्रदेश की तुलना द्रोपदी से करके पांच प्रभारियों को पति बताना कोई हल्की बात नहीं है। यह संकेत है कि इन बयानों से असंतुष्ट नेताओं को ताकत मिलेगी। ऐसे में पार्टी के भीतर जो लोग सत्ता-संगठन से नाराज हैं, वे या तो खुलकर बगावती तेवर दिखाएंगे या फिर घर बैठ जाएंगे। कुछ नेता राजनीति में जो इशारों बोलते है, उसका असर खुलकर बोलने से ज्यादा होता है। यह सब जानते हैं। कैलाश विजयवर्गीय का बयान (भाजपा ही भाजपा को हराएगी) पार्टी के नीति-निर्धारकों के लिए तो संदेश है ही, लेकिन मूल काडर पर भी इसका असर होगा। इस बयान से साफ है कि पार्टी में नेतृत्व स्तर पर एकता नहीं है और सिंधिया समर्थकों को भाजपा के मूल काडर ने स्वीकार नहीं किया है। यदि इसे अभी नहीं रोका गया तो राज्य की पार्टी लीडरशिप के खिलाफ माहौल और बनेगा। मप्र की सियासत पर नजर रखने वाले जानकार कहते हैं कि चुनावी साल में बगावती तेवरों से उन 20-22 सीटों पर भाजपा को नुकसान होने की पूरी संभावना है, जहां सिंधिया समर्थक विधायक हैं। यानी जहां कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए विधायक है। दीपक जोशी का पार्टी छोड़ना हो या फिर भंवर सिंह शेखावत के बदले सुर, इसके साफ संकेत दे रहे हैं।भाजपा सूत्रों की मानें तो हाल ही में संगठन को मिली 14 नेताओं की रिपोर्ट में सिंधिया समर्थकों के क्षेत्रों में नाराजगी ज्यादा है। दरअसल, भाजपा के मूल नेता खासकर पूर्व विधायक और वे नेता जो चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं, फिलहाल चुप हैं। उन्हें समय रहते मनाया नहीं गया तो वे चुनाव के दौरान या तो घर बैठ जाएंगे या फिर सिंधिया समर्थकों को टिकट मिलने पर एकजुट होकर नुकसान पहुंचाएंगे।इस समय भाजपा में प्यारे लाल खंडेलवाल जैसा एक भी सर्वमान्य नेता दिखाई नहीं दे रहा है, जो पार्टी के भीतर की गुटबाजी को समझता हो और जिसके कहने से असंतुष्ट मान जाएं। भाजपा की मूल विचारधारा के नेताओं की नाराजगी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से लेकर प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित कई बड़े नेताओं ने एड़ी चोटी का जोर लगा रहे है। हालांकि, दीपक जोशी पर उनकी समझाइश का कोई असर नहीं हुआ। ऐसे में अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े नेताओं ने मोर्चा संभाला है। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने नाराज नेताओं से वन-टू-वन बातचीत करना शुरू किया है। दोनों नेताओं ने दीपक जोशी से भी संपर्क कर उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन कड़वाहट इतनी बढ़ गई कि जोशी ने बातचीत के दरवाजे बंद कर दिए।भंवर सिंह शेखावत कह रहे है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थकों के कारण भाजपा की बदनामी हो रही है। जिन लोगों ने 2018 में भाजपा की सरकार नहीं बनने दी, उन्हें पार्टी में सम्मानित किया जा रहा है। शेखावत ने कहा कि यह टिकट की लड़ाई नहीं है। सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा की हालत खराब है। कांग्रेसियों के भाजपा में आने से पार्टी की हालत खराब हुई है। पार्टी में अब जमीनी कार्यकर्ता और असली नेताओं की पूछ परख नहीं होती है। वैसे कर्नाटक चुनाव के बाद ही बगावत का बवंडर नहीं उठा है यह आग तो पहले से लगी थी धुंवा अब उठाने लगा है । दरअसल अब भाजपा के कई नेताओं को ऐसा लगने लगा है कि पार्टी में अब उनका कोई भविष्य नहीं है। पिछले दिनों जो परिवर्तन हुए और जिस प्रकार नीतियां बदली गईं, उसका प्रतिकूल असर पड़ता दिख रहा है। वरिष्ठ नेताओं को मार्गदर्शक मंडल की तरफ धकेला जा रहा है। जयंत मलैया, गौरीशंकर शेजवार, हिम्मत कोठारी जैसे नेताओं को उम्र का हवाला देकर साइड लाइन किया गया। फिर यह शर्त भी लगा दी कि पार्टी में वंशवाद नहीं चलेगा। ऐसे में नेता अपनी राजनीतिक विरासत को बचाने के लिए बगावत पर उतर रहे हैं और अन्य दलों में भविष्य की तलाश कर रहे हैं। इस समय भाजपा की लीडरशिप का निचले स्तर पर संवाद की भी कमी है।

## कविता

कोई कविता नहीं लिखता
सड़क के लिए?
सड़क बेचारी
कभी सुनसान, कभी बियाबान
कभी पथरीले, कभी कटीले,
भीड़ के हादसे को सहते,
मशीनी हाथियों का सैलाब
दर्द सहती, गुमसुम
चलती जाती है,
दर्द की अभिव्यक्ति
किससे कहें, किसकी सुने,
नियति उसकी दर्द झेलना ही है,
किसी को उसके दर्द से क्या दर्द,
हां कभी कोई लहूलुहान,
वक्त का मारा,
हादसों का शिकार
लग कर गले,
बहा जाता है रक्त
और दर्द के दो आंसू
एक अपने लिए और
एक शायद उसी की तरह
जीती और दर्द भोगती
सड़क के लिए,
वह घायल पथिक जानता है
इसका अपना कोई सगा नहीं

संजीव

# राजनीति में कुरसीमाई !

**सुनील महला**

**न जाने** किसने बनाई है ? कुर्सी में ही असली मलाई है। आज की इस दुनिया में कुर्सी के प्रति खूब रूझान है, कुर्सी ही जहान है, कुर्सी ही महान है। कुर्सी पर बैठते ही सबको राजा का सा अहसास होता है। अंग्रेजी में कहते जिसे 'चेयर' है, कुर्सी प्राप्ति के लिए इस दुनिया में सबकुछ 'फेयर' है। कुर्सी आदमी को देती 'चीयर'(खुशी) है, कुर्सी है तो न किसी का 'फीयर'(डर) है। कुर्सी राजनेताओं की असली हमदम है। कुर्सी है तो जीवन चमाचम है। कुर्सी नहीं है तो गम ही गम है, हर तरफ फिर तम ही तम (अंधेरा) है। कुर्सी कंचन है, कुर्सी वंदन है, कुर्सी ही चंदन है, कुर्सी अभिनंदन है। कुर्सी पावर है, कुर्सी पर दिलो-जान न्यौछावर है। रामलुभाया जी नेता हैं। नेता और कुर्सी का सीधा संबंध है। रामलुभाया जी कुर्सी पर बैठकर जुबान हिलाते हैं। काम सारे पल में कुर्सी के बल करवाते हैं। कुर्सी की यही तो असली खूबी है, यही जूही यही रूबी है। शासन की कुर्सी में ठाठ ही ठाठ हैं, पावर में नौकर-चाकर, बंगला-गाड़ी अस्सी गुणा आठ हैं। आओ आओ खा-पी लें कुर्सी की मलाई, राजनीति में बेस्ट है कुरसी माई। ये कुर्सी तो है बड़ी हाई-फाई। एक बार हाथ आई तो बन बैठते राजनेता जैसे हो शासन के जंवाई। मन में लड्डू ही लड्डू कुर्सी हासिल होने के बाद फूटते। न होती हासिल कुर्सी तो राजनेता हर ?ोज रूठते। फिर आंसू ही आंसू गालों से उनके छूटते। कुर्सी से चेहरे पर होता है इनके वसंत। आम आदमी का फिर पांच साल ले लेते हैं ये अंत। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, लालफीताशाही कुर्सी को न आते कभी नजर। लेते हैं राजनेता अपनी व अपनी सातों पीढ़ियों की ही खबर। कुर्सी से जाते पांच साल तक चिपक। माल कितना बना लिया, लगती नहीं किसी को तनिक भी भनक। कुर्सी से होता है सभी नेताओं को खूब मोह, चाहते नहीं कभी भी कुर्सी से बिछोह। कितनी बड़ी बात है कि हमारे नेता कभी जमीन पर बैठने का करते नहीं अभ्यास। होता है कुर्सी हथियाने का उनका सदा ही नायाब प्रयास। कुर्सी की आश(आशा) में ही सभी राजनेता हैं जीते। सत्तासीन होकर सुख के घूंट ही सब पीते। वो एक दिन रामलुभाया जी की पत्नी ने रामलुभाया जी से कहा-'अजी ! बीच-बीच में आम आदमी की तरह आप भी तो जमीन पर बैठा करो। यूं कुर्सी को लेकर सदा ही न ऐंठा(शेखी बघारना) करों, क्यों कि हर वक्त कुर्सी नसीब नहीं होती है, अजी ! कभी नाव गाड़ी पर तो कभी गाड़ी नाव पर होती है। अजी ! कुर्सी साधारण से साधारण आदमी को भी भाषण सिखलाती है। भाषण ही राजनेताओं व राजनीति की असली थाती है।

## विचार

# फूट चुका है न खाऊंगा न खाने दूंगा का 'गुब्बारा'

**निर्मल रानी**

**दो करोड़** रोजगार और सभी के खातों में 15 -15 लाख रुपए डालने जैसी तमाम बातें हवा हवाई साबित हो चुकी हैं। 15 -15 लाख रुपए खातों में डालने वाली चर्चा पर तो स्वयं गृह मंत्री ने यह कह कर विराम लगाने की कोशिश की थी कि 'यह तो एक जुमला ' था। तभी से कई आलोचक सरकार को 'जुमला सरकार' भी कहने लगे हैं। गंगा सफाई,सौ स्मार्ट सिटी बनाने जैसे अनेक वादों की तो कब की हवा निकल चुकी है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया था,'न खाऊंगा न खाने दूंगा '। सरकार दावे भी करती है कि 2014 से लेकर अब तक भ्रष्टाचार में काफी कमी आई है। आए दिन विपक्षी दलों के नेताओं के ठिकानों पर पड़ने वाले ई डी,सी बी आई व इनकम टैक्स विभाग के छापे और कई जगहों पर होने वाली अकूत धन संपत्ति की बरामदगी से ऐसा सन्देश भी जाता है कि सरकार भ्रष्टाचार रोकने के लिये काफी गंभीर है। कुछ गोदी मीडिया भी ऐसी खबरों को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर यह माहौल बनाना चाहता है कि सरकार भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। परन्तु वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के अनुसार ' यू पी ए सरकार की तुलना में भ्रष्टाचारियों की सजा की दर इस सरकार में कम हो गयी है। तथ्य यह है कि 2013 में 1136 व्यक्तियों को भ्रष्टाचार के लिए दोषी ठहराया गया। जबकि 2014 में 993 ,2015 में 878 और 2016 में केवल 71 लोगों को दोषी ठहराया गया। कोई व्यक्ति झूठ बोल सकता है परन्तु तथ्य नहीं। आखिर भ्रष्टाचारियों को कौन बचा रहा है '?

हकीकत तो यह है कि वर्तमान सरकार के दौर में सत्ता से जुड़े व सत्ता का संरक्षण प्राप्त कई भ्रष्टाचारियों के चेहरे बेनकाब हुए हैं । जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने स्वयं यह कहा कि नरेंद्र मोदी को भ्रष्टाचार से नफरत नहीं है। मलिक ने यह भी कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष उनके एक मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले उठाए थे, जिस पर उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बजाय आनन-फानन में उनका तबादला करके मेघालय भेज दिया। यहां तक कि कश्मीर का राज्यपाल होते उन्होंने आर एस एस के वरिष्ठ नेता व प्रवक्ता रह चुके राम माधव का नाम लेकर भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर किये। इससे ऊँचे स्तर पर भ्रष्टाचार की मिसाल और क्या हो सकती है ? कर्नाटक चुनाव में भाजपा की पराजय का मुख्य कारण ही राज्य के भाजपा नेताओं पर लगने वाले भ्रष्टाचार के आरोप ही थे। राज्य में यह बात जन जन तक पहुँच चुकी थी कि किसी भी काम के लिये 100 में से 40 रुपए मंत्री-विधायक की रिश्वत निर्धारित थी।

वह कर्नाटक ही था जहां चुनाव से कुछ ही समय पूर्व भाजपा के तत्कालीन विधायक मदल विरुपक्षप्पा के एक अधिकारी स्तर के पुत्र प्रशांत कुमार को 40 लाख रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ़्तार किया गया। भाजपा विधायक पुत्र प्रशांत कुमार कर्नाटक प्रशासनिक सेवा के 2008 बैच का अधिकारी है । उसने साबुन और अन्य डिटर्जेंट बनाने के लिए कच्चे माल को खरीदने की डील के लिए एक ठेकेदार से 80 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। परन्तु ठेकेदार ने इसकी शिकायत लोकायुक्त से कर दी। लोकायुक्त अधिकारियों ने विरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत कोकर्नाटक सोप एंड डिटर्जेंट लिमिटेड (केएसडीएल) कार्यालय में 40 लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा और उसे गिरफ़्तार कर लिया। इसके बाद लोकायुक्त ने के एस डी एल के कार्यालय व प्रशांत के घर पर छापा मारा तो वहाँ से 8 करोड़ रुपए नकद बरामद हुये। गौरतलब है कि भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा स्वयं के एस डी एल के प्रमुख थे जबकि उनका बेटा बंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड में मुख्य लेखाकार है। परन्तु विधायक पिता जिस सरकारी कंपनी का अध्यक्ष था उसका बेटा उसी कंपनी के काम के लिये रिश्वत लेता था। भ्रष्टाचार के इसतरह के और भी कई मामले कर्नाटक में ही उजागर हो चुके थे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आदर्शनवान जुँएँ

**डॉ. सुरेश कुमार**

**जूँ** बड़े आदर्शवान होते हैं। उनसे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। वे बड़े मेहनती होते हैं। वे हमारी तरह ईर्ष्यालु अथवा झगड़ालु नहीं होते। वे अत्यंत मिलनसार तथा भाई-चारा का संदेश देने वाले महान प्राणी होते हैं। इस सृष्टि की रचना के आरंभ से उनका और हमारा साथ फेविक्विक से भी ज्यादा मजबूत है। वे जिनके भी सिर को अपना आशियाना बना लेते हैं, उसे मंदिर की तरह पूजते हैं। ह्यतुम ही मेरे मंदिर, तुम ही मेरी पूजा, तुम ही देवता होह्न की तर्ज पर हमारी खोपड़ी की पूजा तन-मन से करते हैं। जुँएँ बाहुबली की तरह शक्तिशाली होते हैं। उनकी पकड़ अद्वितीय है। उनकी चाल-ढाल और गतिशीलता बिजली की भांति तेज होती है। हम तो उनके सामने फेल हैं। पलक झपकते ही सिर में ऐसे गायब हो जाते हैं जैसे उनके पंख लगे हों। वे बड़े संघर्षशील तथा अस्तित्वप्रिय होते हैं। वे हमारी तरह डरपोक नहीं होते। बड़ी-बड़ी मुसीबतों का सामना हँसते-हँसते करते हैं। वे धूप, बरसात, आंधी, बाढ़ सबका सामना ह्यखड़ा हिमालय बता रहा है, डरो न आंधी पानी में, खड़े रहो तुम अविचल होकर, सब संकट तूफानी मेंह्न की तर्ज पर करते हैं। किसी की मजाल जो उन्हें भगा दें। जब तक उनके बारे में खोपड़ी वाले को पता न चले, तब तक वे बाहर नहीं निकलते। बेचारे अपने सभी काम उस छोटी सी खोपड़ी पर करते हैं। कभी जगह की कमी की शिकायत नहीं करते। जो मिला उसे भगवान की देन मानकर उसी में अपना सब कुछ लगा देते हैं। स्थान और समय प्रबंधन के महागुरु हैं। हमारे नहाने के साथ वे नहा लेते हैं। त्यौहार का दिन हो तो उनका जीना मुश्किल हो जाता है। उस दिन शैंपू, हेयर क्लीनर के नाम पर न जाने कितने रासायनिक पदार्थों का सामना करते हैं। फिर भी जुँएँ संघर्ष का परचम फहराने से नहीं चूकते। ये सब तो उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं है। उनकी शामत तो सिर पर तौलिया रगड़ने से आती है। जैसे-तैसे प्राण बचाने में सफल हो जाते हैं। हेयर ड्रायर की जोरदार गर्म हवा से इनके शरीर का तापमान गरमा जाता है और अपनों से बिछुड़ जाते हैं। फिर भी अपने आत्मविश्वास में रत्ती भर का फर्क नहीं आने देते। आए दिन उन पर खुजलाने के नाम पर, कंघी के नाम पर हमले होते ही रहते हैं।

# बालक के सीखने का पायदान

**विजय गर्ग**

**यह** भी एक बड़ा कारण है कि दसवीं आते-आते करीब चालीस फीसद बच्चे बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। उनके लिए स्कूल, पुस्तक, परीक्षा, डिग्री महज एक उबाऊ या रटने वाली गैर-उत्पादक प्रक्रिया होती है और उसमें वे अपनी रोटी या भविष्य नहीं देखते। दरअसल, शिक्षा प्रणाली का मौजूदा स्वरूप आनंददायक शिक्षा के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा है। इसमें पाठ्य-पुस्तकें भी शामिल हैं। स्कूल में पढ़े हुए के मूल्यांकन के तौर पर होने वाली परीक्षा और उसके परिणामों ने एक भयावह सपने, अनिश्चितता की जननी और बच्चों के नैसर्गिक विकास में बाधा का रूप ले लिया है।

लिखना, पढ़ना, बोलना, सुनना- ये चारों क्रियाएं वैसे तो अलग-अलग हैं, लेकिन वे एक दूसरे से जुड़ी हैं। एक दूसरे पर निर्भर हैं, एक दूसरे को उभारती हैं। एक अकेले शब्द का अर्थ अलग होता है, कुछ शब्द जुड़ कर जब एक वाक्य बनते हैं तो उनका अर्थ व्यापक हो जाता है। सरल भाषा वही है जो उपर्युक्त चारों क्रियाओं में सहज हो। बच्चा घर में अपनी देशज भाषा- बुंदेली, मालवी, ब्रज या राजस्थानी इस्तेमाल कर रहा हो और स्कूल में उसे खड़ी बोली में पढ़ाया जा रहा हो। उसके बालने, समझने, सीखने और पढ़ने की भाषा में जैसे ही भेद होता है, वह गड़बड़ा जाता है और पुस्तकों में अपनी ऊब को खड़ा पाता है। व्यक्तित्व के विकास में भाषा एक कुंजी है, अपनी बात दूसरों तक पहुंचाना हो या फिर दूसरों की बात ग्रहण करना, भाषा के ज्ञान के बगैर संभव नहीं है। भाषा का सीधा संबंध जीवन से है और यही बच्चे को परिवार, समाज से जोड़ती है। भाषा शिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालक को सोचने-विचारने की क्षमता प्रदान करना, उस सोच को निरंतर आगे बढ़ाना, सोच को सरल रूप में अभिव्यक्त करने का मार्ग तलाशना होता है। अब जरा देखें कि मालवी और राजस्थानी की कई बोलियो में ह्यसह्न का उच्चारण ह्यहह्न होता है और बच्चा अपने घर में वही सुनता है। लेकिन जब वह स्कूल में शिक्षक से या अपनी पाठ्यपुस्तक में पढ़ता है तो उससे संदेश मिलता है कि उसके माता-पिता गलत उच्चारण करते हैं। सभी जनजातीय बोलियों में हिंदी के स्वर-व्यंजन में से एक चौथाई होते ही नहीं हैं। असल में आदिवासी कम में काम चलाना और संचय न करने के नैसर्गिक गुणों के साथ जीवनयापन करते हैं और यही उनकी बोली में भी होता है।

# गौशाला के लिए 34 लाख से ज्यादा की अनुदान राशि जारी



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**गौ सेवा** आयोग के सदस्य राकेश मलिक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गौ सेवा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्ष 2023-24 के लिए गौशालाओं को दी जाने वाली अनुदान राशि में ढाई गुणा की बढ़ातरी की है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा जिला की 25 गौशालाओं को मौसमी सुखा चारा (तूड़ा, भूसा) खरीदने के लिए पहली किश्त के रूप में 2 करोड़ 98 लाख 83 हजार 750 रुपए की अनुदान राशि जारी की है। गौ सेवा आयोग के सदस्य ने गौशालाओं को विशेष त्वरित अनुदान राशि जारी करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार लगातार गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कदम उठा रहे हैं। हरियाणा सरकार ने हरियाणा गौ सेवा आयोग को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बजट राशि 40 करोड़ से बढ़ाकर 456 करोड़ रूपे का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला में 40 हजार 219 गौवंश है, जिनके लिए यह अनुदान राशि गौशाला में अनुत्पादक गौवंश के प्रतिशत के आधार पर प्रति गौवंश की दर से दी जाएगी।

केवल नंदी वाली गौशाला में 1250 रुपए प्रति गौवंश वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। गौ सेवा आयोग के सदस्य मलिक ने बताया कि शत प्रतिशत अनुत्पादक गौवंश वाली गौशाला को 1 हजार रुपए प्रति गौवंश, 99-76 प्रतिशत वाली गौशाला को 750 रुपए, 75-51 प्रतिशत वाली गौशाला को 500 रुपए और 50-33 प्रतिशत वाली गौशाला को 250 रुपए प्रति गौवंश वित्तीय सहायता दी जाएगी।

मलिक ने बताया कि हरियाणा सरकार ने गांव सांदल कलां स्थित श्री राधा कृष्ण गोपाल आदर्श गौशाला को 6 लाख 83 हजार 250 रुपए, गांव भठगांव स्थित धर्मार्थ गौशाला को 26 लाख 42 हजार 250 रुपए, मोहाना स्थित हरिओम गौशाला को 58 हजार रुपए, गांव सिसाना स्थित धर्मार्थ गौशाला को 30 लाख 03 हजार 750 रुपए, गांव जाखौली स्थित श्री जयराम पंचायती गौशाला समिति को 10 लाख 86 हजार 750 रुपए, सोनीपत स्थित पुरखास रोड़

**▶▶ पहली किश्त के रूप में 2 करोड़ 98 लाख 83 हजार 750 रुपए की अनुदान राशि जारी की है**

स्थित श्री गौशाला को 26 लाख 12 हजार 250 रुपए, गांव निजामपुर स्थित जय श्री श्याम गौशाला को 1 लाख 82 हजार 250 रुपए, गांव मुण्डलाना स्थित श्री कृष्ण वासुदेव गौशाला को 24 लाख रुपए, गांव कासंडा स्थित मुरली दास गौशाला को 11 लाख 70 हजार रुपए, गांव गढ़ी झझारा स्थित गौ रक्षनी स्नातन धर्म गौशाला को 16 लाख 03 हजार 500 रुपए, गांव तिहाड़ मलिक स्थित बाबा गगन साध गौशाला को 8 लाख 64 हजार रुपए, गन्नौर स्थित श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला को 23 लाख 25 हजार 750 रुपए की अनुदान राशि जारी की। गांव खेड़ी गुज्जर स्थित वर्धमान बाबा जगतीनाथ गौशाला को 22 लाख 90 हजार 500 रुपए, गन्नौर स्थित श्री गौशाला को 23 लाख 76 हजार रुपए, गांव सैदपुर स्थित पीड़ित गौवंश सेवा समिति को 4 लाख 23 हजार 750 हजार, गोहाना स्थित श्री कृष्ण आदर्श गौशाला को 9 लाख 45 हजार रुपए, गांव बुटाना स्थित श्री गोपाल कृष्ण गौशाला को 8 लाख 62 हजार 500 रुपए, गांव बली ब्राह्मण स्थित श्री कृष्ण भगवान गौशाला को 11 लाख 70 हजार रुपए, गांव मुरथल स्थित बाबा कालीनाथ गौशाला को 5 लाख 90 हजार रुपए, गांव निरथान स्थित श्री कृष्ण गौ सेवा सदन को 1 लाख 95 हजार रुपए, गांव शाहपुर तगा स्थित श्री श्री 108 बाबा मोहन दास गौशाला को 12 लाख 32 हजार 250 रुपए, गांव ठसका स्थित नंदलाल गौधन गौशाला को 7 लाख 60 हजार 500 रुपए, गोहाना स्थित भगवान श्री रामप्रसाद जैन गौ सेवा सदन को 1 लाख 29 हजार रुपए, गांव हरसाना कलां स्थित बंसीधाम गौशाला को 1 लाख 71 हजार रुपए तथा गांव कुमासपुर स्थित यशोदा नंदन श्री कृष्ण गौशाला सेवा समिति को 1 लाख 6 हजार 500 रुपए की अनुदान राशि जारी की।

# मलेरिया की रोकथाम के लिए बरतें सावधानियां: डॉ. अनमोल



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नगराधीश डॉ0** अनमोल ने कहा कि जिला में मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारी न फैलने पाएं इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य उपस्थित विभागों को तन्मयता से स्वास्थ्य सुरक्षात्मक कदम उठाने जरूरी है। आमजन को जागरूक करने के लिए मलेरिया व अन्य जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए सभी विभागों को सजग रहने की आवश्यकता है। बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेस हाल में नगराधीश डॉ0 अनमोल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगराधीश ने कहा कि बदलते मौसम में मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारियों पर रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूर्ण रूप से गंभीरता से कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोगी के रूप में जिला प्रशासन टीम भावना के साथ कार्य करेगा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान मलेरिया से बचाव के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए ताकि लोगों को विद्यार्थियों के माध्यम से अधिक से अधिक सजग किया जा सके। उन्होंने नप अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों तथा डीडीपीओ को ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया से बचाव की दिशा में फॉगिंग कराने के भी निर्देश दिए। नगराधीश ने कहा कि गांवों में तालाबों व जोहड़ो में गम्बुजिया मछली भी छोड़ी जाए जो मच्छरों को पनपने नहीं देती। उन्होंने निर्देश दिए कि मलेरिया उन्मूलन की सभी टीम ठहरे हुए पानी में काला तेल व टेमिफोस की दवाई का छिडकाव करें, जिससे मच्छर का लारवा खत्म हो सके और जानलेवा बीमारी फैलाने वाले मच्छरों की उत्पत्ति पर पूर्ण रूप से रोक लग सके। उन्होंने कहा कि जिला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू टेस्ट के लिए 600 रुपये व चिकनगुनिया टेस्ट के लिए 1000 रुपये निर्धारित किए गए हैं। अगर कोई हॉस्पिटल या लैब नागरिकों से इससे अधिक रुपए वसूल ता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगराधीश ने जिला के नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। एक जगह पर पानी को इक्ठ्ठा न होने दें। उन्होंने बताया कि मच्छर ठहरे (एकत्रित) हुए पानी मे अंडे देते हैं, जिससे मलेरिया व डेंगू की बीमारी फैलाने वाले मच्छरों की बढ़ोतरी तेजी से होती है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी व प्राईवेट कार्यालयों तथा जिलावासी सप्ताह में एक दिन को ड्राइ डे के रूप मे मनाएं, इस दिन घर के सभी कूलर व टंकियों को अच्छी तरह से कपड़े से रगडकर साफ कर लें, फ्रिज की ट्रे का पानी जो बिजली जाने के बाद फ्रिज की बर्फ के पिघलने से ट्रे में एकत्रित होता है, उसको जरूर साफ करें। क्योंकि फ्रिज की ट्रे के साफ पानी में डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर की उत्पत्ति होती है। घर मे प्रयोग किए जा रहे एसी के पानी को एकत्रित न होने दें।

## न्यूज फ्लैश

### मिशन बुनियाद का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकासः अखिल पिलानी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
**राजकीय मॉडल** संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के केशव सदन में मिशन बुनियाद के अंतर्गत ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त उपायुक्त माननीय अखिल पिलानी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह पुनिया ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिरिक्त उपायुक्त माननीय अखिल पिलानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह पुनिया, डीडीईओ रामदिया गागट, उप जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार तुषार, डॉ श्याम सुंदर आहूजा बीईओ शाहाबाद, बीईओ संतोष चौहान, बीआरसी निशा गुप्ता, कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक, प्राचार्य सचिंदर कोड़ा, राजेश सैनी, विजेंदर शर्मा, रमेश सांगवान, रामराज कौशिक ने अतिरिक्त उपायुक्त माननीय अखिल पिलानी को पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। अखिल पिलानी ने बच्चों व उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा बुनियाद मिशन के अन्तर्गत विद्यार्थियों को जो सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, वे उनके व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जीवन में कठिन परीक्षण करें तथा हर चुनौती का बखूबी सामना करें तभी सफलता के शीर्ष पर पहुंचेगे। अखिल पिलानी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को इस युग हमें यदि ऊंचाइयों पर पहुंचना है तो कठिन परिश्रम करना होगा। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि अपने बच्चों के लिए आपको भी अपनी जिमेदारी का निर्वहन करना है तथा बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए जागरूक रहते हुए बच्चों के दैनिक क्रियाकलापों पर नजर रखनी होगी ताकि बच्चे अपने उदेश्य से न भटकें। प्रेम सिंह पुनिया ने अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया तथा विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बुनियाद मिशन विद्यार्थियों के जीवन को आलोकित करेगा तथा उन्हें आगे बढ़ने के अवसर भी प्रदान करेगा। मिशन बुनियाद कार्यक्रम के निर्देशक प्रदीप संसनवाल सहित मिशन

### अग्रवाल मंडी के तालाब की सफाई व सौंदर्य करण के लिए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

**पानीपतः समाज** सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया अग्रवाल मंडी के पूर्वी द्वार पर सैकड़ों वर्ष पुराना तलाब है। इसकी शिकायत कई बार आयुक्त से कई बार कर चुके हैं व हुमन राइट चंडीगढ़ से ऑर्डर होने के बाद 2016 में तालाब की सफाई शुरू हुई थी। लेकिन बरसात आ जाने से और जो तालाब के मालिक बनते हैं वह कोर्ट चले गए थे। जबकि कोर्ट ने भी तालाब की सफाई के निर्देश नगर निगम को दे रखे हैं लेकिन नगर निगम कोई सफाई नहीं करा रहा है। आगे बरसात का मौसम है तलाब की गंदगी की वजह से कॉलोनी में बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। अगर तलाब का सौंदर्य करण करवा दिया जाए जिससे कॉलोनी के बुजुर्ग वह बच्चे आसपास में घूम सके सुबह-शाम शेर कर सकें जिससे कॉलोनी में साफ-सफाई रहे। हमारे प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का सपना भी साकार हो सके और 1908 से लेकर 1980 तक की जमाबंदी ओ में तलाब दशार्या गया है। लेकिन फिलहाल की जमाबंदी में तलाब की जगह मकान दिखा रखे हैं लेकिन मौके पर मौजूदा तलाब ही है जिसके सौंदर्य करण के लिए समाज सेवा संगठन का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला जिस पर उपायुक्त महोदय ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। 19 मई शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला अग्रवाल मंडी जैन स्थानक में आ रहे हैं। समाज सेवा संगठन उप मुख्यमंत्री को भी तलाब के सौंदर्य करण करने के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा। मौके पर मौके पर प्रवीण जैन, राजेंद्र जैन महामंत्री, जैन स्थानक कैलाश जैन, अमित जैन, मोहित जैन,आदि मौजूद रहे।

# कन्या स्कूल की मेरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं को सरपंच सुनीता कादियान ने किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** के गांव सिवाह स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की सरपंच सुनीता कादियान और आर्य रणदीप कादियान ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षा में 2023 के परीक्षा परिणाम में मेरिट प्राप्त करने वाली स्कूल की छात्राओं को सम्मानित किया गया। सरपंच सुनीता कादियान ने कहा कि शिक्षा ही मनुष्य के उत्थान का सर्वश्रेष्ठ साधन है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के लिए बच्चे दिन रात कड़ी मेहनत करके अपने मुकाम को हासिल करे। वहीं आर्य रणदीप कादियान एडवोकेट ने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह से मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या रेखा ने करते हुए बताया कि इस बार स्कूल की 57 छात्राओं ने 12वीं की परीक्षा दी और 41 छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके मेरिट में स्थान पाया है। जबकि 12 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी और 2 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की है। वहीं स्कूल की 5 छात्राओं ने तो 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है। कला संकाय में रितु रानी ने 96.4 प्रतिशत, सानिया ने 92 प्रतिशत व काजल ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं 10वीं की 72 छात्राओं ने परीक्षा दी और 27 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की है।

## मूलभूत सुविधाओं को लेकर सौंपा सांसद संजय भाटिया के नाम ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन की पानीपत जिला कमेटी ने सनौली खुर्द ब्लाक के गांव झांबा की महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती में मूलभूत सुविधाएं बिजली व पानी देने और पक्की गलियां बनवाने की मांग को लेकर बुधवार को माडल टाउन स्थित कार्यालय में सांसद संजय भाटिया के नाम उनके प्रतिनिधि महेश थरेजा को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र ने बताया कि झांबा बस्ती के लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने की मांग को लेकर पहले भी जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गये है। लेकिन अभी भी झांबा बस्ती में सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई गई है।

# पानीपत से किसान जंतर मंतर पर धरने के लिये ट्रेन से रवाना होगे आज: सोनू



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**भारतीय किसान** यूनियन जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रधान सोनू मालपुरिया की अध्यक्षता में बुधवार को किसान भवन में हुई। बैठक में फैसला लिया गया कि पानीपत जिला के किसान भारी संख्या में बृहस्पतिवार को सुबह ट्रेन द्वारा जंतर मंतर पर खिलाडि ?ों द्वारा दिये जा रहे धरने के लिये रवाना होंगे। पानीपत से जाने वाले लोगों के लिये खाने-पीने की सारी व्यवस्थाएं भाकियू पानीपत कमेटी द्वारा की जाएगी। वहीं सोनू मालपुरिया ने कहा कि भाकियू का राष्ट्रीय स्तरीय चिंतन शिविर 16 से 18 जून तक हरिद्वार में लगने जा रहा है। पानीपत जिला से भी काफी संख्या में किसान हरिद्वार शिविर में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि हरिद्वार चिंतन शिविर में पानीपत से महिलाओं के लिये दो बसें जाएगी और बाकि सभी किसान ट्रेन द्वार हरिद्वार जाएंगे। हालांकि चिंतन शिविर में जाने वाले जिला के किसानों के लिये सारी व्यवस्था पानीपत भाकियू कमेटी द्वारा की जाएगी।

## बटेड़ी स्कूल ने 10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में मारी बाजी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) बटेड़ी स्कूल** ने फिर रचा कीर्तिमान हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परिणामों में बटेड़ी स्कूल ने फिर से बाजी मार ली । बटेड़ी स्कूल का कक्षा बारहवीं और दसवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रिंसिपल डॉक्टर सरिता गोयल ने बताया कक्षा दसवीं के कुल 41 छात्रों में से 40 छात्र अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए ।जिससे स्कूल का ओवरऑल रिजल्ट 97.56%रहा । जबकी विषय अनुसार हिंदी 98 % इंग्लिश 91 मैथ 100%साइंस88, सामाजिक 87पंजाबी96, संस्कृत और कंप्यूटर साइंस 100% रहा।

# जरूरतमंदों की सहायता ही जीवन का लक्ष्य: देवेंद्र कादियान

## क्षेत्र की जनता को 10 निशुल्क एंबुलेंस सेवा समर्पित करने पर खेड़ी गुर्जर में ग्रामीणों ने देवेंद्र कादियान का किया भव्य अभिनंदन



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**देवा सोशल** वेलफेयर सोसायटी गन्नौर की ओर से गरीब एवं जरूरतमंदों की मदद के लिए निःशुल्क 10 एंबुलेंस की सेवा की सुविधा दिए जाने से जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल रहा है। बस एक कॉल करने पर मरीज के घर पर एंबुलेंस पहुंच रही है और समय रहते मरीज को अस्पताल में इलाज मिल जाता है। समाजहित में कार्य करने पर बुधवार को खेड़ी गुर्जर गांव के लोगों ने चौपाल में कार्यक्रम का आयोजन कर देवा सोसायटी के संस्थापक व समाजसेवी देवेंद्र कादियान का फूलमाला व पगड़ी पहनाकर भव्य अभिनंदन किया। समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि उसके जीवन का लक्ष्य समाज के गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। उसने देखा है कोरोना काल में एंबुलेंस समय पर नहीं मिलने पर न जाने कितने लोगों की जिंदगी चली गई। तभी से ठान लिया था कि अपने हलके की जनता के लिए मुफ्त एंबुलेंस सेवा शुरू की जाएगी। देवा सोशल सोसायटी ने क्षेत्र की जनता को 10 मुफ्त एंबुलेंस सेवा समर्पित कर दी, रोजाना 15-20 लोगों को एंबुलेंस सुविधा मिल रही है। उन्होंने बताया कि देवा सोसायटी ने कंट्रोल रूम बनाया है, हेल्पलाइन नंबर 9280792808 पर एक कॉल करने के बाद आपको एंबुलेंस मिल जाएगी।

# जय भगवान शर्मा ने की पार्टी प्रभारी विप्लव कुमार देब से मुलाकात



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) वरिष्ठ** भाजपा नेता एवं एवं पूर्व प्रत्याशी प. जय भगवान शर्मा डीडी ने भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रभारी एवं पूर्व सीएम त्रिपुरा विप्लव कुमार देब से मुलाकात की। आपको बता दें जय भगवान शर्मा डीडी 2014में पिहोवा से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं और 2024में पार्टी की टिकट पर कुरुक्षेत्र लोकसभा से किस्मत आजमाने के लिए फिर सक्रिय हैं। डीडी पार्टी में मजबूत ब्राह्मण चहेरा होने के साथ साथ छत्तीस बिरादरी में पकड़ रखने वाले संघर्षशील व्यक्ति हैं। जय भगवान शर्मा डीडी का राजनीति के साथ साथ व्यवसाय और समाजसेवा के क्षेत्र में बड़ा नाम है। डीडी थानेसर विधानसभा क्षेत्र के सबसे बड़े गांव खेड़ी मारकांडा के कई बार सरपंच रहे हैं वहीं जिला परिषद के सदस्य के रूप में जनता की सेवा भी कर चुके हैं। इसके अलावा डीडी शर्मा के बेटे रूबल शर्मा खेड़ी मारकंडा के सरपंच रहे हैं जिनके नाम हरियाणा में सबसे कम उम्र का सरपंच बनने का रिकॉर्ड है। इसके अलावा डीडी शर्मा भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में रहे हैं, अब इनके बेटे रूबल शर्मा के पास बीजेपी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। माना जा रहा है कि डीडी शर्मा की पुत्रवधू नेहा शर्मा को अगर पार्टी ने थानेसर शहर नगर परिषद चेयरपर्सन चुनाव में जनता की सेवा का मौका दिया तो वे तैयार है। डीडी शर्मा मिशन 2024 की तैयारियों में जुटे हैं। यही कारण है कि वे दिल्ली और चंडीगढ़ में सक्रिय हैं। इसके अलावा डीडी पार्टी प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ का कुरुक्षेत्र में भव्य स्वागत कर चुके हैं । डीडी शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अगर भाजपा संगठन ने मौका और जनता ने आशीर्वाद दिया तो वे सच्चा और अच्छा जनसेवक बनकर जनता की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा वे लंबे समय से जनता की सेवा में समर्पित हैं और उन्होंने जनकल्याण के संकल्प के साथ ही संघर्ष की कमान संभाली है। प. जय भगवान शर्मा डीडी ने सीए मनोहर लाल द्वारा रोहतक स्थित पहरावर की जमीन ब्राह्मण समाज गॉड ब्राह्मण विधा प्रचारिणी सभा को देने पर आभार जताया। डीडी ने ब्राह्मण समाज के शिष्टमंडल के साथ सीएम से चंडीगढ़ में मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल जातिवाद और क्षेत्रवाद से उपर उठकर काम कर रहे हैं। उन्होंने ब्राह्मण समाज की तरह से सीएम का आभार व्यक्त किया।

# लिटल एंजल्स के बॉक्सरों ने जीते पदक

## 2 स्वर्ण, 1 रजत व 2 कांस्य पदक जीतकर रनर अप ट्रॉफी अपने नाम की



**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना**
**11 मई 2023** से 15 मई 2023 तक गोहाना मे दूसरी यूथ हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन हुआ, जिसमे लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के 10 बॉक्सरों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेते हुए 2 स्वर्ण, 1 रजत व 2 कांस्य पदक जीतकर रनर अप ट्रॉफी अपने नाम की। इस प्रतियोगिता में लगभग 700 बॉक्सरों ने भाग लिया। 48 किलो भारवर्ग में विशेष दहिया ने सेमीफाइनल में पानीपत के विनीत सिंह को 5-0 व फाइनल मुकाबले में रोहतक के हिमांशु को भी 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक व 57 किलो भारवर्ग में अक्षत कादियान ने सेमीफाइनल में अम्बाला के अब्दुल को 5-0 व फाइनल मुकाबले में रोहतक के निखिल को भी 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीतने में कामयाब रहे। इसी के साथ 51 किलो भारवर्ग मे मोंटी सैनी ने रजत, 54 किलो भारवर्ग मे मयंक सैनी ने कांस्य व 60 किलो भारवर्ग मे वैभव दहिया ने कांस्य पदक जीते। अक्षत कादियान को इस टूनार्मेंट का बेस्ट बॉक्सर ऑफ द टूनार्मेंट का अवॉर्ड दे कर सम्मानित किया। इस जीत से सभी विजेता बॉक्सरों के अभिभावकों के चेहरों पर खुशी व उमंग की लहर थी उन्होंने इस जीत का श्रेय स्कूल प्रशासन व कोच को दिया। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि विशेष दहिया व अक्षत कादयान 12 जून 2023 से 19 जून 2023 तक गंगटोक, सिक्किम में 6३ यूथ मैन्स नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगे। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## 10वीं की परीक्षा में तीसरा स्थान हासिल करने वाली शिवानी शर्मा को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**हरियाणा** शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में 500 में से 496 अंक लेकर प्रदेश में तीसरे स्थान और पानीपत जिला में प्रथम रहने वाली शिवानी शर्मा को हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष आरपी वशिष्ट ने बुधवार को गांव कवी के राजकीय कन्या हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। वहीं वशिष्ट ने कहा कि हमारी बेटी शिवानी शर्मा ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल करके पानीपत जिला का नाम हरियाणा में रोशन कर दिया। इस अवसर पर यूनियन के प्रदेश कार्यालय प्रभारी एवं छात्रा शिवानी शर्मा के मामा राजीव कवी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मनीष गुप्ता, स्कूल हैडमास्टर जयभगवान सहित स्कूल स्टाफ और शिवानी माता, भाई, नाना रणधीर शर्मा व नानी कमला आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली में शुरू हुआ 'आई लव यमुना कैंपेन'

## -दिल्ली के आईटीओ के छठ घाट से पर्यावर□ एवं वन मंत्री गोपाल राय द्वारा किया गया आई लव यमुना कैंपेन का शुभारम्भ

**भागीदारी**

● कार्यक्रम में दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के ईको क्लब से करीबन 1500 बच्चों और शिक्षकों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली सरकार के वन विभाग एवं पर्यावरण विभाग के इको क्लब द्वारा छठ घाट, आईटीओ से "आई लव यमुना कैंपेन" की शुरूआत की गई` दिल्ली के पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। "आई लव यमुना कैंपेन" कार्यक्रम में दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के ईको क्लब से करीबन 1500 बच्चों और शिक्षकों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। यमुना नदी की महत्ता और दिल्ली की प्रदूषण की समस्या के बारें में बच्चों को अवगत कराने के लिए इस कैंपेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सभी बच्चों ने यमुना नदी की सफाई से सम्बंधित स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया और यमुना नदी की सफाई को लेकर महत्वपूर्ण शपथ भी ग्रहण की` साथ ही विभाग द्वारा "आई लव यमुना कैंपेन" कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को फ्री औषधीय पौधे भी बाटें गए। दिल्ली के पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने "आई लव यमुना कैंपेन" कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण करने के बाद यमुना घाट पर जाकर सफाई अभियान का निरीक्षण किया` उसके बाद उपस्थित बच्चों और अध्यापको को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि यमुना दिल्ली के लिए एक नदी ही नहीं है बल्कि यह दिल्ली के एक बहुत बड़े इकोसिस्टम को सपोर्ट करती है। दिल्ली अपनी अधिकतर पानी से संबंधित जरूरतों के लिए यमुना नदी पर निर्भर है। यमुना नदी इस क्षेत्र और उसके लोगों की आर्थिक और पारिस्थितिक आवश्यकताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि, वर्षों से रसायनों, प्लास्टिक और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल प्रदूषकों की विशाल मात्रा ने नदी के पारिस्थितिक संतुलन के साथ छेड़छाड़ की है` लेकिन हमारी सरकार हर वह कोशिश कर रही है जिससे की इस पवित्र नदी की गरिमा को बनाए रखा जा सके। दिल्ली में माननीय मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा समर एक्शन प्लान लॉन्च किया गया था जिसका एक महत्वपूर्ण भाग जनजागरूकता अभियान को बढ़ावा देना है। उसी अभियान के चलते आज पर्यावरण एवं वन विभाग की संयुक्त पहल से इस कैंपेन को लांच किया जा रहा है। आज "आई लव यमुना कैंपेन" के लांच के जरिये हमारी सरकार दिल्लीवासियों की वृक्षारोपण अभियान और यमुना नदी सफाई को लेकर लोगो की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना चाहती है। लगभग 1500 इको क्लब के बच्चे और शिक्षक यहां सरकार की ओर से इस नेक पहल के एक हिस्से के रूप में उपस्थित हैं। हमारा लक्ष्य है की हम लोगो में यमुना नदी के संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी और अपनेपन की भावना को उत्पन्न कर सके। उन्होंने आगे बताया कि सरकार समझती है कि यमुना की सफाई और रेस्टोरेशन का काम अलग-अलग प्रयासों से हासिल नहीं किया जा सकता है। इसके लिए जरूरत है की सभी स्टेकहोल्डर्स, लोकल समुदायों और शैक्षिक संस्थान एक साथ मिलकर सरकार का सहयोग करे` सरकार ने अपने स्तर पर यमुना नदी के कायाकल्प के लिए इस वर्ष के बजट में 7 सूत्री कार्य योजना तैयार की है।

### यमुना नदी के किनारे हरित क्षेत्र बढ़ाने का कार्य भी किया जाएगा

साथ ही आगामी दिनों में वृक्षारोपण अभियान के जरिये यमुना नदी के किनारे हरित क्षेत्र बढ़ाने का कार्य भी किया जाएगा यह न केवल यमुना के इकोलॉजिकल बैलेंस के लिए जरूरी है बल्कि यह नदी की प्राकृतिक सुंदरता बढ़ाने का कार्य भी करेगा पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने बताया कि यमुना नदी के प्रति हमारी सरकार की कोशिश केवल अल्पकालिक लक्ष्य तक सिमित नहीं है बल्कि इसमें यमुना नदी के पानी की गुणवत्ता की निरंतर निगरानी करना , इनोवेटिव समाधानों को लागू करना और आने वाली चुनौतियों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए अनुसंधान और विकास कार्य को बढ़ावा देना भी शामिल है।

**यमुना क्लीन की तैयारी**

● मौजूदा 18 एसटीपी को अपग्रेड, 3 नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण (एसटीपी), 3 मौजूदा एसटीपी का रिहैबिलिटेशन और 40 नए डी - सेंट्रालाइज्ड एसटीपी का निर्माण
● यमुना में गिरने वाले 3 अनटेप्ड मेजर और 76 सब नालों को रोकने का कार्य
● 1799 अनधिकृत कॉलोनियों और 639 जेजे क्लस्टर में सीवरेज नेटवर्क के विस्तार
● सीईटीपी द्वारा मानकों के अनुसार सभी औद्योगिक सीईटीपी के ट्रीटमेंट का कार्य ,
● सेप्टेज प्रबंधन का कार्य यमुना बाढ़ क्षेत्र का प्रबंधन

# आप सरकार काम न करके बहाने बनाना बंद करेः अनिल कुमार

**कांग्रेस का मतलब**

● एमसीडी में एल्डरमैन मनोनीत करने की शक्ति उपराज्यपाल को देने का मतलब वह चुनी हुए निकाय को अस्थिर कर सकते है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ल**
**दिल्ली प्र**देश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा एल्डरमैन की नियुक्ति उपराज्यपाल द्वारा करने पर रोक लगाने के साथ अपना फैसला इसलिए सुरक्षित रखा है कि एमसीडी में एल्डरमैन मनोनीत करने की शक्ति उपराज्यपाल को देने का मतलब वह चुनी हुए निकाय को अस्थिर कर सकते है जिसको दिल्ली कांग्रेस सही ठहराती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था अनुसार एल्डरमैन मनोनीत करने की शक्ति चुनी हुई सरकार की होती है। उन्होंने कहा कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का हर छोटे से छोटे प्रशासनिक मामलों में काम ना करने का बहाना बना सुप्रीम कोर्ट में जाकर दिल्ली की जनता के नजरिए में ठीक है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी को सत्ता में आए हुए 6 महीने हो चुके है परंतु अभी तक टकराव की राजनीति के अलावा जनता के हितों में कोई सकारात्मक निर्णय दिल्ली नगर निगम ने नही लिया, जबकि अरविन्द केजरीवाल ने वायदा किया था सत्ता में आते दिल्ली की सफाई व्यवस्था, कूड़े के पहाड़ों के हटाने और अस्थाई कर्मचारियों को पक्का करने के लिए प्राथमिकता से काम से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि राजधानी में न तो दिल्ली सरकार दिल्ली की जनता के लिए काम कर रही है और न दिल्ली नगर निगम काम कर रहा है। राजधानी में गदंगी और प्रदूषण का यह आलम है कि दिल्ली प्रदूषण नम्बर वन और सफाई व्यवस्था में निचले पायदान पर है। ऐसा इसलिए है क्योंकि केजरीवाल की दिल्ली सरकार और निगम की काम करने की नियत ही नही है, उसकी करनी और कथनी में भारी अंतर है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि स्थानीय निकाय में विशेष जानकारी रखने वालों को विशिष्ट लोगों का केन्द्र के लिए भारतीय संघ में बड़ी चिंता का विषय है। एल्डरमैन की नियुक्ति का अधिकार चुनी हुई सरकार को होना चाहिए, परंतु उसमें विशेष व्यक्तित्व वाले लोगों को नामित किया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जब कांग्रेस की सरकार थी तब शीला दीक्षित सरकार ने एल्डरमैन की नियुक्ति स्वायतता से की थी। उन्होंने कहा कि एल्डरमैन के पास वोटिंग की शक्ति है, अगर उपराज्यपाल के द्वारा एल्डरमैन मनोनीत किए जाते है तो वे किसी के भी पक्ष में जा सकते है, जो एमसीडी को प्रभावी तौर पर अस्थाई कर सकते है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने निगम चुनावों से पूर्व यह वादा किया था कि निगम की सत्ता में आने के बाद दिल्ली सरकार और एमसीडी मिलकर दिल्ली की जनता के लिए काम करेंगे, लेकिन लोगों के कल्याण के लिए सुव्यवस्थित कामकाज करने की बजाय एकीकृत निगम हाउस टैक्स बढ़ाने और टैक्स की छूट को कम करने जैसे जनविरोधी कामों को प्राथमिकता दे रही है और महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त दिल्ली के लोगों के आर्थिक परेशानी को बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल को निगम चुनावों में किए वादों को पूरा करना चाहिए और बिना समय बर्बाद किए दिल्ली में कूड़े के ढेरों, सफाई व्यवस्था, सड़कों और फुटपाथों की मरम्मतर कराने जैसे कामों पर काम करना चाहिए।



शिक्षा मंत्री आतिशी ने रिठाला व कोहाट एन्क्लेव में केजरीवाल सरकार द्वारा बनाए जा रहे 2 शानदार नए स्कूल बिल्डिंग का निरीक्षण किया।

# राजधानी में महिला की चाकू घोंपकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पश्चिमी** दिल्ली के राजौरी गार्डन थाना इलाके में बुधवार दोपहर 35 वर्षीय महिला की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। खून से लथपथ शव राजौरी अपार्टमेंट स्थित उसके घर से मिला। पुलिस के अनुसार मामला सुभाष नगर पुलिस चौकी के रजौरी अपार्टमेंट का है। महिला के शव पर जख्म के कई निशान होने की बात कही गई है।जांच में पता चला कि उसकी शादी 75 साल के बुजुर्ग एस के गुप्ता से पिछले साल नवंबर में हुई थी। गुप्ता का 45 वर्षीय बेटा जो दिव्यांग है, वारदात के समय घर में मौजूद था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है। साथ ही क्राइम और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।

# गंदे पानी की आपूर्ति की समस्या का स्थायी निदान करेंः केजरीवाल

## जिन इलाकों से गंदे पानी की शिकायत आ रही है, उनको चिन्हित कर इसके कारणों का पता लगाने और उसपर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुख्यमंत्री अ**रविंद केजरीवाल ने बुधवार को दिल्ली जल बोर्ड को गंदे पानी की आपूर्ति की समस्या का स्थायी निदान करने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में गंदे पानी की समस्या पूरी तरह से खत्म करना है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने साफ पानी की सप्लाई के लिये डीजेबी को एक प्लान बनाकर देने का निर्देश दिया गया है। जिन इलाकों से गंदे पानी की शिकायत आ रही है, उनको चिन्हित कर इसके कारणों का पता लगाने और उसपर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। केजरीवाल ने कहा कि गंदा पानी आने के कई कारण हैं। दिल्ली में कई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स पुराने हैं, जिनको आधुनिक करने का निर्देश दिया गया है। जहां अमोनिया, नाइट्रेट या आयरन जैसे पदार्थों की वजह से गंदा पानी आने की समस्या हैं, वहां पानी का इन सीटू ट्रीटमेंट किया जाएगा। इसके अलावा जहां सीवर लाइन की वजह से गंदा पानी आने की शिकायत है, वहां सीवर लाइन की डि-सिल्टिंग कर इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए नये ट्यूबवेल लगाने का काम तेजी से किया जाए, जिससे कि जनवरी-फरवरी महीने में ट्यूबवेल्स डाउन न हो। अधिकारियों ने अवगत कराया कि ट्यूबवेल्स लगाने के लिए डीडीए से प्राप्त जमीन को देख लिया गया है और 400 स्थानों पर ट्यूबवेल्स लगाने की मंजूरी मिल गई है। केजरीवाल ने कहा कि पहले चरण में जगह-जगह लगाए जाने वाले 450 ट्यूबवेल्स से अगले छह महीने में दिल्ली में 70 एमजीडी पानी की क्षमता बढ़ जाएगी। इसलिए इस पर काम तेजी से किया जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ट्रीटेड पानी का अधिकतम उपयोग करने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जितनी झीलें बन रही हैं, उनके कार्य में तेजी लाई जाए और जहां पर झीलें बना सकते हैं, वहां बनाने की प्रक्रिया तेज की जाए। आगे उन्होंने कहा कि अधिकांश ट्रीटेड पानी का इस्तेमाल इन झीलों में किया जाए। यमुना में वही पानी छोड़ा जाए, जिसका बिल्कुल

**सीएम का निर्देश**

● मुख्यमंत्री केजरीवाल ने साफ पानी की सप्लाई के लिये डीजेबी को एक प्लान बनाकर देने का निर्देश दिया गया है

# मेट्रो में अश्लील हरकत करने वाला युवक वॉन्टेड घोषित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** मेट्रो ट्रेन में कथित तौर पर मास्टरबेट करने वाले युवक को पुलिस ने वॉन्टेड घोषित कर दिया है। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दिल्ली पुलिस ने इस युवक का एक फोटो जारी कर लोगों से इसकी पहचान करने में मदद करने का आग्रह किया है। पुलिस ने इस युवक के बारे में बताने वाले की पहचान गुप्त रखने की भी बात कही है। मेट्रो ट्रेन में अश्लील हरकत करने वाले युवक की पहचान के लिए पुलिस ने मदद मांगी है। आईजीआई एयरपोर्ट मेट्रो थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज है। पुलिस का कहना है कि अगर कोई आरोपी युवक को पहचानता है तो वह आईजीआई मेट्रो स्टेशन थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर 8750871326, दिल्ली मेट्रो पुलिस के कंट्रोल नंबर 1511 या फिर दिल्ली पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 112 पर आरोपी के बारे में जानकारी दे सकता है। दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि आरोपी के बारे में सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। मेट्रो ट्रेन में लोगों के सामने आरोपी युवक अश्लील हरकत कर रहा था और किसी ने उसका वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया था।

# गौतम गंभीर मानहानि केस में हाईकोर्ट की टिप्पणी

## पब्लिक फिगर को मोटी चमड़ी वाला होना चाहिए, जजों के लिए भी ये लागू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को गौतम गंभीर की मानहानि के मामले में एक न्यूजपेपर को नोटिस जारी किया। एक हिंदी अखबार ने गंभीर पर कुछ आर्टिकल पब्लिश किए थे। गंभीर ने इन आर्टिकल्स को झूठा और अपमानजनक बताते हुए अखबार के खिलाफ मानहानि का केस किया था। गंभीर ने कोर्ट से मांग की थी कि अखबार उनसे बिना शर्त के लिखित में माफी मांगे। इस पर कोर्ट ने कहा कि जनप्रतिनिधि को इतना संवेदनशील नहीं होना चाहिए।



सार्वजनिक क्षेत्र में मौजूद लोगों को मोटी चमड़ी वाला होना चाहिए। आज कल जजों को भी चमड़ी का होना चाहिए।
**गंभीर के वकील का कहना -**

**इमेज खराब करने की कोशिशः** जस्टिस चंद्र धारी सिंह की खंडपीठ ने अंतरिम निषेधाज्ञा आवेदन पर नोटिस जारी किया। दलीलों के दौरान, अदालत ने यह भी कहा कि प्रथम दृष्टया मामले पर विचार करने की आवश्यकता है। वादी की ओर से पेश गौतम गंभीर के वकील जय अनंत ने कहा कि प्रतिवादी (न्यूजपेपर और उसके प्रतिनिधि) गंभीर को निशाना बना रहे हैं। अखबार ने गंभीर को लेकर अब तक सात से ज्यादा आर्टिकल छाप दिए।

**तल्ख टिप्पणी**

● गंभीर ने इन आर्टिकल्स को झूठा और अपमानजनक बताते हुए अखबार के खिलाफ मानहानि का केस किया था

# एम्स से फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में बेहतर उपचार के लिए आए भोले-भाले मरीजों की मजबूरी का फायदा उठाकर रुपये ऐंठने वाली फर्जी महिला डॉक्टर को हौज खास थाना पुलिस ने एम्स अस्पताल से गिरफ्तार किया है।
आरोपित खुद को एम्स का जूनियर डॉक्टर बताकर ठगी करती थी। उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले की निवासी 27 वर्षीय शुभी त्रिवेदी के रूप में हुई है। डॉक्टरों का कोट पहनकर वह मरीजों के परिजनों से जल्दी इलाज कराने का झांसा देकर वारदात को अंजाम दे रही थी। उत्तराखंड के हरिद्वार से आए एक व्यक्ति की बेटी का इलाज कराने के नाम पर आरोपित ने 96 हजार रुपये ले भी लिये थे। बाद में उसकी शिकायत पर पुलिस ने महिला को एम्स ओपीडी के पास से गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी चंदन चौधरी ने बुधवार को बताया कि 18 अप्रैल को हौज खास थाने में ठगी की एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत करने वाले व्यक्ति ने बताया कि वह परिवार के साथ उत्तराखंड के हरिद्वार में रहता है। उसकी बेटी को एम्स में दिखाना था। 21 मार्च को वह एम्स में पहुंचा तो वहां उसे नकली डॉक्टर मिली। आरोपित महिला ने खुद को एम्स का जूनियर डॉक्टर बताया। वह एम्स का डॉक्टरों वाला कोट पहनने के साथ-साथ अपने नाम की नेमप्लेट भी लगा रखी थी। पीड़ित को जल्दी इलाज कराने का भरोसा देकर आरोपित ने अपने खाते में ऑन लाइन 96 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिये। इसके बाद वह इलाज कराने में आना-कानी करने लगी।
उसने पीड़ित का कॉल भी उठाना बंद कर दिया। बाद में पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ तो उसने मामले की सूचना एम्स पुलिस चौकी में दी।

**दलीलें**

● आरोपित खुद को एम्स का जूनियर डॉक्टर बताकर ठगी करती थी। उसकी पहचान 27 वर्षीय शुभी त्रिवेदी के रूप में हुई है

# गूगल पर सर्च किया था फंदे में गांठ लगाने का तरीका, कत्ल करते समय चीखें न...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश की** राजधानी दिल्ली से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां शाहदरा की ज्योति कॉलोनी में मंगलवार दोपहर दिल दहला देने वाली घटना हुई। विनोद नगर मेट्रो डिपो में मेंटेनेंस सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत एक शख्स ने पत्नी, बेटी और बेटे को चाकू मारने के बाद खुद फंदे पर लटककर जान दे दी। पत्नी और बेटी की मौत हो चुकी है, जबकि अस्पताल में भर्ती बेटे की हालत गंभीर है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन शुरूआती जांच में कर्ज से परेशान होकर कदम उठाने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान सुशील (43), पत्नी अनुराधा, 6 साल की बेटी अदिति के रूप में हुई। घायल बेटे की पहचान 13 साल के युवराज के रूप में हुई है। मंगलवार दोपहर करीब 12:04 बजे पुलिस को एक शख्स ने फोन कर बताया कि सुशील कार्यालय में नहीं आया है। उसने सुशील को फोन किया था तो वह काफी रो रहा था। उसने कहा कि पूरे परिवार की हत्या कर दी है और खुदकुशी कर रहा है। इसके बाद से वह फोन नहीं उठा रहा है। सूचना मिलते ही शाहदरा थाने की पुलिस दूसरी मंजिल पर पहुंची। दूसरी मंजिल की सीढ़ी पर गेट बंद था जिसे पुलिस ने तोड़ा और अंदर गई। पहले कमरे में अनुराधा का शव पड़ा था। उसके गले को चाकू से रेता गया था। दूसरे कमरे में सुशील पंखे से लटका हुआ मिला और खून से लथपथ बेटी और बेटा बिस्तर पर पड़े था। बेटे की सांस चल रही थी तो उसे पास के अस्पताल पहुंचाया गया।



**कर्ज से परेशान !**

● पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन शुरूआती जांच में कर्ज से परेशान होकर कदम उठाने की बात सामने आई है

**गूगल पर सर्च किया था फंदे में गांठ लगाने का तरीकाः** छानबीन के दौरान पुलिस ने देखा कि जिस कमरे में सुशील ने फंदा लगाया था उसमें लैपटॉप खुला हुआ है। लैपटॉप पर गूगल में फंदे में गांठ लगाने के तरीका को सर्च किया गया था।
**कत्ल से पहले जहरीला पदार्थ देने की आशंकाः** पुलिस ने आशंका जताई है कि हत्या करने से पहले सुशील ने परिवार के सदस्यों को कोई जहरीला पदार्थ दिया होगा, क्योंकि हत्या के दौरान उस मकान में रहने वाले व आसपास के लोगों ने कोई चीख पुकार नहीं सुनाई नहीं दी। पुलिस इसी मकान में रहने वाले सुशील के भाई और परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। हालांकि, शुरूआती पूछताछ में कर्ज से परेशान होकर कदम उठाने की बात सामने आई है।
**दो साल पहले कोरोना में भाई और भाभी की हुई थी मौतः** पुलिस को जांच में पता चला कि जिस मकान में सुशील दूसरी मंजिल पर रहता था, उसी मकान के भूतल और पहली मंजिल पर दो बड़े भाई परिवार के साथ रहते हैं। डेढ़ सौ गज में बने मकान के भूतल पर सुशील के सबसे बड़े भाई अनिल का परिवार रहता है। अनिल की साल 2021 में 9 अप्रैल को कोरोना से मौत हो गई थी। दो दिन बाद ही पत्नी सुनीता की भी मौत हो गई थी। उनके दो बच्चे 20 साल की मोनिका और 21 साल का बेटा तुषार यहीं रहते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया नया डेट फंड, लंबी अवधि

**गुड़गांव/फरीदाबाद** : आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने सोमवार को एक डेट फंड लॉन्च किया। यह फंड ग्राहकों को मौजूदा उच्च ब्याज दरों पर अपने निवेश को लॉक करने, लंबी अवधि में धन का निर्माण करने और वित्तीय लक्ष्य हासिल करने में सक्षम बनाएगा। प्रचलित ब्याज दर व्यवस्था ग्राहकों को निवेश करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है। इस तरह ग्राहक जीवन बीमा बाजार में इस तरह के पहले डेट फंड – आईसीआईसीआई प्रू कॉन्सटेंट मेच्योरिटी फंड में निवेश कर सकते हैं। वर्तमान दौर में ब्याज दरें बेहद ऊंची हैं, लेकिन ब्याज दरों में कोई भी गिरावट होती है, तो डेट फंड अपने ग्राहकों के लिए एक आकर्षक निवेश विकल्प के रूप में सामने आते हैं। डेट इंस्ट्रूमेंट्स और ब्याज दरों की कीमतों के बीच विपरीत संबंधों के कारण ऐसा होता है – जब ब्याज दरें गिरती हैं तो डेट इंस्ट्रूमेंट्स की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिससे उन ग्राहकों को फायदा होता है जिन्होंने इन इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश किया है। यह फंड कंपनी के प्रमुख यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) में निवेश के लिए उपलब्ध है। यूलिप ग्राहकों को लाइफ कवर, परिवार को वित्तीय सुरक्षा और लंबी अवधि में संपत्ति निर्माण की सुविधा का एक अनूठा ऑफर प्रदान करते हैं। आईसीआईसीआई प्रू कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी फंड 15 मई, 2023 से यूनिट लिंक्ड उत्पादों के साथ उपलब्ध है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के हैड ऑफ फिक्स्ड इनकम श्री अरुण श्रीनिवासन ने कहा, ह्यह्यहम एक शानदार डेट फंड लॉन्च करते हुए उत्साहित हैं। इस पेशकश के साथ आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस फिक्स्ड इनकम यूलिप के क्षेत्र में इस तरह के फंड की पेशकश करने वाला देश का पहला बीमाकर्ता बन जाता है। ब्याज दर चक्र अपनी ऊंचाई के करीब होने के साथ, ग्राहकों के लिए आईसीआईसीआई प्रू कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी फंड में निवेश को चौनलाइज करने का यह एक शानदार अवसर है। हमारा सुझाव है कि पूंजी संरक्षण और लंबी अवधि के धन सृजन के लिए निवेशक अपनी बचत का एक हिस्सा यूलिप डेट फंड में बांट दें। इस फंड में निवेश करके ग्राहक उच्च मौजूदा ब्याज दरों पर अपने निवेश को लॉक-इन करने में सक्षम होंगे और फंड के बढ़ते एनएवी से लाभान्वित होंगे क्योंकि समय के साथ बॉण्ड की कीमतों में वृद्धि की उम्मीद है। यूलिप में निवेश के साथ कर लाभ भी हासिल किए जा सकते हैं। यदि किया गया वार्षिक निवेश 2.5 लाख रुपए तक है और वार्षिक प्रीमियम के 10 गुना के लाइफ कवर के साथ, परिपक्वता आय ग्राहकों के लिए कर-मुक्त है। ग्राहकों को लंबी अवधि के लिए निवेश करने और अपने वित्तीय लक्ष्यों जैसे सपनों का घर खरीदने या आर्थिक रूप से स्वतंत्र सेवानिवृत्त जीवन जीने के लिए नियमित योगदान देने की आवश्यकता है। चूंकि यह निवेश फंड विकल्पों के बीच स्विच करने के अनेक विकल्पों के साथ कम से कम 5 साल के लिए लॉक किया गया है। इस तरह निवेशक लंबी अवधि में वेल्थ क्रिएट कर सकेंगे। हमारे सभी डेट फंडों ने शुरूआत से ही लगातार अपने-अपने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया है। महत्वपूर्ण रूप से, हमारे पास बाजार चक्रों में हमारे पोर्टफोलियो में जीरो नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) का ट्रैक रिकॉर्ड है।

### ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल स्वास्थ्य और वेल-बीइंग कार्यक्रम का किया आयोजन

**गुरुग्राम।** ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 56 ने उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता बढ़ाने और छात्रों और स्कूल के कर्मचारियों के बीच स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने के लिए 17 मई, 2023 को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पहली से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों और कर्मचारियों को स्वस्थ रक्तचाप स्तर बनाए रखने और उनके हृदय स्वास्थ्य की देखभाल करने के महत्व को समझने में मदद करने के लिए कई अभ्यास शामिल थे। छात्र ने उच्च रक्तचाप के कारण और प्रभाव पर इंटरैक्टिव सत्रों में भाग लिया और रक्तचाप का परीक्षण कैसे करें पर व्यावहारिक प्रदर्शन किया। "हम उच्च रक्तचाप, रक्तचाप, तनाव और हमारे स्वास्थ्य और भलाई पर इसके प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना चाहते थे। छात्रों और शिक्षकों को उच्च रक्तचाप के खतरों को पहचानना चाहिए और निवारक उपायों को अपनाना चाहिए," डॉ. अश्विनी साधु, एमएससी ने कहा, पीएचडी (खाद्य-पोषण और वीमेन केयर)। कार्यक्रम में एक स्वास्थ्य जांच शिविर भी शामिल था, जहां छात्र और कर्मचारी अपने रक्तचाप की जांच कर सकते थे और स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के बारे में सलाह प्राप्त कर सकते थे। "एक स्कूल के रूप में, हम स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और हमारे छात्रों और कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में विश्वास करते हैं। हमारा विश्व उच्च रक्तचाप दिवस कार्यक्रम एक स्वस्थ समुदाय को विकसित करने और हमारे बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने के लिए शिक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

# विप्लव ने मशरूम अनुसंधान केंद्र का किया दौरा

## विप्लव कुमार देब को मशरूम स्पॉन लैब का भ्रमण करवाया



**सोनीपत/संजीव कौशिक**
**हरियाणा बीजेपी** प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव कुमार देव ने महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल, सोनीपत का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ सोनीपत सांसद रमेश कौशिक भी मौजूद थे। हरियाणा बीजेपी प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव कुमार देव के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल में पहुंचने पर एमएचयू के रजिस्ट्रार व मशरूम केन्द्र के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने स्वागत किया। उन्होंने विप्लव कुमार देब को मशरूम स्पॉन लैब का भ्रमण करवाया। जिसके बारे में पूर्व सीएम ने काफी रूचि दिखाई। इस दौरान डॉ. अजय सिंह ने बताया की स्पॉन लैब में मशरूम का बीज कैसे तैयार किया जाता है, इसके बाद पूर्व सीएम को मशरूम खाद ईकाई व उत्पादन कक्ष में हो रहे मशरूम उत्पादन को दिखाया गया।

इस उपरांत हरियाणा बीजेपी प्रभारी विप्लव कुमार देब को पोली हॉउस व ग्रीन हॉउस का भी भ्रमण कराया गया। श्री बिप्लब कुमार देब ने क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केन्द्र, मुरथल में डॉ. अजय सिंह के नेतृत्व में मशरूम व सब्जियों पर चल रहे अनुसंधान कार्यो की काफी सराहना की। पूर्व सीएम श्री बिप्लब कुमार देब ने बताया कि हरियाणा व केन्द्र सरकार किसानों की भलाई के लिए लगातार प्रयास कर रही है, किसानों की आय कैसे बढ़े, उनके पास उच्च तकनीक कैसे पहुंचे इस बारे में गंभीरता से लगी हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों की भलाई के लिए चलाई जा रही सरकार की योजनाओं से किसानों को काफी फायदा पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि एमएचयू के मशरूम अनुसंधान केन्द्र में आकर उन्हें काफी अच्छा लगा, क्योंकि किसान परपंरागत खेती को छोडकर बागवानी खेती की ओर जाएगा तो यकीकन उसकी आमदनी में बढोतरी होगी साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहेंगी।

उन्होंने कहा कि एमएचयू की स्थापना इसी उदेश्य से की है कि किसान बागवानी खेती को अपनाएं। मौके पर पूर्व वाईस चेयरमेन ललित बत्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा तीर्थ राणा, माईराम कौशिक, जसबीर दोदवा, मनिन्द्र सन्नी, नीरज आत्रेय, निशांत छोकर सहित कृषि विभाग के उपनिदेशक अनिल सहरावत, एमएमएस टी एंड आई सोनीपत देवेन्द्र कुहाड़, बागवानी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. सुधीर यादव, डॉ मनीष, डॉ हरजोत, आशीष, सीमा, विकास, अजीत व केंद्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# बन्दर वन विभाग नहीं निगम, पंचायतों की समस्या!

## वन्य जीव अधिनियम से बाहर, पकड़ने के लिए अनुमति की जरूरत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**बंदर वन्य** जीव अधिनियम से बाहर हैं। इन्हें पकड़ने या छोड़ने के लिए वन विभाग की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। बावजूद इसके लोगों को लगता है कि बंदरों की समस्या का समाधान करने में वन विभाग की जिम्मेदारी है। इसलिए डिस्ट्रिक्ट फारेस्ट आफिसर के कार्यालय पर लोग बंदरों की समस्या लेकर पहुंचते रहते हैं। सामाजिक संगठन भी ज्ञापन आदि के माध्यम से समस्या उठाते रहे हैं। बुधवार को जन सहयोग समूह मथुरा का एक प्रतिनिधि मंडल जिला वन अधिकारी रजनीकांत मित्तल से मिला और ज्ञानद के माध्यम से बंदरों की समस्या के समाधान की मांग की। जिला वन धिकारी रजनीकांत मित्तल ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि बंदर वन्य जीव अधिनियम से बाहर हैं। इन्हें पकड़ने या छोड़ने के लिए वन विभाग की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद जन सहयोग समूह के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से शिकायत करने की बात कही। जन सहयोग समूह के समन्वयक अजय अग्रवाल ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल शीघ्र ही जिलाधिकारी से इस समस्या को लेकर मिलेगा और यह वस्तुस्थिति जानने का प्रयास करेगा कि मथुरा में विगत वर्षों में मंकी रेस्क्यू सेंटर जो चुरमुरा फरह के पास बनने के प्रस्ताव को न सिर्फ मथुरा शासन ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पास किया था अपितु केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सी जेड ए) इसकी परमीशन भी दे चुका था फिर यह रेस्क्यू सेंटर किस कारण से खटाई में पड़ा हुआ है।

# कुमाऊ समाज के लोग सदैव आत्म-निर्भर रहे हैं: योगेश पाल



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री नव** दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर न्यू जीवन नगर का 11 वां वार्षिकोत्सव एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह कुमायूं महासभा द्वारा बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कुमाऊं महासभा की महिलाओं द्वारा परंपरागत वेशभूषा में सज कर कलश यात्रा निकाली गई जो कि अपने आप में देखते ही बनती थी। कार्यक्रम में भाजपा के जिला महामंत्री योगेश पाल ने शिरकत करते हुए सभी को वार्षिक उत्सव की बधाई दी और कहा कि अपनी समृद्धशाली सांस्कृतिक विरासत व अनमोल परंपराओं, लोककलाओं के कारण उत्तराखंड देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में अपनी अलग ही पहचान रखता है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों से तालमेल बैठाते हुए कुमाऊनी लोग सदैव आत्म-निर्भर रहे हैं, मेहनत करके उन्होंने हर जगह सम्मानजनक स्थान पाया है, ये लोग आज भी अपनी परंपराओं को संजोए हुए हैं। इस अवसर पर संस्था के प्रधान ओमप्रकाश धनानंद,उपाध्याय मोहन बिष्ट,मोहन उपाध्याय,उदय,तारा सिंह बिष्ट,सुंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग में छाई सुस्ती, पिछड़ा टीकाकरण अभियान

**मथुराः स्वास्थ्य विभाग** की मनमानी के चलते गर्भवती महिलाएं टीका करण के लिए इधर उधर भटक रही हैं। मुखराई गांव राल सी एच सी केंद्र के अंतर्गत आता है, एएनएम पिछले दो माह से गांव नहीं पहुंची है। महिलाएं गोवर्धन सीएचसी पर टीका लगवाने के लिए विवश हैं। उनके तीमारदारों ने राल चिकित्सा अधीक्षक एवं संबंधित एएनएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग मुख्य चिकित्सा अधिकारी व सीडीओ से की है। राधाकुंड के समीप मुखराई गांव राल स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आता है। राल स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक की लापरवाही से मुखराई गांव में आशा और एएनएम नहीं पहुंच रही हैं। एएनएम की मनमानी से खास कर गर्भवती महिलाओं को टीका करण लगवाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# श्रद्धालुओं को होगा भगवान भूतेश्वर नाथ के विराजमान होने का आभास

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**अब भूतेश्वर** तिरहे को सजाने संवारने की बारी है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भूतेश्वर क्षेत्र में भगवान भूतेश्वर नाथ के विराजमान होने का आभास होगा। भूतेश्वर तिराहे और आसपास के क्षेत्र का इसी तर्ज पर सौंयर्दीकरण कराने की रूपरेखा तैयार की गई है। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने मथुरा के प्रसिद्ध भूतेश्वर तिराहा, कंकाली देवी मंदिर व आस पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि तिराहे का सौंदर्यीकरण होगा। जिसमें शिव भगवान के विभिन्न प्रतीक चिन्हों का प्रदर्शन किया जाएगा (जैसे डमरू, त्रिशूल, नाग, चंद्र आदि)। विशाल चिन्ह स्थापित होंगे, जो तिराहे को एक



नया स्वरूप देने का कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने भूतेश्वर तिराहे में स्थित सभी दुकानदारों से वार्ता की और समस्त दुकानों में एकरूपी साइन बोर्ड लगाने को कहा। एकरुपी साइन बोर्ड से तिराहे की सुंदरता और भी बढ़ेगी। जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तिराहे के आस पास सभी प्रकार के अतिक्रमण को हटाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने कंकाली देवी मंदिर व आस पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर के आस पास पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर के पास बने पार्क एवं कुंड का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कुंड के जीर्णोद्धार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पूरे पार्क के किनारे लाइट लगाने के लिए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया।

# 'बच्चों को नशे के घातक परिणामों के प्रति जागरूक करना जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**राज्य सरकार** के निर्देशानुसार सरकारी स्कूलों के बच्चों में नशे की लत ना पड़े इसको लेकर स्कूलों में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने बुधवार को जिला सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों में जहरीला नशा दस्तक ना दे उससे पहले इस पर नकेल कसनी होगी। नशे की स्कूली के बच्चों में बढ़ती प्रवृत्ति पर लगाम लगाना जरूरी है।

सरकारी स्कूलों में जागरूकता अभियान चला कर इन पर कार्य



कर ठोस नतीजे पर पहुंचना होगा। छात्र नशे की लत का शिकार ना हो इसको लेकर सरकारी स्कूलों के आस-पास किसी भी प्रकार के नशे से जुड़े संसाधनों से दूरी बनानी होगी। जिन सरकारी स्कूलों के आस-पास पर भांग के पौधें लगे हैं निगम की सहायता से दवाएं डलवाकर उन्हें नष्टद्द करवाना होगा। उन्होंने इस कार्य में ग्रामीणों से सहयोग की अपील की। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में पुलिस विभाग से सरकारी स्कूलों में नशे से जुड़े अब तक कितने केस रजिस्ट्रड हुए है पर जानकारी भी मांगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में नशे को लेकर अधिकारियों से मांगे सुझाव। अतिरिक्त उपायुक्त ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे इस बात का भी ध्यान रखें की नशीली दवाएं बच्चों से ना मंगवाये खास कर युवाओं से। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चे नशे की लत का शिकार ना हो इस पर गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है। अगर स्कूली बच्चों में नशे की लत से लगने से पहले काबू नहीं पाया जाता तो आगे चलकर उसके घातक परिणाम होते हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयंत आहुजा ने बताया कि कोई भी नशा हो वो घातक होता है। लिवर, किडनी, फेफड़ों से ज्यादा दिमाग को नुकसान पहुंचाता है। स्कूली बच्चे व युवा पीढ़ी धूम्रपान से दूर रहे इसको लेकर जागरूकता अभियान को और अधिक मजबूत से चलाने की जरूरत है। लोगों के सामने इसके दुष्परिणामों को रखने की जरूरत है।

उन्होंने बताया कि युवा शराब, सिगरेट, ड्रग्स सहित न जाने कितनी जहरीली चीजों का सेवन करते हैं। मादक द्रव्य दुरूपयोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। उन्होंने नशे के दुषप्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशे की आदत पडने पर कमजोरी आने लगती है। ऐसे में वह थोड़ा-सा काम करने पर थकावट हो जाती है।

## अनएकेडमी ने चंडीगढ़ में अपना पहला ऑफलाइन ज्यूडिशियरी एग्जाम सेंटर खोला

**कुरुक्षेत्र।** भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म में से एक अनएकेडमी ने आज चंडीगढ़ में ज्यूडिशियरी एक्जाम के लिए अपना ऑफलाइन सेंटर खोलने की घोषणा की। इस नए सेंटर के माध्यम से, कंपनी इंटरपर्सनल लर्निंग के बेनिफिट्स का विस्तार करेगी जो कि लर्नर्स को इस तरह के हाइली कॉम्पिटेटिव एग्जाम की ओवरऑल तैयारी को बढ़ाने में मदद करेगा। इस ऑफलाइन सेंटर के लॉन्च के साथ ही, अनएकेडमी अब छात्रों को अपने ऑनलाइन तथा ऑफलाइन क्लासेस के माध्यम से ज्यूडिशियरी एग्जाम की तैयारी करने का अनूठा अवसर प्रदान करती है। ज्यूडिशियरी एग्जाम के लिए सबसे प्रसिद्ध एवं अनुभवी शिक्षकों में से एक, अनिल खन्ना अपनी प्रतिष्ठित अकादमी की टीम के साथ सेंटर में टीचिंग फैकल्टी का नेतृत्व करेंगे। अपने वृहद ज्ञान, निपुणता और विभिन्न स्टेट ज्यूडिशियल सर्विसेज एग्जामिनेशन में सफल उम्मीदवार तैयार करने के सफल ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, छात्र अब अपनी परीक्षाओं के लिए असाधारण मार्गदर्शन और व्यापक तैयारी की उम्मीद कर सकते हैं। चंडीगढ़ में ज्यूडिशियरी एग्जाम सेंटर के शुभारंभ के पीछे का उद्देश्य छात्रों को फोकस्ड ऑफलाइन लर्निंग के लिए एक समर्पित स्थान प्रदान करना था। अनुभवी शिक्षक अनिल खन्ना और उनकी विशेष टीम के साथ, हमें पूरा विश्वास है कि छात्रों को इस ज्यूडिशियरी एग्जाम की जर्नी में सफलता के लिए एक उच्चतम क्वालिटी गाइडेंस एवं सपोर्ट प्राप्त होगा। ऑफलाइन लर्निंग में हमारा यह विस्तार, लर्नर्स को व्यापक तरीके से सीखने के अवसर प्रदान करने, उनकी विविध आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

## फुटपाथ पर ढकेल लगाने पर काटे एक सैकड़ा से ज्यादा के चालान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**आम** रास्ते पर रहडी और ढेल लगाकर मार्ग अवरुद्ध करने वाले करीब एक सैकड़ा दुकानदारों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने उनके चालान काटे हैं और दोबारा रास्ते में दुकान लगाकर मार्ग अवरूद्ध न करने की चेतावनी दी है। शहर अतिक्रमण की समस्या से आम जन मानस परेशान हैं। मार्गो। पर आए दिन इसको लेकर जाम लग जाता है। अब पुलिस ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को पुलिस ने करीब एक सैकड़ा ढेल- ढकेल वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काट दिए। साथ ही उन्हें हिदायत देकर अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी है। कस्बा प्रभारी जतिन पाल ने बताया कि रास्तों पर अतिक्रमण से जाम की समस्या नहीं होने दी जाएगी। दोबारा अगर अवरोध पैदा किया तो कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बरसात से पहले नालों के ऊपर ओपन चैम्बर बनाये जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**बरसात से** पहले नालों की सफाई होनी है। कृष्णा नगर में बरसात से पहले नाले की सफाई के लिए ओपन चैम्बर बनाए जाएंगे। नगर आयुक्त अनुनय झा ने कृष्णा नगर के सौंदर्यीकरण की चल रही प्रक्रिया के तहत भूतेश्वर तिराहा से गोवर्धन चैराहा तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मुख्य अभियंता नगर निगम, डिप्टी कमिश्नर आयकर विभाग, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग आदि अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान



विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को शेष ट्रांसफार्मर एवं छोटे विद्युत बॉक्स को शिफ्ट करने के निर्देश दिये गये। फुटपाथ के सौंदर्यीकरण के लिए मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही नाला सफाई के लिए नाले के ऊपर ओपन चैम्बर बनाये जाने के निर्देश भी दिये गये।

डीजीएम बीएसएनएल के प्रतिनिधि को निर्देश दिये कि बीएसएनएल की केबिलों को अण्डर ग्राउण्ड किये जाने की कार्यवाही त्वरित रूप से की जाये। इसके अतिरिक्त जीओ एवं आईटीएमएस की केबिल को मई माह के अन्त तक अण्डर ग्राउण्ड करने के लिए नगर निगम के मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। कृष्णा नगर चौकी इंचार्ज को निर्देशित किया गया कि जब्त किये गये वाहनों को चयनित स्थल पर शिफ्ट कराया जाये। प्रतिष्ठान संचालकों को सामान प्रतिष्ठान के सामने न रखकर प्रतिष्ठान के अन्दर रखने के लिए अनुरोध किया गया।

# गीता के संस्कृत श्लोकों का भाव समझना अब हुआ आसान

## मुस्कान संस्था के अध्यक्ष डा. शशिकांत की लिखी कृष्ण चरित मानस गीता स्कन्ध का लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**आनंदमय कृष्ण** भक्ति ग्रुप (मुस्कान) के संस्थापक व मनीषी डा शशिकांत तिवारी द्वारा रचित कृष्ण चरित मानस गीता स्कन्ध पुस्तक का लोकार्पण किया गया। गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन में उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डॉ उमेश चंद्र शर्मा, लेखक डा शशिकांत तिवारी, मुस्कान संस्था वृंदावन के अध्यक्ष आत्मबोधानंद, सी के अरोड़ा, अवकाश प्राप्त जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी गोस्वामी,



शोध समन्वयक डा. रश्मि वर्मा, दीपक शर्मा आदि संयुक्त रूप से उक्त पुस्तक का लोकार्पण किया। इस मौके पर श्री तिवारी ने बताया कि गीता के संस्कृत भाषा में जो 700 श्लोक हैं, वे आम आदमी के लिए काफी क्लिष्ट हैं, लेकिन हर कोई उनका अर्थ समझना चाहता है। अतः इसे देखते हुए गीता को सामान्य रूप से दोहा व चौपाइयों में लिखकर कृष्ण चरित मानस गीता स्कन्ध पुस्तक में समेटा गया है। पुराणों में कहा गया है कि महाभारत के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के मुख से जो शब्द निकले, उन गीता रूपी गंगाजल को पी लेने पर पुनः इस संसार में जन्म नहीं लेना पड़ता। गीता का यही भाव व अर्थ जन सामान्य तक पहुंचाने के ध्येय से कृष्ण चरित मानस गीता स्कन्ध नामक पुस्तक की रचना की है। अवकाश प्राप्त जिला विद्यालय निरीक्षक श्री गोस्वामी ने कहा कि योगी सरकार लगातार ऐसे अभूतपूर्व कदम उठा रही है जिससे हमारी संस्कृति बचे। ब्रज की संस्कृति को बचाने के लिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन हुआ। परिषद के अधीन वृंदावन में गीता शोध संस्थान ब्रज की विधाओं के संरक्षण और संवर्धन का शानदार कार्य हो रहा है। पटुका पहनाकर अतिथियों का सम्मान समन्वयक चन्द्र प्रताप सिंह सिकरवार ने किया। ब्रज की संस्कृति को बचाने में जुटे डा उमेश चंद्र शर्मा को लोई उड़ा कर सम्मानित किया गया। अंत में शोध समन्वयक डा रश्मि वर्मा ने सभी का आभार जताया।

## वी फाउंडेशन का 'गुरुशाला समर कैंप 2023' गर्मियों की छुट्टियों में स्कूली बच्चों को सर्जनशील गतिविधियों में व्यस्त रखने का अनूठा अवसर!

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम।**
गर्मियों की छुट्टियां यानी एक ऐसी लंबी अवधि जब भारत के 25 करोड़ से भी ज्यादा स्कूली बच्चों को होमवर्क और परीक्षाओं से राहत मिलती है। लेकिन उनके माता-पिता के लिए गर्मियों की छुट्टियां एक कसौटी की तरह होती हैं। छुट्टियों में बच्चों को व्यस्त कैसे रखें? बच्चों को मजा आए और उनकी सोच, क्षमताओं को बढ़ावा भी मिले ऐसी कौनसी एक्टिविटीज हैं? ऐसे कई सवाल उन्हें सताते रहते हैं। इस वर्ष, गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को उनकी पूरी क्षमता को अनलॉक करने और गर्मियों को मजेदार और यादगार बनाने में मदद करने के लिए, वी की सीएसआर शाखा वी फाउंडेशन ने स्कूली बच्चों के लिए ऑनलाइन 'गुरुशाला समर कैंप 2023' का आयोजन किया है और उसमें हिस्सा लेने के लिए भारत भर के बच्चों को आमंत्रित किया है। यह कैंप 30 जून 2023 तक कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों के लिए सप्ताह के तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच चलाया जा रहा है।भारत में कही से भी छात्र गुरुशाला समर कैंप में निःशुल्क भाग ले सकते हैं और विशेषज्ञों द्वारा आयोजित मजेदार और इंटरैक्टिव सत्रों का लाभ उठा सकते हैं। कैंप के सत्रों में 'डू इट योरसेल्फ' है जहां बच्चे अपनी चित्रकला और हस्तकला के जरिए अपनी रचनात्मकता को व्यक्त कर सकते हैं। 'थिएटर' सत्रों के माध्यम से, छात्र एक सुरक्षित और सहायक वातावरण में चुनौतीपूर्ण सामाजिक परिदृश्यों और कमजोर भावनाओं को व्यक्त करने के लिए रचनात्मक और आत्मविश्वास बढ़ाने वाली तकनीक सीख सकते हैं। 'फिटनेस विद फन' सत्र में नृत्य, जुंबा और योग जैसी गतिविधियां शामिल हैं जो छात्रों को कसरत करने और छुट्टियों के दौरान सक्रिय रहने में मदद करेंगी। 'सेल्फ-डिफेन्स' में गुरुशाला के छात्रों को स्वयं की रक्षा की तकनीक सिखाई जाएगी।

# संत ज्ञानेश्वर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मातृ दिवस






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संत ज्ञानेश्वर** पब्लिक स्कूल अलीपुर में मातृ दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति देकर सभी को भावविभोर कर दिया। वही माताओं ने भी विभिन्न गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि व अति विशिष्ट अतिथि देवीराम खत्री, विजय खत्री का स्कूल चेयरमैन प्रेम मान ने शाल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया। बाहरी दिल्ली के अलीपुर स्थित प्रतिष्ठित संत ज्ञानेश्वर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मातृ दिवस बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल की छात्राओं ने माताओं का स्वागत चंदन तिलक व बैज लगाकर किया। मातृ दिवस के इस शानदार कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के चेयरमैन प्रेम मान मुख्य अतिथि देवीराम खत्री, विजय खत्री एवं स्कूल प्रधानाचार्या सीमा दलाल के शुभ कर कमलों से दीप प्रज्वलित कर की गई इसके पश्चात गणेश वंदना व छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि गतिविधियों के माध्यम से मां की महिमा को दर्शार्या एवं शानदार प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर, मदर ऑफ द डे, मिस पर्सनैलिटी आदि सम्मिलित किए गए। स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा दलाल ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को उपहार भेंट कर मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी। और मां की महिमा का वर्णन करते हुए उसे त्याग, प्रेम, दया और स्नेह की मूर्ति बताया, जिसकी छाया में मनुष्य ही नहीं देवता भी स्वयं को आनंदित अनुभव करते हैं। उन्होंने कहा कि माँ ही बच्चे की मूक भाषा को समझती है। वही स्कूल मैनेजमेंट से शिवम मान ने जानकारी देते हुए बताया कि संत ज्ञानेश्वर पब्लिक स्कूल बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर कोई ना कोई एक्टिविटी करता रहता है। जिससे बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने में व अपनी संस्कृति को समझने में बहुत सहायता होती है।

इस दौरान स्कूल की ओर से मातृ दिवस के उपलक्ष में सभी के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में सभी स्कूल स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शौर्य एवं** वीरता से मातृभूमि को गौरवान्वित करने वाले भारतीय इतिहास के महान योद्धा हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर दिल्ली स्थित वजीरपुर जे.जे कॉलोनी में नव युवक उज्जवल मंच संस्था के अध्यक्ष सुमित चौहान की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के कोषाध्यक्ष हर्ष कुमार द्वारा किया गया। हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की शौर्य वीरता एवं गाथाओं को याद कर नवयुवक उज्जवल मंच के सदस्यों द्वारा पुष्प अर्पित कर हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान को नमन किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुमित चौहान ने कहा कि इतिहास में पृथ्वीराज चौहान की वीर गाथाओं के कई किस्से मशहूर हैं। पृथ्वीराज चौहान अपने शौर्य और वीरता के लिए जाने जाते हैं। इस मौके पर शेखर कोली, नवीन कुमार अस्थाना, रिषी, राहुल कश्यप, बलवीर नेगी, कमल कश्यप, यश कोली, अमित चौहान सहित कई लोग मौजूद रहे।



## आतिशी ने किया नए स्कूल बिल्डिंग का निरीक्षण

**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**मुख्यमंत्री** अरविन्द केजरीवाल के निर्देश पर स्कूल विजिट की श्रृंखला को जारी रखते हुए बुधवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने पीडब्ल्यूडी व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ केजरीवाल सरकार द्वारा रिठाला व कोहाट एन्क्लेव में बनाए जा रहे शानदार स्कूल बिल्डिंग का निरीक्षण किया। लगभग बनकर तैयार हुए केजरीवाल सरकार के ये दोनों स्कूल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। हाँ बच्चों के लिए स्मार्ट क्लासरूम, शानदार लैब, लाइब्रेरी, एमपी हॉल, लिफ्ट सहित अन्य वर्ल्ड-क्लास सुविधाओं से लैस है। स्कूलों का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और जुलाई से बच्चे यहाँ अपने चमचमाते क्लासरूम में पढ़ सकेंगे। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि रिठाला व कोहाट एन्क्लेव में बनकर तैयार हुए ये शानदार स्कूल मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के हर बच्चे तक वर्ल्ड-क्लास शिक्षा पहुंचाने के विजन का हिस्सा है। अपने हर नए शानदार स्कूल के साथ हम इस विजन को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ते जा रहे है। उन्होंने कहा कि दोनों स्कूलों की शानदार बिल्डिंग जो शिक्षा को लेकर केजरीवाल सरकार की गंभीरता और प्राथमिकता का उदाहरण है।






बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा गरीब रेहड़ी-पटरी मजदूर वर्ग के लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतू 10,000 रुपए ब्याज मुक्त ऋण देने के लिए भलस्वा डेरी एमसीडी ऑफिस पर शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान आप नेता सुरेश शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

## राजधानी की 16 सड़कों को मिलेगा नया स्वरुप: आतिशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केजरीवाल** सरकार दिल्ली की सड़कों को सुंदर, सुरक्षित व विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में मिशन मोड़ में काम कर रही है। इस बाबत पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने उत्तर-पश्चिमी व पश्चिमी रोड़ डिवीजन के तहत सुल्तानपुरी, मंगोलपुरी, पश्चिम विहार व ज्वालापुरी की 16 प्रमुख सड़कों के सुदृढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण के परियोजना को मंजूरी दी। इन सड़कों में कन्झवाला रोड़ से रोड़ नंबर.316, रोड न.ए-2 अवंतिका चौक से पोल स्टार स्कूल, एच-ब्लॉक रोड सुल्तानपुर, मंगोलपुरी में कला मंदिर सिनेमा रोड, टैंक रोड, बी-ब्लॉक रोड, जी/एफ ब्लाक रोड, सुल्तानपुरी में बी-ब्लाक रोड़ व जी-ब्लाक रोड़, पश्चिमी दिल्ली में प्रेम सुख रोड़, आर ब्लॉक ज्वालापुरी से गुरु हरकिशन नगर साईं मंदिर रोड़, 60 फूटा रोड़ ज्वालापुरी, कैपिटल प्लाजा मार्किट से जहाज अपार्टमेंट तक की सड़क, विंध्याचल अपार्टमेंट से विराट कोऑपरेटिव सोसाइटी की सड़क, लक्ष्मी नारायण मार्ग, सैंट मार्क्स स्कूल से डीडीए मार्किट तक की सड़क शामिल है। परियोजना को मंजूरी देते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा, इस प्रोजेक्ट से उत्तर-पश्चिमी व पश्चिमी दिल्ली में सड़कों की स्थिति बेहतर होगी।

## भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से खुश हैं देश के लोग: साहिल वासन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
देश के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। उक्त बातें भाजपा युवा नेता साहिल वासन ने कही।
उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के राज में आज देश में विकास ही विकास देखने को मिल रहा है।
भारत देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। श्री वासन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है। तभी तो लोग भाजपा के कार्यों से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है।



उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली में विकास की गति काफी ज्यादा धीमी है और दिल्ली के लोग विकास कार्यों को तरस रहे है।
उन्होंने आगे बताया कि गर्मी की शुरूआत होते ही दिल्ली की जनता को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। क्योंकि दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है।

## बस क्यू शेल्टर में अत्याधुनिक नए रूट मैप का हुआ उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**परिवहन** मंत्री कैलाश गहलोत ने आईटीओ स्थित बस क्यू शेल्टर (बीक्यूएस) में लगाए गए अत्याधुनिक बस रूट नेविगेशन मानचित्र का उद्घाटन किया। दिल्ली में 2000 बस क्यू शेल्टर में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के साथ साझेदारी में इस तरह के बस रूट नेविगेशन मानचित्र स्थापित किए जा रहे हैं।

## पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव ने चलाया सफाई अभियान




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके समयपुर में बादली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव ने सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव ने बताया कि समयपुर में प्राचीन समय से मौजूद हमारी समृद्ध विरासत एवं पावन स्थल बूढ़े बाबा जोहड़ पर महिलाओं, युवाओं और बच्चों द्वारा सफाई अभियान में भाग लेकर आज यहां सफाई की गई है। इस मौके पर सीमा अजय अन्नजल के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पेड़-पौधों की रक्षा बच्चों की तरह करें: रोशन कंसल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सभी** को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह की करनी चाहिए। क्योंकि पेड़-पौधे का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरो को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उक्त बातें पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल ने कही।
उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है कि हम सभी पेड़-पौधे लगाये, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री कंसल ने कहा कि सभी को गरीब व असहाय लोगों की सहायता करनी चाहिए, जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे यह भी बताया कि वंचितों की मदद करना पुण्य का कार्य है।



### अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ रहे: मीनू गोयल

# त्रीनगर वार्ड में निगम पार्षद मीनू गोयल ने चलाया जागरूकता अभियान





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केशवपुरम जोन** स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम को लेकर त्रिनगर वार्ड में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर जागरूकता रैली निकालकर लोगों को डेंगू व मलेरिया व चिकनगुनिया से बचने के उपाय बताये गये। इस मौके पर त्रिनगर वार्ड की निगम पार्षद मीनू गोयल के अलावा कई हेल्थ विभाग के आलाधिकारी, वीरेंदर गोयल, विद्या सागर शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद मीनू गोयल ने लोगों को जागरूक किया और स्वास्थ्य रहने के उपाय बताये।

# पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई तमाम तैयारियां व प्रबंध सुनिश्चित करें संबंधित विभाग

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव)।** नगराधीश अमित मान ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार गर्मी में पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई तमाम तैयारियां व प्रबंधन संबंधित विभाग सुनिश्चित करें। नगराधीश अमित मान आज बुधवार को जिला में गर्मी के मौसम में पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई तमाम तैयारियां व प्रबंधन बारे सिंचाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आम जनता के लिए गर्मी के मौसम के मद्देनजर जरूरत के अनुसार



पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई तमाम व्यवस्थाएं संबंधित विभाग सुनिश्चित करें। नगराधीश ने कहा कि आमजन को गर्मी के मौसम में स्वच्छ जलापूर्ति निर्धारित शेड्यूल अनुसार मिले। डीसी विक्रम ने इसके लिए व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पानी की चोरी को रोकना एक बड़ी चुनौती है, इसलिए वे अपने क्षेत्रों में पानी की चोरी की घटनाओं पर निगरानी रखें। यदि ऐसी कोई घटना घटित होती है, तो तुरंत उस पर कानूनी कार्रवाई करें। इसके लिए विशेष टीमें भी गठित की जा सकती हैं। इसके अलावा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करें, ताकि जिले में पानी की उपलब्धता की वास्तविक स्थिति का पता लग सके और यदि कहीं पानी की कमी की संभावना बनती है। तो तुरंत उसकी सूचना जिला मुख्यालय को दें। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जोखिम भरे क्षेत्रों की पहचान करें। सभी सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौक, बाजार, अस्पताल, पब्लिक डीलिंग से संबंधित कार्यालयों में नगर परिषद, नगर पालिका, विकास एवं पंचायत विभाग के सहयोग से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मुख्य रूप से पानी की कमी वाले जोखिम वाले क्षेत्रों में पीने के पानी की आपूर्ति के लिए पानी के टैंकरों की सूची तैयार करने, पेयजल के स्त्रोत और जनसंख्या के अनुपात में इसकी क्षमता की पहचान करने, गर्मी की लहर से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि पूरा पानी पंप सेट या तो डीजल या बिजली आधारित होना चाहिए और काम करने की अच्छी स्थिति में होने चाहिए।

नगराधीश अमित मान ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि वे गर्मी से निजात दिलाने में जल अति महत्वपूर्ण है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति किसी भी रूप से जल को व्यर्थ न बहाए।

बैठक में सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता राजीव कुमार बत्रा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अनुभव जैन,डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# व्यायामशालाओं में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2023 की तैयारियां शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव)**

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि आगामी 21 जून को आयोजित "9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसइझ 2023 को लेकर जिला में प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आयुष विभाग के द्वारा निदेशालय आयुष हरियाणा से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के कार्यक्रम प्राप्त होने के उपरांत जिला फरीदाबाद में योग दिवस की तैयारियों के मद्देनजर जिला की सभी व्यायाम शालाओं में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर प्रातः एवं सांय काल में लगाया जा रहा है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि



योग शिविरों का प्रति दिन औचक निरीक्षण सदस्य हरियाणा योग आयोग जयपाल शास्त्री और योग विशेषज्ञ आयुष विभाग के विकास द्वारा निरंतर किया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर मोनीषा लांबा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि "9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसइझ का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला के तीनों ब्लॉक स्तर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग द्वारा आगामी 21 जून को जिला की सामाजिक संस्थाओं को अधिक से अधिक लोगों भागीदारी 9वें अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस शामिल किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### लड़सौली में कुश्ती अकेडमी में किया रजत पदक लेकर लौटी लड़सौली की बेटी दीपिका मोर का स्वागत

**गन्नौर।** पद्म श्री द्रोणाचार्य गुरु हनुमान कुश्ती कबड्डी एकेडमी लड़सौली की पहलवान दीपिका मोर ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सर्कल कबड्डी में सिल्वर मेडल जीतकर अपने गांव लड़सौली व प्रदेश का नाम रौशन किया। एकेडमी में पहुंचने पर दीपिका मोर का फुल माला व नोटो की माला पहना कर माता धनकौर देवी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा व गांव के गणमान्य व्यक्तियों स्वागत किया गया। एकेडमी संचालक भारत केसरी भीम अवॉर्डी नवीन मोर ,पहलवान संस्थापक चांद राम मोर पूर्व कबड्डी कप्तान, प्रधान धर्मवीर मोर, नवीन मोर के पिता राम कुमार मोर, पूर्व सरपंच संजय मोर, सरपंच प्रतिनिधि प्रियवर्त भंभल मोर, सतबीर सत्ता ,सुरेश मास्टर, सुरेश मिस्त्री, कोच मीना मोर , नवीन मोर की माता बिरमती देवी, दीपिका के पिता पवन मोर, दीपिका की माता सुदेश कुमारी,देवेंद्र पंच, महावीर,कपिल बधवार,कुलदीप मलिक, पहलवान अजीत मलिक,जगपाल पहलवान,सुमित पंडित, कोच दलबीर,अन्तर्राष्ट्रीय पहलवान बबलू, देवेन्द्र फौजी मौजूद थे। पहलवान नवीन मोर ने बताया कि जो बच्चा जीत कर आता है, उसका होंसला बढ़ता है और नए बच्चो को आगे बढ़ने की प्ररेणा मिलती हैं।

### आशादीप पब्लिक स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**गन्नौर।** आशादीप पब्लिक स्कूल पुगथला का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल के निदेशक तेजवीर कादियान ने मेधावी छात्रों को बधाई दी। कादियान ने बताया कि निखिल ने 500 में से 476 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान, छात्रा स्नेहा ने 500 में से 472 अंक लेकर दूसरा स्थान, छात्र लक्ष्य ने 500 में से 465 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि स्कूल के 35 छात्रों में से 21 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट सूची में नाम प्राप्त किया। स्कूल की मैनेजर संगीता कादियान ने छात्रों व शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा स्कूल के प्रधानाचार्य पवन गुलिया, कोऑर्डिनेटर सतीश रंगा, शिक्षक सोनू मलिक, रिंकू आदि शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी।

### चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल खीजरपुर अहीर का दसवीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल खीजरपुर अहीर की छात्राओं ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में हर वर्ष की तरह अपनी सफलता का परचम लहराया। स्कूल के प्रधानाचार्य अजय यादव ने बताया कि दसवीं कक्षा में 39 बच्चों ने परीक्षा दी। जिनमें से 12 बच्चों ने मैरिट सूची में अपना नाम शामिल किया। उन्होंने बताया कि छात्रा हिमांशी, मांशी, खुशी, मानसी, विनोद, प्रियंका, प्रेम ,अंशु, तनिषा, स्नेहा, सुमित, प्रिंस,शिवानी ने मेरिट में स्थान बनाकर अपने माता पिता और स्कूल का नाम रौशन किया है। यादव ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षक पिंकी शर्मा, कंवल सिंह, कुमुद दुबे, नवीन धनकर, साहिल आदि ने बधाई दी।

### हिंदी भाषण प्रतियोगिता में नैतिक पहल व आयरन ने बाजी मारी

**गन्नौर।** गन्नौर जीटी रोड स्थित हैप्पी चाईल्ड इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें कक्षा पांचवी से आठवीं के छात्रों ने जल के महत्व, समय का सदुपयोग, शिक्षा की महत्ता, देशभक्ति आदि विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में नैतिक पहल और आयरन ने प्रथम, सैलरी उदित और सानिध्य ने द्वितीय व विनीत और मन्नत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उषा मलिक ने विजेता छात्रों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को स्कूल के प्रबंधक संजय नागपाल व सुनील नागपाल ने पुरस्कार वितरित किए।

## स्वामी चेतना स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

**गन्नौरः** स्वामी चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टेहा का भिवानी शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बहुत ही सराहनीय रहा है। स्कूल के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि छात्रा नेहा ने 500 में से 475 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम, तनु ने 500 में से 470 अंक प्राप्त कर दूसरा, तनुज नेगी ने 467 अंक प्राप्त तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा स्कूल के छात्र स्नेह ने 458, उज्जवल ने 456, शिवानी ने 444, वैष्णव ने 431 ,मुकुल ने 428, प्रतीक ने 417, इशांत ने 404 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

# अब फरीदाबाद की सड़के जगमगाएंगी तिरंगे से: केंद्रीय मंत्री गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने जब सत्ता संभाली है तो एक संकल्प लिया था कि हर विधानसभा क्षेत्र में समान विकास करवाएंगे। 9 वर्ष के कार्यकाल में सरकार ने बिना किसी भेदभाव के प्रदेश की हर विधानसभा में नई-नई परियोजनाओं की सौगात दी है और अब फरीदाबाद की सड़के तिरंगा रोशनी से जगमगाएंगी। भारत सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज बडखल चौक स्मार्ट सिटी की स्मार्ट रोड पर 17 लाख की लागत से बनी तिरंगा लेजर लाइट का शुभारम्भ किया।



केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर कहा कि भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे भारत देश में विकास कार्य तेज गति से है। आज बडखल चौक स्मार्ट सिटी के स्मार्ट रोड पर तिरंगा लेजर लाइट का शुभारंभ किया गया है। जब आप इस रोड पर चलेंगे तो आप को तिरंगा नजर आएगा। बडखल चौक से बाईपास रोड तक लेजर लाइट तिरंगे के रूप में नजर आएगी। इस रोड का नाम भी तिरंगा रोड रखा गया है। लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के लिए तिरंगा लेजर लाइट का आज शुभारंभ किया गया। पूरे शहर की सड़कों को आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में सुंदर बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

सड़कों पर एलईडी लाइट लगाई गई है। आगरा कैनाल, लड़कियों के स्कूल और कॉलेज, स्किल यूनिवर्सिटी और हाईवे इन सब के विकास कार्य बहुत तेजी से हो रहे हैं और फरीदाबाद की सुंदरता को भी बढ़ाया जा रहा है। सारे देश में जितनी भी स्मार्ट सिटी है सब में तेजी से विकास कार्य चल रहे हैं। पहले कोरोना महामारी की वजह से काम में कुछ देरी हुई थी लेकिन अब सभी विकास कार्यो ने तेजी पकड़ ली है। शहर के पार्क, बडखल झील का पुनर्निर्माण, नेशनल हाईवे और हर शहर की गली को एलईडी से चमकाया गया है और यह सारी चीजें पिछले 9 में हुई है। जैसे देश बदल रहा है वैसे ही फरीदाबाद बदल रहा है। फरीदाबाद की तस्वीर बदल रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़, निर्वतमान पार्षद सुभाष आहूजा,अजय बैंसला, डॉ कौशल बाटला, सत नारायण गर्ग सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# फरीदाबाद में कौशल गिरोह के सदस्य टेकचंद खेड़ी के घर एनआईए की छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** गांव खेड़ी कला में गैंगस्टर टेकचंद के घर का एनआईए की छापेमारी। टेकचंद कौशल गिरोह का बदमाश है। हरियाणा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता विकास चौधरी की हत्या में आया था नाम सामने। गैंगस्टर टेकचंद यूपी के रणदीप भाटी ग्रहों से भी जुड़ा हुआ है। उसके ऊपर दिल्ली एनसीआर में लूट, डकैती, हत्या, हत्या का प्रयास सहित 25 से अधिक मुकदमे दर्ज। विकास चौधरी की हत्या में नाम सामने आने के बाद साल 2020 में क्राइम ब्रांच ने टेकचंद को गिरफ्तार किया




था।

तब से जेल के अंदर ही आरोपित है। फिलहाल एनआईए की टीम आरोपित के गांव खेड़ी कला स्थित घर में मौजूद है। घर के बाहर फरीदाबाद पुलिस की टीम मौजूद है। चंद के घर में उसकी मां पत्नी का छोटा भाई भी मौजूद है।

एनआईए की टीम ने उन्हें भी घर के अंदर ही रोक कर रखा हुआ है। बाहर से किसी को घर के पास जाने की अनुमति नहीं है।

## लोन दिलाने के बहाने महिला को बनाया ठगी का शिकार

**गन्नौर।** निजी स्कूल में सफाई का काम करने वाली एक महिला को लोन दिलाने के बहाने उससे ठगी का मामला सामने आया है। महिला ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में गढ़ी झंझारा रोड वार्ड 4 की रहने वाली ममता ने बताया कि उसकी गली में एक मकान पर एक पोस्टर लगा हुआ था जिस पर लोन ही लोन लिखा हुआ था और पोस्टर पर मोबाइल नंबर भी दिया गया था। उसने मोबाइल नंबर को नोट कर लिया और इस बारे में अपने पति को बताया तो उन्होंने लोन लेकर गन्नौर में एक प्लाट लेने की योजना बनाई। इसके बाद ममता ने पोस्टर पर लिखे मोबाइल पर फोन मिलाया तो उस व्यक्ति ने अपना अनिल बताया।

# डीटीपी टीम ने तीन एकड़ में विकसित हो रही अवैध कालोनी में की तोड़फोड़



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल ।** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) की टीम ने मंगलवार को हुडा सेक्टर-एक के साथ लगभग तीन एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी में तोडफोड़ की और चारदीवारी तथा कच्चे रोड उखाड़ दिए । इस बारे में जिला नगर योजनाकार मन्दीप सिंह सिहाग ने बताया कि राजस्व सम्पदा नारनौल में कुछ लोगों द्वारा लगभग तीन एकड़ में महानिदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग चण्डीगढ़ से बिना लाइसेन्स अनुमति लिए अवैध कालोनी बनाई जा रही थी व रोड नेटवर्क बिछाए जा रहे थे। जिसे जिला प्रशासन की मदद से तोड़ दिया गया। इस कार्यवाही में पांच चार दीवारी, तीन डीपीसी व सभी कच्चे रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि नियन्त्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें तथा महानिदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग चंडीगढ़ से लाइसेन्स अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें, अन्यथा चूककर्ताओ के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। इसीलिए आम जन से बार-बार यही अपील की जाती है कि किसी भी अवैध कालोनी में कोई प्लाट प्रापर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। इसके अतिरिक्त कोई भी प्लाट खरीदने से पहले कालोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय, नारनौल से किसी भी कार्य दिवस में पता किया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि भविष्य में जिले में अन्य स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।

# हत्या कर शव नहर में फेंकने वाले चार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। हत्या** करके शव को खुर्द बुर्द करने की नियत से शव को नहर में फेंकने की घटना में संलिप्त चार आरोपित बुधवार को सीआईए -1 स्टाफ सोनीपत की टीम ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिए हैं। गिरफ्तार युवकों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-1 स्टाफ सोनीपत में नियुक्त एएसआई मंदीप ने अपनी पुलिस टीम के साथ घटना में संलिप्त चार आरोपितों प्रमोद निवासी कंवाली, सतीश निवासी हरसाना कलां, नवीन निवासी हरसाना कलां व नवीन निवासी भोवापुर को गिरफ्तार



किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उत्तर प्रदेश बुलंदशहर निवासी शिवकुमार की पत्नी सीमा ने 15 अप्रैल 2022 को ने थाना सदर सोनीपत में शिकायत दी थी कि उसके पास हिमांशु गांव हरसाना कलां के ठेके के पास ढाबा पर काम करने के लिए आया था लेकिन 06 अप्रैल 2022 को बिना किसी को कुछ बतलाये चला गया। उसका कोई सुराग नहीं लग रहा है। पुलिस ने गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी लेकिन मुदैया ने नवीन, सतीश, प्रदीप व नवीन पर हिमांशु की गुमशुदगी में हाथ होने का शक जताया था। अब 13 महीने के बाद सतीश व प्रमोद के साथ पुलिस ने सख्ताई से पूछताछ की तो सतीश व प्रमोद ने अपने साथियों के साथ मिलकर हिमांशु की हत्या करने का खुलासा किया है। उन्होंने कबूल किया है कि हिमांशु की हत्या करके उन्होंने शव को नहर में बहा दिया था। पुलिस इस मामले में पूछताछ कर रही है।

# स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाए: सुभाष चंद्रा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**

हरियाणा के टास्क फोर्स के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्रा ने कहा कि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। क्लीन फरीदाबाद ग्रीन फरीदाबाद बनाने की बैठक में टास्क फोर्स कमेटी के अधिकारी और गैर सरकारी सदस्यों की उपस्थिति में मंत्रणा की गई। सुभाष चन्द्रा ने कहा कि जिला स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन की गतिविधियों को मजबूत बनाने और अपने जिला के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को



स्वच्छ और सुंदर/ क्लीन और ग्रीन बनाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स सरकारी और कमेटी के अधिकारियों, सरकारी और गैर सरकारी सदस्यों की बैठक सदस्यों की को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छता की पहल को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार स्टेट टास्क फोर्स का गठन किया है। हम सबको मिलकर आपसी समन्वय के साथ इस मिशन को लेकर आयोजित बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि इस अभियान के बेहतर क्रियान्वयन को आगे लेकर जाना है। यही नहीं हम अपने साथ ही साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिशन से जोड ?ा है, तब कहीं जाकर हम बदलाव की स्थिति में आएंगे और हरियाणा को स्वच्छता के मामले आदर्श स्टेट बनाएंगे। स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद को स्वच्छ तथा सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता अभियान के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की पहली बैठक में विस्तार पूर्वक सुझाव भी साँझे किए गए। वहीं नवनियुक्त सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्यों की बैठक वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्रा की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय टास्क फोर्स (एसएलटीएफ) स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा को लेकर एमसीएफ कान्फ्रेंस हाल में बैठक की आयोजित की गई। जहां बैठक में स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि ठोस कचरा शैडो का सामूहिक सहयोग से सदुपयोग किया जाये। तरल कचरा प्रबंधन द्वारा गांवों को गंदे पानी से निजात मिल सके। गोबरधन बायोगैस प्लांट निर्माण कार्य पूर्ण होने पर गांव किरा के ग्रामीणों तथा गौशाला को सस्ती और सुविधाजनक गैस प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि अब स्वच्छ भारत मिशन द्वारा ओडीएफ प्लस गांव बनाए है। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी भी है। जिसमें सभी का सहयोग जरूरी है। इस कार्य के लिए अधिक से अधिक लोगों को जोड? का कार्य करें, ताकि यह मिशन जन आंदोलन बन सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हरियाणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में इस मिशन को काफी मजबूती मिली है। बैठक में सीईओ जिला परिषद डॉक्टर शुभेता ढाका ने फरीदाबाद जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में एक-एक करके बिन्दुवार सभी प्वाइंटों बारे बारीकी से जानकारी दी। वहीं ज्वाइंट कमिश्नर शिखा ने एमसीएफ द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत क्रियान्वित की जा रही विभिन्न गतिविधियों बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। एमसीएफ के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर प्रभात जोत ने सफाई कर्मचारियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी मूलभूत सुविधाओं और हैल्थ चैकअप प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन बारे जानकारी दी। बैठक से पूर्व प्रदेश टास्क फोर्स के वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने ओल्ड फरीदाबाद क्यूआरजी अस्पताल सेक्टर -16 में लाला लाजपत राय चौक पर प्रातः 6:00 बजे सफाई दाताओं को भी सम्मानित किया। जहां पर टास्क फोर्स के वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने महा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ उनके साथ सफाई अभियान चलाकर किया। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रभारी अल्फ संख्यक मोर्चा अशोक मौर्य, डीडीपीओ राकेश मोर और कार्यकारी अभियंता पंचायती राज गजेन्द्र सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही अन्य गतिविधियों बारे जानकारी दी।

# एक्शन इंडिया

ACTION INDIA

Fro- t Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 18 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417


**न्यूज फ्लैश**

## बिना ड्राइवर के चल रही कार, कार पर लिखा है भारत सरकार

**गाजियाबाद:** सोशल मीडिया के लिए नवयुवकों में रील बनाने का नशा सिर चढ़कर बोल रहा है। चाहे उससे किसी का नुकसान ही क्यों न हो जाये। लेकिन नौजवान इससे सबक लेने को तैयार नहीं हैं, जबकि पुलिस कई युवकों का चालान करके रोजाना सबक सिखा रही है। कुछ इस तरह का ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस का कहना है कि इस मामले की जांच की जा रही है। जो वीडियो सोशल मीडियापर वायरल हो रहा है, उसमें गाजियाबाद नंबर प्लेट की एक कार से एक रील बनाई गई है। जिसमें ड्राइवर चलती गाड़ी से उतर जाता है और गाड़ी चलती रहती है।वीडियो में दिख रहा है कि गाड़ी के ऊपर भारत सरकार लिखा हुआ है। वीडियो के मुताबिक एक युवक गाड़ी की स्पीड को कम कर उसे चलता हुआ छोड़कर उससे बाहर आ जाता है और दरवाजा बंद कर देता है और वह गाड़ी के साथ-साथ चलने लगता है। आगे मौजूद दूसरा शख्स गाड़ी और युवक दोनों का वीडियो बनाता है। कुल 12 सेकंड की यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। जिस गाड़ी से यह वीडियो बनाया गया है, उसके ऊपर 'भारत सरकार' लिखा हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो के बारे में लोगों ने गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस को ट्विटर पर टैग कर उनसे कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने कमेंट पर लिखा है की बिना ड्राइवर के चल रही है कार, हो सकता था कोई बड़ा हादसा।

## उत्तराखंड में 6 हजार कृषक मधुमक्खी पालन कर रहे हैं : जोशी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने शासकीय आवास में शहद उत्पादन के लिए स्थापित 10 बक्सों से 25 किलोग्राम शहद निकाला। इस दौरान मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में 6000 हजार कृषक मधुमक्खी पालन व्यवसायिक रूप से कर रहे हैं। इस दौरान कृषि मंत्री जोशी ने तकनीकी विशेषज्ञों से शहद उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि दो माह पूर्व लगाए गए 10 बक्सों से 40 किलोग्राम शहद और आज दूसरी बार 25 किग्रा मधुमक्खी का शहद निकाला गया।

कृषि मंत्री ने कहा उत्तराखंड में 6000 कृषक मधुमक्खी पालन व्यवसायिक रूप से कर रहे है, जिससे लगभग 1700 एमटी का उत्पादन हो रहा है। इसके अतिरिक्त कई कृषक छोटे स्केल पर भी मधुमक्खी पालन कर रहे हैं। कृषकों द्वारा मुख्यत: एपिसा और मेलिफेरा प्रजातियों से शहद का उत्पादन किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने बताया कि हमारी सरकार ने हर जिले में एक मधुग्राम और जनपद चम्पावत व देहरादून में दो मधुग्राम भी चयनित किये गये हैं। मधु मक्खी उत्पादन से कृषक अपने आय को बढ़ा सकते हैं। यह उन कृषकों के लिए अत्यधिक लाभदायक है, जिनके पास भूमि उपलब्ध नहीं है। मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में उत्पादित होने वाला शहद उच्च गुणवत्ता युक्त है। सरकार के विभिन्न प्रयासों के माध्यम से शहद उत्पादन के लिए किसानों को बेहतर सुविधाएं और प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि किसानों की आय दोगुनी हो उस दिशा में यह शहद उत्पादन से जुड़कर कृषक अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर उद्यान निदेशक डॉ एचएस बबेजा, संयुक्त निदेशक डॉ रतन कुमार, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ मीनाक्षी जोशी, अरुण कुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# 5जी तकनीक में स्किल्ड होंगे उप्र के युवा

## पांच जिलों से कोर्स की होगी शुरूआत, आठ माह में 1000 युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से






**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**योगी सर**कार उत्तर प्रदेश के युवाओं को नई और भविष्य की रोजगारपरक तकनीक में स्किल्ड बनाने के लिए नए-नए प्रोग्राम लेकर आ रही है। इसी क्रम में प्रदेश के युवाओं को 5जी तकनीक की ट्रेनिंग दिए जाने के कार्यक्रम पर कार्य किया जा रहा है। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रस्तावित इस प्रोग्राम के जरिए युवाओं को न सिर्फ ट्रेंड किया जाएगा, बल्कि उनके रोजगार की भी व्यवस्था की जाएगी। दरअसल 5जी टेक्नोलॉजी को भविष्य की टेक्नोलॉजी माना जा रहा है। प्रदेश सरकार का मानना है कि भविष्य में टेलीकॉम सेक्टर में 5जी तकनीक में ट्रेंड युवाओं की बड़े पैमाने पर जरूरत पड़ेगी। 5जी तकनीक हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और सेवाओं के पूरे टेलीकॉम इकोसिस्टम को बदल देगी, जो आईओटी, एम2एम कम्युनिकेशन और एज कंप्यूटिंग जैसी अन्य भविष्य की टेक्नोलॉजी के एग्जिक्यूशन के लिए महत्वपूर्ण होगी। योगी सरकार भविष्य की इसी जरूरत की पूर्ति के लिए अभी से एक्टिव हो गई है और प्रदेश के युवाओं को 5जी में सक्षम बनाकर उनके रोजगार का प्रबंध करने का प्रयास कर रही है।

**पांच जिलों में जल्द हो सकती है शुरूआत:** प्रदेश के युवाओं को 5जी में सक्षम बनाने से संबंधित इस प्रोग्राम का उद्देश्य अभ्यर्थियों को ट्रेंड करने के साथ-साथ 5जी टेक्नोलॉजी से संबंधित जॉब रोल्स में जगह (रोजगार) दिलाना भी है। प्रस्तावित लक्ष्य के अनुसार, इस कार्यक्रम के अंतर्गत 8 माह में 1000 या इससे अधिक अभ्यर्थियों को ट्रेंड और जॉब दिलाना है। संभावना है कि लखनऊ, कानपुर, गौतमबुद्धनगर, मुरादाबाद, आगरा, गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज में से किन्हीं पांच जिलों में इस प्रोग्राम की शुरूआत जल्द की जा सकती है।

**तीन कोर्सेज पर 2.8 करोड़ से अधिक खर्च का अनुमान:** प्रस्ताव के अनुसार, इस कार्यक्रम के तहत तीन कोर्सेज का संचालन किया जा सकता है। इसमें पहला टेलीकॉम रिगर-5जी और लीगेसी नेटवर्क्स, दूसरा टेक्नीशियन 5जी-एक्टिव नेटवर्क इंस्टॉलेशन और तीसरा प्रोजेक्ट इंजीनियर-5जी नेटवर्क्स है। इन तीनों कोर्सेज पर कुल 2.8 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च होने का अनुमान है। टेलीकॉम रिगर-5जी एंड लीगेसी नेटवर्क्स के तहत 450 घंटे 360 अभ्यर्थियों को स्किल्ड बनाया जाएगा। इसमें प्रत्येक अभ्यर्थी पर 22 हजार से ज्यादा राशि खर्च होगी और कुल करीब 80 लाख रुपए का खर्च आएगा। इसी तरह टेक्नीशियन 5जी का कोर्स 570 घंटे संचालित होगा, जिसमें 360 अभ्यर्थियों पर कुल एक करोड़ से अधिक राशि खर्च होगी। इसी तरह प्रोजेक्ट इंजीनियर के लिए 660 घंटे का कोर्स प्रस्तावित है।

### पांच चरणों में कंप्लीट होगी इंप्लीमेंट स्ट्रेटजी

**राज्य** सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि इस पूरे कार्यक्रम को इंप्लीमेंट किए जाने के लिए भी स्ट्रेटजी तैयार की गई है। इसके तहत 5 चरणों में ट्रेनिंग से लेकर रोजगार प्रदान करने तक का पूरी योजना साझा की गई है। सबसे पहले कोर्सेज के लिए युवाओं को आकर्षित किया जाएगा। इसके बाद युवाओं की प्री और पोस्ट इनरोलमेंट काउंसलिंग की जाएगी। इसके बाद उनकी मॉनीटरिंग और इवैल्यूएशन किया जाएगा। चौथे चरण में युवाओं को प्लेसमेंट सपोर्ट प्रदान किया जाएगा, जबकि पांचवें और अंतिम चरण में युवाओं की मेंटरिंग के साथ-साथ सपोर्ट फीडबैक की सुविधा प्रदान की जाएगी।

## हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

बेगूसराय। बेगूसराय न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पंचम) आनंद कुमार सिंह ने आज हत्या मामले की सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धबौली निवासी राजा बाबू सिंह, इंद्रदेव महतो एवं चुनचुन सिंह को हत्या में दोषी पाकर भारतीय दंड विधान की धारा-302 एवं 34 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही 25 हजार अर्थदंड की भी सजा सुनाई गई है। राजा बाबू सिंह को आजीवन कारावास के अलावा आर्म्स एक्ट की धारा-27 में दोषी पाकर तीन साल सश्रम कारावास एवं पांच हजार अर्थदंड की भी सजा सुनाई गई। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक रामप्रकाश यादव ने पांच गवाहों की गवाही कराई। जिसमें मामला सत्य पाया गया। तीनों पर लक्ष्मीपुर धबौली निवासी सूचक जय प्रकाश राय ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि 24 जनवरी 2018 की शाम अपने तीन वर्षीय पोता सिद्धार्थ कुमार के साथ सरस्वती पूजा का मूर्ति विसर्जन देखने गए थे।

## मणिपुर हिंसा: राज्य की हिंसा अब काबू में



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट में आज मणिपुर हिंसा मामले पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने बताया कि हिंसा काबू में आ चुकी है। हाई कोर्ट ने मैतई समुदाय को जनजाति (एसटी) का दर्जा देने का आदेश दिया था, उसके लिए भी राज्य सरकार को हाई कोर्ट ने एक साल का समय दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आगाह किया कि सरकार से जुड़े लोग किसी समुदाय के खिलाफ बयान न दें। मामले की अगली सुनवाई जुलाई में होगी। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई है। पेट्रोलिंग हो रही है, परिवहन को लेकर भी कदम उठाए गए हैं। 46 हजार से ज्यादा लोगों को मदद दी गई है। पीड़ितों को मुआवजा दिया जा रहा है। सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त किए गए हैं। तीन करोड़ रुपये की आकस्मिक निधि को मंजूरी दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि हाई कोर्ट में क्या हुआ। तब मेहता ने कहा कि कोर्ट का आदेश लागू करने के लिए एक साल का समय मांगा था। हाई कोर्ट ने आदेश को लागू करने के लिए समय दिया है। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा हम हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की सोच रहे हैं। किसी ने हाई कोर्ट के सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ क्या डिवीजन बेंच में याचिका दाखिल की है। तब कोर्ट को बताया गया कि ट्राइबल फोरम और दूसरे याचिकाकताओं ने सिंगल बेंच के खिलाफ डिवीजन बेंच में अपील की है। डिवीजन बेंच 15 मई को नोटिस जारी कर चुकी है।

**याचिका दाखिल की**

**सुप्रीम कोर्ट ने आगाह किया कि सरकार से जुड़े लोग किसी समुदाय के खिलाफ बयान न दें**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से ऋषिकेश में 1480.76 लाख से ट्रांजिट कैंप, परिसर ऋषिकेश में 474 लाख की लागत से आंतरिक रोड और सरफेस पार्किंग के साथ यात्रियों के लिए रजिस्ट्रेशन ऑफिस कम ट्रांजिट कैंप निर्माण परियोजना का उद्घाटन किया।

## एनएचआरसी का तमिलनाडु सरकार को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में स्थित एक गांव में नवनिर्मित सेप्टिक टैंक पर कार्य के दौरान जहरीली गैसीय वातावरण में सांस लेने से तीन श्रमिकों की मृत्यु पर हुई मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लिया है। घटना 13 मई को हुई थी।

एनएचआरसी ने बुधवार को मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, तमिलनाडु सरकार और कुड्डालोर जिले के स्थानीय नगर पालिका आयुक्त को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में यांत्रिक उपकरण और सावधानियों के अभाव में खतरनाक सीवेज सफाई संबंधी कार्य को रोकने के लिए राज्य सरकार की ओर से पूर्व में उठाए गए या आगे किए जाने वाले उपायों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

**संज्ञान लिया**

**जहरीली गैसीय वातावरण में सांस लेने से तीन श्रमिकों की मृत्यु पर हुई मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लिया है**

## गौकशी करने वालों पर लगे रासुका: रस्तोगी

**हरिद्वार:** वैदिक गौशाला लक्सर के राजेश रस्तोगी ने मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से पत्र प्रेषित कर गौकशी करने वालों के खिलाफ रासुका में कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पत्र में राजेश रस्तोगी ने कहा कि पुलिस की सख्ती के बावजूद प्रदेश के बाहरी इलाकों से अपराधी उत्तराखंड खासकर हरिद्वार जनपद में आकर गौकशी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के बुग्गवाला व रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में गौकशी करने वालों के साथ पुलिस को दो बार मुठभेड़ हो चुकी है।

## 'युवाओं का मनोबल तोड़ रही है भाजपा सरकार'



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**उत्तराखंड के** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने एनसीटीई के निर्णय और सरकार की व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा है कि परीक्षा दर परीक्षा देकर थके नौजवानों का मन मत तोड़िए। एक ट्वीट के माध्यम से हरीश रावत ने बुधवार को कहा कि हाई कोर्ट ने एलटी संवर्ग के कला विषय के 246 पदों में नियुक्तियों की प्रक्रिया को निरस्त कर दिया, क्यों? इसलिए निरस्त कर दिया एनसीटीई ने एलटी संवर्ग के लिए नियुक्ति के लिए बीएड होना अनिवार्य किया था और राज्य सरकार ने अपने स्तर पर इस नियम को संशोधित कर बीएड की योग्यता को हटा दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे इस ट्वीट में लिखा है कि आप और हम सब जानते हैं कि एनसीटीई एक स्वायत्त संस्था है, केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करती है, वहां यदि कोई भी संशोधन होना है योग्यता आदि को लेकर तो वह केवल केंद्र सरकार ही कर सकती है। आप नियुक्तियां कर रहे हैं एनसीटीई के विनियम के अनुसार और उसमें निर्धारित योग्यता को आप अपने स्तर पर हटा दे रहे हैं, तो हुआ वही जो होना चाहिए था। मुझे घोर आश्चर्य है कि राज्य सरकार के विभिन्न विभाग जिन्होंने इस संशोधन को अनुमोदित किया होगा।






**हत्याकांड** 2009 में दर्ज हुआ था मुकदमा, गाजीपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला

# हत्या के प्रयास के केस में मुख्तार अंसारी दोष मुक्त



**टीम एक्शन इंडिया/गाजीपुर**
**गाजीपुर** कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को हत्या के प्रयास के मुकदमे में दोष मुक्त करार दिया है। इस फैसले के बाद मुख्तार अंसारी को बड़ी राहत मिली है। मुख्तार अंसारी के खिलाफ साल 2009 में हत्या के प्रयास का केस दर्ज हुआ था। ये केस मुहम्मदाबाद कोतवाली में 120B के तहत धारा-307 में दर्ज हुआ था। करंडा के सबुआ के रहने वाले कपिलदेव सिंह हत्याकांड और मुहम्मदाबाद के मीर हसन की हत्या के प्रयास के मामले में मुख्तार अंसारी को आरोपी बनाया गया था। इन दोनों केस को गैंग चार्ट में शामिल किया गया था। इसके आधार पर मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था।

**मुख्तार का अभी जेल से निकलना संभव नहीं:** एमपी-एमएलए कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश दुर्गेश की अदालत में मुख्तार अंसारी के खिलाफ इस मामले में बहस पूरी कर ली गई थी। 17 मई को फैसले के लिए तारीख निर्धारित की गई थी। हालांकि फैसले के बाद भी मुख्तार का अभी जेल से निकलना संभव नहीं होगा। वहीं करंडा थाने में दर्ज एक गैंगेस्टर मामले में अगली तारीख 20 मई की रखी गई है। 2009 में दर्ज हुआ था मीर हसन केस साल 2009 में हुए मीर हसन के स में मुख्तार के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट में केस चल रहा था। मामले में आरोपित की ओर से लिखित बहस पेश की गई। इस पर मौखिक बहस 6 मई को हुई।